




सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-89 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 05 सितम्बर 2023

18 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com


# घोसी विधानसभा उपचुनाव मतदान आज

**क्षेत्र**

- 2024 से पहले घोसी उपचुनाव पर सबकी है नजर
- आज सुबह सात बजे से 455 बूथों पर मतदान

**मऊ।** घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव पर पूरे देश की नजर टिकी हुई है। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा। 239 मतदान केंद्रों पर 455 बूथ बनाए गए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट भवन से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। घोसी उपचुनाव भाजपा और समाजवादी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव बन गया है। इस मुकाबले को एनडीएम बनाम इंडिया गठबंधन की लड़ाई के तौर पर देखा जा रहा है। मतदान से एक दिन पहले दोनों दलों ने चुनाव आयोग में एक दूसरे पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। सपा ने भी भाजपा पर प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप मढ़ा है। उधर प्रशासन ने निष्पक्ष चुनाव कराने की बात कहते हुए कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

**कक्षा एक से आठवीं तक स्कूल बंदः** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि मतदान को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। बताया कि जनपद में संचालित कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों/समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यदि किसी विद्यालय में मतदान दिवस को पठन-पाठन आदि गतिविधियों का संचालन किया जाता है, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने चुनाव को लेकर मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। ऐसे में विधान सभा घोसी निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी कारखाने, दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव ने बताया कि घोसी चुनाव से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कंट्रोल रूम बनाया गया है। बताया कि टेलीफोन नंबर 0547-2990901, 0547-2221565, 0547-2224117 और 0547-2970160 पर निर्वाचन संबंधित सूचनाएं और शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।



## दो जोनल और 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

मऊ जिले की घोसी विधानसभा में पांच सितंबर यानी मंगलवार को मतदान है। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसके लिए पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 2 जोन और 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। साथ ही दो जोनल और 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मतदान कराने के लिए 591 कंट्रोल यूनिट, 591 बैलेट यूनिट और 630 वीवी पैट की व्यवस्था की गई है। इनमें से 455 ईवीएम और वीवी पैट बूथों के लिए हैं। प्रत्येक जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास दो-दो ईवीएम एवं वीवी पैट का सेट रहेगा, जबकि शेष रिजर्व में रहेंगी। मतदान में 2002 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में चार कार्मिक शामिल किए गए हैं।

## इंडिया की अगली बैठक भोपाल में

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की अगली बैठक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अक्टूबर की शुरुआत में हो सकती है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं की पहली संयुक्त सार्वजनिक रैली के बाद यह बैठक होनी है। प्रदेश में दो महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। अगली बैठक आयोजित करने के विकल्प पर मुंबई में विपक्षी दलों की हाल ही में हुई बैठक में चर्चा की गई थी।

# टीचर्स डे पर दो लाख शिक्षकों बड़ी सौगात देंगे योगी

- 94 शिक्षकों का होगा सम्मान
- 18 हजार स्कूलों में बनाई जाएगी स्मार्ट क्लास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को 2.09 लाख शिक्षकों को टैबलेट की सौगात देंगे। वह परिषदीय स्कूलों में टैबलेट वितरण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

शिक्षक दिवस पर लोक भवन में आयोजित होने वाले समारोह में वह 18,381 स्कूलों में स्मार्ट क्लास और सभी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) लैब बनाने की योजना



का भी शिलान्यास करेंगे। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि मंगलवार को परिषदीय स्कूलों के 75 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रत्येक जिले से एक-एक उत्कृष्ट शिक्षक का इसके लिए चयन किया गया है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा 19 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों को सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए पहले ही पत्र भेजा जा चुका है। मालूम हो कि परिषदीय स्कूलों में 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल कर दिया गया है। ऐसे में 2.09 लाख शिक्षकों को विभिन्न स्कूलों में टैबलेट देने से ऑनलाइन सूचनाएं प्राप्त करना आसान होगा। रियल टाइम डाटा उपलब्ध हो सकेगा।

## राहुलयान की न लॉन्चिंग हो पाई, न लैंडिंगः राजनाथ सिंह

**रामदेवरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- चंद्रयान की लॉन्चिंग और



लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक पर है। राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। सीएम गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सेलरेटर कोई और दबा रहा है। राजनाथ सोमवार को रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। 5-5 परमाणु परीक्षण इसी भूमि पर हुए हैं। यह भूमि कई मायनों में गौरव बढ़ाने वाली है। 1998 में भारत ने जो छलांग परमाणु परीक्षण कर लगाई थी। उसी तरह की छलांग 23 अगस्त को चंद्रयान-3 ने चांद पर उतरकर लगाई है। भारत चांद पर तो पहुंच गया है। अब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हम आदित्य-रु1 से सूर्य की तरफ जा रहे हैं।







## पाकिस्तान जिंदाबाद नारा लगाने के लिए माफी मांगे अकबर लोनः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** 2018 को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता मोहम्मद अकबर लोन ने कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया था। इस बड़े विवाद के पांच साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मोहम्मद अकबर लोन से भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेने और देश की संप्रभुता को स्वीकार करने के लिए एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाले मुख्य याचिकाकर्ता लोन मंगलवार तक हलफनामा दाखिल करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ को इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ वकील ने कहा कि अगर लोन पीठ द्वारा मांगे गए हलफनामे को दाखिल नहीं करते हैं तो वह उनका प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। लोन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अपनी दलील पेश की और कहा, वह लोकसभा के सांसद हैं। वह भारत के नागरिक हैं और उन्होंने संविधान द्वारा अपने पद की शपथ ली है।


## ज्ञानवापी सर्वे के लिए और समय मांगने पर मुस्लिम पक्ष ने जताई आपत्ति

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर का सर्वे पूरा करने और रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगने के एएसआई के प्रार्थना पत्र पर मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने विरोध किया है। सोमवार को जिला जज की अदालत में मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल कर कहा कि जो हलफनामा कोर्ट में दिया है उसके विपरित सर्वे किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जीपीआर तकनीक से सर्वे की अनुमति है लेकिन ज्ञानवापी परिसर में जगह-जगह खोदाई की जा रही है। मलबे को ट्रक से हटाया जा रहा है। एएसआई टीम द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सर्वे के लिए और समय नहीं देकर न्याय किया जाए। इस पर जिला जज की अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 8 सितंबर की तिथि तय की। इसी दिन ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मूल वाद में लंबित अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई होनी है। फिलहाल, सर्वे जारी है।







# सावन माह और मोहर्रम त्योहार सकुशल निपट जाने पर बैठक करके दिया धन्यवाद

- आने वाले पर्वों पर भी इसी तरह सहयोग की अपील की



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली में सावन माह और मोहर्रम त्योहार सकुशल निपट जाने पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा, प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह व कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर ने मीडिया सहित अन्य प्रबुद्ध जनों की बैठक करके आपसी भाई चारे के साथ दोनो त्यौहारो को निपट जाने पर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया, तथा उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक ने संयुक्त रूप से आने वाले चेहलम, जन्माष्टमी पर्वों पर भी इसी तरह सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण सहयोग मोहम्मदी की मीडिया सहित अन्य सभी वर्गों के प्रबुद्ध जनो का मिला है और भविष्य में भी सकारात्मक रूप से पुलिस और प्रशासन को मिलने की उम्मीद है। हम और आप एक दूसरे के पूरक है, सभी त्यौहार आप ही भाईचारे के साथ मनाए। युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की इस पहल का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया तथा चेहलुम के बारे मे भी अवगत कराया। बैठक में प्रमुख रूप से पेशे इमाम असजद सिद्दीकी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवम राठौर, लोक भारती के संयोजक अतुल रस्तोगी, आकाश सैनी, शादाब खां, शहवाज सिद्दीकी, इमरान मंसूरी, इन्तेजार खां, शावेज खां मुन्ना, मनोज गुप्ता, दिनेश सोमवंशी सहित काफी लोग मौजूद रह।

## छह को खीरी आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

**लखीमपुर खीरी।** आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 06 सितंबर को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 02 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी।आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वंय मौजूद रहेंगे।

# मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** हापुड़ कांड के विरोध में,बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आहूत तीन दिवसीय हड़ताल के प्रथम दिवस,आज सिविल बार एसोसिएशन मोहम्मदी खीरी ने शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोहम्मदी को सौंपा! ज्ञापन में मांग की गई है कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, दोषी पुलिसकर्मी जिन्होंने बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया है ,महिला अधिवक्ताओं को भी नहीं छोड़ा है उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए, प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे स्पंज किए जाएं , एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तत्काल लागू किया जाए, हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को तत्काल मुआवजा दिया जाए! इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओ पी अर्कवंशी, महामंत्री कमल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विवेक कुमार शुक्ला, इंदु शेखर मिश्रा, हरविंदर सिंह,रामवीर, त्रिदीप त्रिवेदी, अमित कुमार भार्गव, अनूप मिश्रा, सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे!

# बुखार का प्रकोप, एक बालिका और युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बुखार का प्रकोप अब जानलेवा होने लगा है पसगवां की एक बालिका और युवक की मौत हो गई। अमीनगर क्षेत्र के एक युवक की भी बुखार से जान चली गई। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग न तो शिविर लगाकर दवाएं बांट रहा और पंचायतीराज विभाग गांवों में सफाई करा रहा है। पसगवां सीएचसी पर जांच की व्यवस्था भी नहीं है पसगवां सीएचसी क्षेत्र के गांव नयागांवजाट निवासी अंजू देवी ने बताया कि 32 वर्षीय पति विनीत कुमार को करीब चार दिन से सर्दी लगकर बुखार आ रहा था। शनिवार को अचानक बुखार तेज होने पर शाहजहांपुर लेकर जा रहे थे, मगर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई गांव निवासी नन्हेलाल ने बताया कि 11 साल पुत्री प्रीति की भी बुखार आया और फिर उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अरुण कुमार की मां राजकली, पुत्री पायल, पुत्र नैतिक, सहित रितिक, शीतल, सुमन लता सहित करीब 50 लोग बुखार पीड़ित हैं। प्रधान प्रतिनिधि छविनाथ ने बताया कि ग्राम पंचायत नयागांव जाट सहित मजरा बरौरा ,फतियापुर, लोदियापुर में करीब 100 से अधिक लोग बुखार की आंच में तप रहे हैं अमीरनगर की पीएचसी कुंभी के गरदहा गांव में भी वायरल बुखार का प्रकोप है। गांव निवासी 35 वर्षीय फरमान खां की शनिवार रात मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि फरमान खां पटियाला में काम करता था, जिसे करीब एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। बुखार से राहत न मिलने पर फरमान शनिवार सुबह गांव स्थित अपने घर आ गया था। रविवार को गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर लक्षण के आधार पर 17 लोगों की मलेरिया जांच की और 113 बुखार रोगियों को दवाएं दीं।

## 17 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अल्फासेफ बरामद कर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा 17 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अल्फासेफ बरामद करके अभियुक्त सारुख पुत्र मो0 जाहिद निवासी कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में मु0अ0सं0 430/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# ग्राम जेठरा में आज लगेगी चकबंदी की विशेष ग्राम अदालत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** चकबंदी ग्राम से सम्बन्धित निगरानी अपील,आपत्तियों का स्थल पर ही निस्तारण कर ग्राम के कृषकों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से 05 सितंबर को तहसील धौरहरा, परगना फिरोजाबाद ग्राम जेठरा में विशेष ग्राम अदालत (चकबन्दी) का आयोजन होगा। बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर ने बताया कि उप्र के चकबन्दी आयुक्त से प्राप्त निर्देशों एवम् डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनुमति के अनुपालन में 05 सितंबर को ग्राम जेठरा, तहसील धौरहरा में विशेष ग्राम अदालत (चकबन्दी) का आयोजन होगा, जिससे ग्राम से सम्बन्धित निगरानी अपील, आपत्तियों का स्थल पर ही निस्तारण कर ग्राम के कृषकों को त्वरित न्याय प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। चकबंदी की विशेष ग्राम अदालत में अभियान स्तर पर वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम अदालत में जो आदेश पारित होगा।उसका तत्काल अनुपालन अभिलेख पर भी कराया जाएगा, ताकि कृषकों में इसके प्रति उत्साह उत्पन्न हो।

# संक्षिप्त समाचार

## संपत्ति बंटवारे को लेकर पिता व भाई को किया घायल



**सीतापुर।** महोली कोतवाली की बड़ागांव चौकी क्षेत्र के ग्राम पिपरवा निवासी राम अवतार पुत्र राम भरोसे और उसके छोटे पुत्र विकास को उसके सगे भाई सर्वेश ने जमीनी विवाद को लेकर जमकर पीटा। सर्वेश ने भाई व पिता पर हमला करके उन्हें जख्मी कर दिया। बताया जाता है की सर्वेश को उसके पिता ने मकान और अपनी जमीन में हिस्सा नहीं दिया था। जिसको लेकर वह आए दिन मांग करता था। सोमवार दोपहर में उसने फिर अपने पिता से अपनी मांग को दोहराया। इसी पर विवाद हो गया। जिसमें सर्वेश ने पिता राम अवतार और भाई विकास को पिटाई कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में महोली कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी परीक्षण व ईलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मेले का शुभारंभ 7 सितंबर को



**सीतापुर।** महोली नगर के गुजिया लाइन रोड पर लगने वाले श्री कृष्णा जन्माष्टमी मेले का शुभारंभ 7 सितंबर को होगा। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी करेंगे। इसी के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। दूरदराज के दुकानदार यहां मेला ग्राउंड पर आ गए हैं और अपनी दुकानें सजाने भी लगे हैं। अभी तक नगर पंचायत द्वारा यह लगे कूड़े के ढेर और झाड़ियां की सफाई तक नहीं हो कराई है। मंगलवार तक अधिकांश दुकानदार अपनी दुकान सजा लेंगे। उन्हें रात में यही ठहरना है। दुकानदार गंदगी से परेशान हैं। उन्होंने जिम्मेदारों से इस तरफ ध्यान देने को कहा है।

## टक्कर के बाद पलटी पिकअप



**सीतापुर।** महोली कोतवाली इलाके में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रिछाई चौकी क्षेत्र में हेमपुर और रिछाई के मध्य अचानक ओवर ब्रिज के पास प्रतिबंधित मांस से भरी पिकअप दूसरे वहन से टकरा गई। जिसके चलते पिकअप में भरा मांस हाईवे पर इधर-उधर बिखर गया। पिकअप से गिर रहे मांस को देखकर वहां से निकल रहे राहगीरों के होश उड़ गए। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के लोग इस वाहन में लोड मांस को गोमांस बता रहे हैं। हादसे के बाद चालक समेत वाहन में सवार अन्य लोग फरार हैं। पुलिस का कहना है कि इस तरह से मांस ले जाना वैसे भी गलत है। मांस किस पशु का है, इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार



**सीतापुर।** महोली कोतवाली पुलिस टीम ने क्षेत्र के ग्राम सिघौंड़ा के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने अभिषेक सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी सिंघौड़ा को गिर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किया है। इधर मानपुर थाना पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ अशरफपुत्र हासिद निवासी कटिया थाना मानपुर को गिरफ्तार किया है। तालगांव थाना पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ राहुल कुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीराम निवासी फत्तेमलपुरवा थाना मोहम्मद खाला जिला बाराबंकी को गिरफ्तार किया है। संदना थाना पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ राकेश पुत्र श्रीराम निवासी डालपुर थाना संदना को गिरफ्तार किया है। मछरेहटा थाना पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ मनोज पुत्र महावीर निवासी ग्राम मुंशी पुरवा थाना रामपुर कलां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया है।

## शिक्षक दिवस पर जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को दी शुभकामनाएं

**रायबरेली।** डीएम ने शिक्षक दिवस पर जनपद वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो कि अपने प्रकाश से पूरे समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाता है। उसके दिखाए हुए मार्ग पर ही चलकर विद्यार्थी समाज और देश को एक नई दशा और दिशा देता हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है जो कि देश के दूसरे राष्ट्रपति श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षको की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी बनती हैं कि वे बच्चों में शिक्षा की नींव को बहुत ही मजबूती के साथ रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर की उत्सुकता को हमें कभी खत्म की नहीं करनी चाहिए। शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति लगन को बनाए रखना चाहिए। प्राइमरी के शिक्षकों को बच्चों को सही और गलत की पहचान जरूर करानी चाहिए। उन्हें बच्चों की समस्या को अलग से हल करने की कोशिश करनी चाहिए। हमें बच्चों को उनकी क्षमता के हिसाब से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि जब भी प्रशासनिक अधिकारी किसी गांव में निरीक्षण करने के लिए जाएं तो बच्चे उनसे अपनी समस्याओं के संबंध में चर्चा अवश्य करें। बच्चों के अंदर की झिझक को अगर कोई दूर कर सकता है तो वे सिर्फ शिक्षक ही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सदैव ही ज्ञान की रोशनी फैलानी चाहिए। हमें शिक्षा को नौकरी समझकर नहीं बल्कि सेवा के रूप में लेना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें अपने माता-पिता का सदैव ऋणी रहना चाहिए क्योंकि हमारे पहले शिक्षक वही होते हैं।

# सड़कों पर उतर आए महाराजगंज तहसील के अधिवक्ता

- आक्रोशित अधिवक्ताओं ने हापुड़ प्रशासन के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे
- मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज, रायबरेली।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर महाराजगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर सड़कों पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि हापुड़ जिला न्यायालय मेंअधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता आंदोलित है इसी क्रम में महाराजगंज के अधिवक्ता भी लगातार अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं महाराजगंज बार एसोसिएशन एवं तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से हापुड़ जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और तीन सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित उप जिलाधिकारी महाराजगंज को सौंपा और कार्रवाई की मांग किया अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस द्वारा हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज में जो कमेटी गठित की गई है वह अधिवक्ताओं को मान्य नहीं है शासन द्वारा जांच कमेटी पुनः गठित की जाए जिसमें न्यायिक अधिकारी बार काउंसिल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और दो अन्य अधिकारी जो पुलिस विभाग से संबंधित ना हो आंदोलन के दौरान अधिवक्ताओं पर फर्जी दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं।और अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पूरे प्रदेश में शासन द्वारा लागू किया जाए अधिवक्ताओं ने तीन दिन के लिए प्रस्ताव पारित कर कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया प्रस्ताव की प्रति सभी न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है। जिससे न्यायालय में कोई कामकाज नहीं हो सका है ।वादकारी सामान्य तिथियां लेकर वापस लौट गए। इस दौरान महाराजगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी पूर्व महामंत्री ज्योति प्रकाश अवस्थी पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव युवा अधिवक्ता सर्वेश कुमार अवस्थी अमित कुमार श्रीवास्तव सरोज गौतम राधेश्याम मनीष तिवारी अमित शुक्ला सत्य प्रकाश मिश्रा सुनील द्विवेदी तहसील बार एसोसिएशन एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष कुमार हरदेव शुक्ला नागेंद्र सिंह बलवंत प्रसाद सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एनसीपी ने की बैठक, संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी की बैठक प्रदेश कार्यालय लखनऊ में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता व उत्तर प्रदेश प्रभारी नसीम सिद्दीकी रहे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व एमएलसी राष्ट्रीय चेयरमैन अल्पसंख्यक सिराज मेहंदी रहे। जनपद सीतापुर से एनसीपी जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में काफी कार्यकर्ता लखनऊ कार्यालय पहुंचे। बैठक में पार्टी की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गई। आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में बताया गया कि हम उन सीटों पर चुनाव लडेंगे, जिस सीट पर आप लोग अपनी तैयारी करेंगे। जिसका गठबंधन में पहले विचार किया जायेगा और पहले पार्टी द्वारा कमेटी जाकर श्रेत्र का गोपनीय भ्रमण करके अपनी रिपोर्ट देगी।

# विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत तहसील सदर के ग्राम कोर्रिया के मिनी सचिवालय, हरदोई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं को बताया कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे सुबह उठकर व्यायाम अवश्य करें तथा माताएं अपने शिशुओ को जन्म से 06 माह तक अपना ही दूध पिलाये जिससे बच्चे बीमारी से बच सके तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय मे विस्तृत रूप से जानकारी दी व बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन 09 सितंबर को किया जा रहा उसमे आप अपने मुकदमे का निस्तारण सुलह-समझौते के माध्यम से करा सकते है।

## सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी गयी



**हरदोई।** कार्यालय जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस हरदोई में मनोज कुमार जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड्स हरदोई द्वारा सेवा निवृत्त अवै0 कम्पनी कमाण्डर राम सागर यादव एवं मुनीर अली तथा पारथ नाथ अवस्थी प्लाटून कमाण्डर की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने के उपलक्ष में भवभीनी विदाई की गयी है । इस अवसर पर स्व सूर्यपाल पाण्डे अवै कम्पनी कमाण्डर होमगार्ड्स कम्पनी भरावन को उनकी आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजली दी गयी इस अवसर पर महेश प्रसाद एण्ट्रॅडीसी एवं पंकज कुमार श्रीवास्तव वरिसहा तथा श्रीमती नन्ही देवी पीसीपी एवं समस्त 60 अवै अधिकारियो एवं वैतनिक अधिकारियो एवं कार्मचारियो द्वारा कार्यक्रम में सम्मलित होकर भाग लिया गया।

# हापुड़ कांड को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**बिलग्राम हरदोई।** तहसील में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर तहसील में बार काउंसिल के आवाहन पर तीनों संघ के वकीलों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी संजीव ओझा के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया। मालूम हो कि हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ पुलिस ने अभद्रता की थी। साथ ही अधिवक्ताओं के ऊपर मुकदमे भी लिखे गए थे इसी बात को लेकर बार काउंसिल के आवाहन पर प्रदेश भर के अधिवक्ता सोमवार से कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। तहसील में ये हड़ताल आगे भी अधिवक्ताओं ने जारी रखने की घोषणा की है ।सोमवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के पश्चात उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हापुड़ के जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक को तत्काल स्थानांतरित करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने तथा अधिवक्ताओं पर दर्ज झूठे मुकदमों को स्पंज करने की मांग की। इस दौरान, एडवोकेट सियाराम यादव, एडवोकेट रामप्रसाद आर्या, एडवोकेट शिव कुमार पाल, एडवोकेट मंसुखलाल, एडवोकेट सर्वेश कुमार यादव, एडवोकेट ब्रह्मा सिंह, एडवोकेट डीके द्विवेदी, एडवोकेट मकबूल अहमद, एडवोकेट सईद अहमद, एडवोकेट मुकीम, एडवोकेट फय्याज, एडवोकेट अनस, एडवोकेट रईस अहमद,आदि भारी तादाद में अधिवक्ताओ ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# डीएम, सीडीओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने किया मंचासीन अतिथियों का स्वागत

## सरकारी की योजनाओं के तहत गाजियाबाद में लगातार विकास कार्यों के लोकार्पण और उद्घाटन हो रहे हैं: केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह

अवधनामा संवाददाता

- उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया लगभग 4 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित भवनों का उद्घाटन
- सरकार की प्राथमिकता में है जच्चा, बच्चा की सेवा और सुरक्षा
- जनपद में अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों के निर्माण कार्य में हो बढ़ोतरी: राज्यसभा सांसद अनिल



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देशानुसार एवं उनके मंशानुरूप ब्रजेश पाठक उप–मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, मातृ–शिशु कल्याण और परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 395.17 लाख स्वीकृत लागत से हुए निर्माण जिनमें ई.सी.आर.पी.–द्वितीय योजनान्तर्गत बने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरादनगर में 20 शैय्यायुक्त वार्ड के नवनिर्मित भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोदीनगर में 20 शैय्या युक्त वार्ड के नवनिर्मित भवन व जिला योजनान्तर्गत बने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर बम्हैटा परिसर में 11 नवनिर्मित भवन तथा पन्द्रवें वित्त आयोग के तहत बने परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, सीकरी कलां का भवन निर्माण, परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, अमराला का भवन निर्माण, परिवार कल्याण उपकेन्द्र/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, रोड़ी/रोरी का भवन निर्माण और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरादनगर परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया गया। उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मुरादनगर आगमन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी गयी। इसके पश्चात मंच आगमन पर राकेश कुमार सिंह जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं विक्रमादित्य सिंह मलिक मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ मंचासीन केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद जरनल से.नि. विजय कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल सहित सभी विधायकों, भाजपा पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भावतोष शंखधर सहित स्वास्थ्य एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में उप–मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद सहित सभी मंचासीन गणमान्यों का समस्त जनपदवासियों की तरफ से हार्दिक अभिनन्दन कर स्वागत किया गया।

राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनसामान्य के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं गुणवत्ता को लेकर लगातार प्रयासारत है। जिसके तहत आज यहां स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित लगभग 4 करोड़ रूपये लागत के निर्मित भवनों सहित विकास कार्य का उद्घाटन उप–मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। जनपद की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए मेरी सरकार से निवेदन एवं आग्रह है कि वे अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों का गाजियाबाद में निर्माण करवायें और चिकित्सकों की संख्या में भी वृद्धि करवायें। केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद जरनल से.नि. विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद गाजियाबाद विकास के नये–नये आयाम गढ़ रहा है। सरकारी की योजनाओं के तहत गाजियाबाद में लगातार विकास कार्यो के लोकार्पण और उद्घाटन हो रहे हैं। सरकार से निवेदन है कि वे राष्ट्रीय राजधानी से सटे एनसीआर गाजियाबाद का चहुंमुंखी विकास करायें। ब्रजेश पाठक, उप–मुख्यमंत्री एवं उप–मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, मातृ–शिशु कल्याण और परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने उपस्थित गणमान्यों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता की सेहत की चिंता करते हुए लगातार गाजियाबाद सहित सम्पूर्ण 75 जिलों स्वास्थ्य सेवाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही हैं। उसी का असर है कि जनपद गाजियाबाद में लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों सहित अन्य स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है। पहले मामूली स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कई किलोमीटर जाना पड़ता था और अब वॉकिंग डिस्टेंस पर स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहे हैं।

## राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**रायबरेली।** शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच जहां शैक्षणिक एवं मनोरंजन व्यवस्था विद्यालय परिवार के द्वारा की गई, वहीं सुपर नाइंटी संस्थान द्वारा राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिक्षिका सारा विल्डन, स्मृति बाजपेई, शालिनी सिंह, अशफ़िया खान, ऐना वर्मा, दिव्या, ऐनी खान, मोनिका श्वेता, प्रियंका, शिखा, अदिति तिवारी, मन्तशा, आरती गुप्ता, नेहा अवस्थी, ममता श्रीवास्तव, सृष्टि, रीना वर्मा को श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्रदान किया गया।

## डीबीए की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ

# बार व बेंच एक दूसरे के पूरक: वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानी लाल समेत सभी पदाधिकारियों को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान डीबीए अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बार व बेंच को एक दूसरे का पूरक बताते हुए विश्वास की कड़ी को और भी मज़बूत बनाने की दिशा में कार्य करने, बार को ऊंचाइयों तक पहुँचाने व अधिवक्ताओं के मान सम्मान गरिमा के लिये कार्य करने का भरोसा दिलाया। सोमवार को कचेहरी रोड स्थित प्रेक्षागृह में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकरिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, जनपद न्यायिक अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण धनेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बाबू सिंह यादव द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानी लाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार श्रीवस्तव द्वारा डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के अन्य सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने अपने विचारो को मर्यादा में रखने का सामान अधिकार है। सभी लोग न्याय दिलाने का कार्य करते है, निष्पक्ष होकर बिना किसी पक्षपात के लोगो को न्याय दिलाए। जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि संविधान के बनाने में और स्वतन्त्रता दिलाने के अलावा देश के निर्माण में अधिवक्ताओं की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होनें नवनिर्वाचित कार्यकारणी को बधाई देते हुए पद मिलने पर जिम्मेदारियां बढ़ने की बात कही। नवनिर्वाचित डीबीए अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बार व बेंच के बीच मज़बूत संबंध की परम्परा को कायम रखने एवं अधिवक्ता हित व उनके मान सम्मान के लिये सदैव कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर समस्त न्यायाधीश, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल, सदर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, पूर्व कोआपरेटिव अध्यक्ष जगदीश सिंह जालिम सिंह, माया सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव उर्फमोनू एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता एव गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शिकायत का समय से निराकरण कर फरियादियों को राहत पहुंचाएं

अवधनामा संवाददाता

- जन शिकायतों के निराकरण में जनपद ने हासिल की तीसरी रैंकः डीएम

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के कुशल निर्देशन, नियमित प्रभावी समीक्षा, जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता की जांच शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर किये जाने के फ्लस्वरूप जन-सुनवाई आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद ने प्रदेश में 03 रैंक प्राप्त की है, प्रदेश में जन-शिकायतों के निस्तारण में जनपद की बेहतर रैंकिंग मिलने पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने विभिन्न स्तर से प्राप्त होने वाली जन-शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्ता परक निराकरण में अपनी भूमिका निभाई है, आगे भी सभी अधिकारी, कर्मचारी इसी लगन-निष्ठा के साथ आमजन की शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण कर शासन की मंशा पर खरे उतरें, किसी भी फरियादी को अपनी शिकायत के निराकरण के लिए भटकना न पड़े, संबंधित अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर शिकायत का समय से निराकरण कर फरियादियों को राहत पहुंचाएं। श्री सिंह ने बताया कि जन-सुनवाई आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर शासन स्तर से प्रत्येक माह जनपद को दी जाने वाली रैंकिंग में जनपद माह अगस्त-2023 में 98.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 03 रैंक प्राप्त कर मण्डल में प्रथम स्थान पर है। उन्होने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, सम्पूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन संदर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पी.जी. पोर्टल, उप मुख्यमंत्री, मंत्री संदर्भ, शासन, राजस्व परिषद, निदेशालय संदर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, आर्थिक मद्द संदर्भ, महिला हेल्पडेस्क, एंटी भू-माफिया, मा. राज्यपाल संदर्भ, फीडबैक पर कार्यवाही पर सभी विभागों ने बेहतर कार्य किया गया है।

## 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सचिव/न्यायाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.09.2023 रविवार को प्रातः 10.00 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन0आई0एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा।

## बार संघ अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ की गयी लाठी चार्ज के विरोध में आज सोमवार को बार काउंसिल के आवाह्न पर जिला अधिवक्ता संघ ने कार्य से विरत रहकर घटना का विरोध करते हुए जिला जजी से पैदल जुलूस निकाल कर पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासन को भेंट करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और गिरफ्तारी की मांग उठाई है। बार संघ अधिवक्ताओं के प्रर्दशन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर रखा गया था। इस मौके पर जिला बार संघ अध्यक्ष गिरीश कुमार श्रीवास्तव महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राजावत, अनुराग सागर, रविंद्र गौतम, राघवेंद्र सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, मनोज चौधरी, पंकज कुमार चौधरी, शिवाकांत पाठक, रविकांत, सुनील रावत, धीरेंद्र तिवारी, हेमंत द्विवेदी, संदीप सेंगर, विश्वदीप राव, मेहराज सिद्दीकी, इंद्रजीत सिंह आईजे सहित दर्जनों अधिवक्ता प्रर्दशन में मौजूद रहे।

# अंडर पास न बनने से आक्रोशित हैं दर्जनों गांव के लोग

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ वाराणसी रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन अमेठी और ताला के बीच बारहमासी मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग एक लंबे समय से संचालित रही। जो विगत कई वर्षों से रेलवे द्वारा लोहे के गार्ड लगाकर बंद की गई थी। इधर 2014 के दर्मियां तत्कालीन सरकार में अंडरपास बनाए जाने का एक बोर्ड इधर लगाया गया था। ग्रामीणों को आश्वासन मिला था की बारहमासी रेलवे क्रासिंग पर अंडर पास बनाया जाएगा। अंडरपास का बोर्ड देखकर लोगों को काफी संतोष मिला। लेकिन इधर लगभग 10 वर्ष की अवधि बीतने को है अंडर पास नहीं बना और गर्मी बरसात झेलते झेलते बोर्ड की दशा भी दयनीय दिखाई देने लगी। ग्रामीण मुन्ना शुक्ला का कहना है कि कई बार डीआरएम रेल मंत्रालय स्थानीय सांसद स्थानीय प्रशासन को मांग पत्र दिया जा चुका है। बावजूद इसके अंडर पास बनाने की कवायद अभी तक नहीं शुरू हुई।बताया की यहां पर चार विद्यालय संचालित है दर्जनों ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आवागमन इसी रास्ते से अमेठी के लिए सुगम होता है। वही रेलवे क्रॉसिंग के उस ओर ही मतदान केंद्र है। कई दृष्टिकोण से यह अंडरपास आवश्यक था। जिस पर वर्तमान सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया इसे देखते हुए ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।लोग व्यवस्था पर दुखी भी हैं वहीं लोगों का यह भी कहना है कि इस बार यदि अंडरपास का काम न शुरू हुआ तो वह मतदान करने से परहेज भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे यदि निकट भविष्य में दीवाल खड़ी कर देता है तो पैदल आवागमन भी बंद हो जाएगा जो दर्जनों गांव के लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाएगा।



# आयुर्वेद न्याय व वैशेषिक दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित: डॉ. मिश्र

### गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस में संस्कृत सप्ताह समारोह

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में संस्कृत सप्ताह समारोह के पांचवें दिन आयुर्वेद में तर्कशास्त्र विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य वक्ता श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र ने कहा कि आयुर्वेद और तर्कशास्त्र की भाषा संस्कृत है। इसलिए आयुर्वेद के छात्रों को संस्कृत का ज्ञान अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारतीय दर्शन के न्याय और वैशेषिक दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें पंचतत्व हेतु लिंग और औषधि ज्ञान का सिद्धांत है। ये सब न्याय, वैशेषिक रूपी तर्कशास्त्र का अंगभूत है। ये सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पदार्थो से बना हुआ है, हमारा शरीर भी उन्ही पदार्थो की संरचना है। यत् पिंडे तत् ब्रह्माण्डे के सिद्धांत के आधार पर अर्थात शरीर को समझने के लिए ब्रह्माण्ड के पदार्थो का ज्ञान होना आवश्यक है जो तर्कशास्त्र के द्वारा समझा जा सकता है। डॉ. मिश्र ने कहा कि तर्कशास्त्र में वर्णित 24 गुण हमारे शरीर और वातावरण के महत्वपूर्ण विषय हैं। वैद्य को आध्यात्मिक होना चाहिए जिससे वह सकारात्मक रूप से अपना चिकित्सा कार्य कर सकता है। उसे यह भी समझना होगा कि चिकित्सकीय कार्य ईश्वरीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन कोमल गुप्ता और आभार ज्ञापन आचार्य साध्वी नंदन पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर आयुर्वेद कालेज के शैक्षणिक प्रमुख डॉ. नवीन के., डॉ. प्रज्ञा, डा. शान्तिभूषण सहित बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उप जिला मजिस्ट्रेट भोगांव अंजली सिंह ने बताया कि दि. 04.04.2023 को समय 09.15 बजे बस संख्या-यू.पी.-76-5990 से घटित हुई दुर्घटना में मृतक प्रेमससागर पुत्र लालमन नि. ग्राम रायपुर थाना कायमगंज जिला फर्रूखाबाद की उ.प्र. मोटरयान कराधान नियमावली-1998 के नियम-30 एवं 31 में वर्णित व्यवस्थानुसार मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है।

उन्होने बताया कि उक्त दुर्घटना में प्रेमससागर पुत्र लालमन नि. ग्राम रायपुर थाना कायमंग जिला फर्रूखाबाद की मृत्यु हो गयी है, के सम्बन्ध में यदि किसी को लिखित या मौखिक साक्ष्य, कथन प्रस्तुत करना हो तो उप जिला मजिस्ट्रेट भोगांव, जिला मैनपुरी के न्यायालय में दि. 15 सितम्बर से 25 सितम्बर तक किसी भी कार्य दिवस पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## विकास प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को लेकर तहसील सदर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार से तहसील सदर प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु एवं ''सबका साथ-सबका विकास सबका-विश्वास सबका प्रयास'' विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगायी गयी है। सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, संभ्रान्त व्यक्तियों, नव युवक एवं छात्र -छात्राओं से अपील है कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजना, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें ताकि जिस उद्देश्य से प्रदर्शनी लगायी गयी है वह उद्देश्य पूरा हो सके।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजसेवी एवं वैश्य रत्न विभूषित स्व. गंगा प्रसाद साहू की प्रथम पुण्यतिथि मनाते हुए भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों में भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। रास्ते में कई जगह कलश यात्रा का स्वागत भी हुआ। जमालपुर स्थित श्री पराग साहू इंटर कालेज में सोमवार को स्व. गंगा प्रसाद साहू की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद भागवत महापुराण कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया है। भागवत कथा से पहले भगवताचार्य साहित्य रत्न सम्मानित भार्गव जी महाराज के सानिध्य में 51 महिलाओं ने गाजे-बाजे व कृष्ण की झांकी के साथ कलश शोभायात्रा निकाली।

# सोहनाग धाम को दिया जाएगा पौराणिक स्वरूप: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



- डीएम ने पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की पूजा

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज पौराणिक धार्मिक स्थल सोहनाग धाम में पर्यटन विभाग द्वारा कराई जा रही निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सोहनाग धाम को लोक श्रद्धा के अनुरूप पैराणिक स्वरूप दिया जाएगा। यह जन आस्था का प्रमुख केंद्र है।

पर्यटन विभाग द्वारा भगवान परशुराम मंदिर परिसर का विकास एवं सरोवर के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 5.23 करोड़ रुपये की लागत से श्री परशुराम मंदिर तपोस्थली, सोहनाग धाम का विकास किया जा रहा है। परियोजना के तहत सरोवर के चारों ओर घाट का निर्माण, कथा मंडप एवं चेंज रूम, फ़साड लाइटिंग, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग, हॉर्टिकल्चर एवं प्लांटेशन, भव्य प्रवेश द्वार, सीटिंग बेंच सहित कई कार्य किया जा रहा है। मौके पर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की पूजा भी की। उन्होंने मंदिर के पुजारियों से मंदिर क्षेत्र के विकास के संबन्ध में विस्तृत चर्चा भी की। पुजारी श्रीनारायण पांडेय ने मंदिर की ऐतिहासिकता एवं धार्मिक महत्व के विषय में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने एसडीएम सलेमपुर को सरोवर के आसपास के स्थलों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान पर्यटन सूचनाधिकारी प्राण रंजन सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## अनियंत्रित रोडवेज बस पलटने से दर्जन भर यात्री घायल

**फतेहपुर।** कार को बचाने के चक्कर में सोमवार सुबह रोडवेज बस सड़क किनारे दस फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल हुए आधा दर्जन यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फतेहपुर डिपो की रोडवेज बस सुबह करीब 8 बजे शहर के ज्वालागंज बस स्टॉप से 33 सवारियों को लेकर बांदा के लिए रवाना हुई थी।

इस दौरान सुबह करीब साढ़े नौ बजे बस जैसे ही गाजीपुर थाना क्षेत्र के बांदा-सागर रोड पर स्थित महमदपुर मोड़ के पास पहुंची तभी बांदा की ओर से तेज रफ्तार आ रही एक अनियंत्रित कार को बचाने के चक्कर में बस चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस सड़क किनारे 10 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में करीब 15 लोग घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आसपास के ग्रामीण की मदद से यात्रियों को बस से बाहर निकलवाया।

# जिला अस्पताल में गंदगी देखकर राज्यमंत्री भड़के



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. देवेश शर्मा ने सोमवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में अव्यवस्था और गंदगी देख कर मंत्री भड़क गए और सीएमएस के वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अस्पताल परिसर में मरीज के तीमारदारों से उनके मरीजों के बारे में जानकारी ली और कहां की छोटे-मोटे बच्चों को बेवजह अस्पताल में लेकर न आए। अस्पताल में कम से कम लोगों को लाने की सलाह दी है। सोमवार को प्रदेश के राज्य मंत्री के आने से पहले सीएमओ एसीएमओ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कवायद में जुटे रहे। राज्य मंत्री ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी, पीकू वार्ड जनरल वार्ड सहित एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया। जनरल वार्ड में फटे गद्दे व गंदी चादर मिलने पर सीएमएस का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। एनआरसी वार्ड में घुटन महसूस होने पार दो पंखे व एग्जॉस्ट लगवाने के सीएमओ को मौके पर ही निर्देश हैं

## फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय के भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराह

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के मुखिया ने चाचूपुर जमापुर में आकर बाढ़ पीड़ितों के हाल चाल जाने और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य सिविर लगाकर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरण की जाएं। लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश का कोई भी अधिकारी पालन नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश को ठेगा दिखाते हुए। अधिकारी नजर आ रहे हैं। विकास खंड राजेपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराह में डाक्टर न होने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को दवाइयां तक नहीं वितरित की गई। जब इसकी जानकारी राजेपुर सीएससी के प्रभारी डॉक्टर आरिफ सिद्दीकी से की गई। तो बताया गया कि डॉक्टर सिद्धार्थ ने कुछ दिन पहले रिजाइन दे दिया था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट ज्ञानपाल और वार्ड बॉय द्वारा देख रेख की जा रही है। वार्ड बॉय ने बताया कि यहां पर बिजली व्यवस्थ एक माह से चौपट पड़ी हुई है। इस लिए यहां पर कोई भी स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल में रुकने को तैयार नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लगभग एक दर्जन गांव ऐसे है जहां पर ना तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक बाढ़ पीड़ितों की सुध नहीं ली गई है।

## संदिग्ध अवस्था में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव में एक महिला ने सन्दिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव निवासी संदीप सरोज की 35 वर्षीय पत्नी राजरानी सरोज ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे कौशांबी जनपद के कड़ा थाना क्षेत्र के रसीद मई गांव निवासी मोहन लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमने 15 वर्ष पूर्व अपनी बेटी की शादी की थी। हमारा दामाद संदीप शराब पीने का आदी है। उसकी पत्नी उसको शराब पीने से मना करती थी तो उसके साथ वह मारपीट किया करता था। जिससे आए दिन घर में विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती थी।

# मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता




**फतेहपुर।** पुरानी पेंशन दिये जाने सहित अन्य 18 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में धरना दिया। तत्पश्चात सीएम को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह व जिला महामंत्री विनय त्रिपाठी की अगुवाई में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना देते हुए अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षक नेताओं ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक पुरानी पेंशन की बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति/तैनाती, माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान सहित 18 सूत्रीय मांगे उठाई जा रही हैं। कई बार इन मांगों को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया गया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे शिक्षक समुदाय अत्यंत क्षब्ध है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों का निराकरण न किया गया तो वह सभी शिक्षा निदेशालय निशातगंज लखनऊ में धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश हो जायेंगे। धरने के पश्चात सीएम को संबोधित मांगों का ज्ञापन बीएसए को सौंपकर सभी मांगों को शीघ्र पूरा कराये जाने की आवाज उठाई। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, अनुराग मिश्र, अखिलेश तिवारी, शैलेंद्र भदौरिया, योगेंद्र सिंह, अनिल वर्मा, शिव प्रकाश गौतम भी मौजूद रहे।


## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 29.08.2023 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग में परिवर्तन किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

- रेलगाड़ी संख्या 14213 वाराणसी सिटी – बहराइच इंटरसिटी लोहता–जंघई–मडियाहूँ–जफराबाद–जौनपुर के बजाए लोहता–भदोही–जंघई–मडियाहूँ–जफराबाद–जौनपुर मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 14214 बहराइच – वाराणसी सिटी इंटरसिटी जौनपुर–जफराबाद–मडियाहूँ–जंघई–लोहता के बजाए जौनपुर–जफराबाद –मडियाहूँ–जंघई–भदोही–लोहता मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 20415 वाराणसी – इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुलतानपुर–प्रतापगढ़–प्रयागराज के बजाए सुलतानपुर–प्रतापगढ़–प्रयाग–प्रयागराज मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 20416 इंदौर – वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज–प्रतापगढ–सुलतानपुर के बजाए प्रयागराज–प्रयाग–प्रतापगढ– सुलतानपुर मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12791 सिकन्दराबाद – दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ तिथि 19.09.2023 को प्रयागराज–जंघई–वाराणसी–काशी के बजाए प्रयागराज छिवकी–मिर्जापुर– पं. दीन दयाल उपाध्याय मार्ग से संचालित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12670 छपरा – चेन्नई सेन्ट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–वाराणसी सिटी के बजाए वाराणसी सिटी–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज मार्ग से संचालित की जाएगी।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन–1 लालबाग, लखनऊ।

पृ.सं.- 897/EE-1/नि. दिनांक : 04.09.2023

### अल्पकालिक निविदा सूचना

निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 11.09.2023 के सायंकाल 4.00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.09.2023 को 1.00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 4.00 बजे तक निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बॉक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.30 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-1 अन्तर्गत विक्रमादित्य मार्ग स्थित जियामऊ में हरिशंकर कटियार जी के घर के सामने स्थित 160एम0एम0 ब्यास की लगभग 70 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 100.00 | 1800.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी जोन-1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता जोन–1
जलकल विभाग

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

**आंगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली**



**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** विधायक नगर राजीव गुम्बर, सदस्य विधान परिषद शाहनवाज खान एवं जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा जनपद में 30 सितम्बर तक संचालित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व विकास भवन परिसर में लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया।

शासन के निर्देशों के अनुपालन में विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि जो आंगनवाडी कार्यकत्रिय गर्भवती महिलाओं को समय समय पर आवश्यक जानकारी देती है वो भी एक माँ की भूमिका अदा करती है। उन्होने कहा कि स्वस्थ बच्चों से ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य और खान-पान का बेहतर ध्यान रखें जिससे एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दे सकें। सदस्य विधान परिषद शाहनवाज खान ने घर-घर जाकर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की बात कही। उन्होने कहा कि आप सब अपने अनुभवों को समूह में साझा करें। आपका कार्य बहुत ही महत्वूपर्ण है इसलिए इसे जिम्मेदारी से करें। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। उन्होने आंगनवाडी कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपके माध्यम से ही यह कार्यक्रम घर-घर पंहुचेगा और अपनी सफलता को प्राप्त करेगा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को हरी पत्तेदार सब्जियां, अनाज, फल, दूध, दलहन, मेवा, चना, सहजन आदि का सेवन करने की बात कही।

## चोरी की स्कूटी समेत वाहन चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा कर एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद हुयी है। गौरतलब रहे कि एक सितम्बर को राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. मातादीन यादव निवासी लिंक रोड थाना कोतवाली नगर ने अज्ञात चोर द्वारा स्कूटी चोरी कर लिये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेकर घटना के शीघ्र खुलासे के लिए निर्देश दिये। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने जांचोपरान्त प्रकाश मे आये अभियुक्त फैज पुत्र शाहिद निवासी नूर मस्जिद के सामने गली नं. 14 थाना मण्डी को आज मुखबिर की सूचना पर जोगियान पुल से श्रीराम चौक की तरफ से चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त फैज ने बताया कि वह नशे का आदी है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी करता है।

# स्थापना दिवस पर महान विभूतियों को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**सहारनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 30वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस का आयोजन किया तथा विभिन्न क्षेत्रों से 11 वरिष्ठ व्यापारी, समाजसेवी, चिकित्सक, अधिक्ताओं को सम्मानित किया। एक होटल के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी दिवस को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा सदैव व्यापारियों को सम्मान की दृष्टि से देखते है और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है। व्यापारियों को पूर्ण सुरक्षा उचित वातावरण तथा बिजली की आपूर्ति पूर्व के वर्षो के सापेक्ष बहुत बेहतर स्थिति स्पष्ट करती है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा के लिए जी जान से प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनित गर्ग ने कहा कि राज्य कर विभाग में निचले स्तर के भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यापारी प्रतिनिधित्व के लिए जिला निगरानी कमेटी बनाई जाए तथा इंस्पेक्टर राज को समाप्त किया जाए। जिला महामंत्री हर्ष डाबर, महानगर अध्यक्ष स.गुरमेहर सिंह ने जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने की मांग रखी तथा कहा कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी अरोरा और युवा जिलाध्यक्ष देवांश गांधी, बेहट अध्यक्ष वशिष्ठ गुप्ता, चिलकाना अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी ने अधिकारियों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान चलाने और घेराव करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अथितिय महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह एवं एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक समेत सभी अतिथियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदीश कालरा, केतन विरमानी, विनीत विरमानी, रजत मित्तल, स.तरनजीत सिंह बग्गा, मनोज चिटकारा, अमर दीप सिंघल, नवीन गुप्ता बॉबी, असद सैफी, तरुण गोयल, कपिल डावर समेत सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष डाबर और गौरव सैनी ने संयुक्त रूप से किया।

## हिन्दू योद्धा परिवार ने तीसरी वर्षगांठ पर किया रक्तदान

**सहारनपुर।** हिन्दू योद्धा परिवार ने संगठन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 151 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा शिविर में कई लोगो स्वास्थ्य की जाच भी की गयी। चौधरी विश सिंह काम्बोज संस्थापक हिन्दू योद्धा परिवार ने बताया कि उनके संगठन द्वारा अब तक यह सातवां रक्तदान कैंप लगाया गया है और यह सातवां कैंप उनके संगठन की तीसरी वर्षगांठ पूर्ण होने के उपलक्ष में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उनके संगठन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप भी लगाया गया है, जिसमें आए लोगों का फ्री हेल्थ चेकअप किया गया है। वर्षा पराशर शर्मा संचालक महिला मोर्चा ने बताया कि व्यक्ति को रक्तदान समय-समय पर करते रहना चाहिए। रक्तदान कर इंसान एक दूसरे की जान को बचा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर रक्तदान करे और एक दूसरे की मदद करे। उन्होंने कहा की भविष्य मे भी उनके संगठन द्वारा रक्तदान कैंप का आयोजन किया जायेगा।

## अधिवक्ता कार्य से रहे विरत किया प्रदर्शन

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हापुड़ में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं की पुलिस द्वारा पिटाई किए जाने एवं आपराधिक धाराओं में केस दर्ज किए जाने को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के अधिवक्ता कार्य से विरत रह प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम मिल्कीपुर को सौंपा। ज्ञापन में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का अभिलंब स्थानांतरण, अधिवक्ताओं की पिटाई के मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग की गई है। प्रदेश में अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़ंत झूठी कहानी बनाकर मुकदमा दर्ज किया हैं, उसे वापस लिए जाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने तथा हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाए जाने की मांग शामिल है।

# शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी ने जिले के पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

**शिक्षक ही एक बेहतर समाज की नींव रखता है: एसपी सिंह पटेल**



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी ने जिले के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया।इस मौके पर पार्टी के नेताओं ने कहा कि शिक्षक देश का विधाता होता है ऐसे में शिक्षकों से मिले ज्ञान को लेकर देश को बहुत ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। समाजवादी शिक्षक सभा के तत्वाधान में समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर आयोजित मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षक ही एक बेहतर समाज की नींव रखता है ऐसे में शिक्षकों के महत्व को कभी भी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है हमें शिक्षकों के दिखाए रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ना होगा। मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह के संस्थापक आयोजक पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि शिक्षक ही एक बेहतरीन समाज का निर्माण कर सकता है शिक्षकों के महत्व को कभी भी नकारा नहीं जा सकता। श्री पाण्डेय ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बिना शिक्षकों के मार्गदर्शन के कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता हमें भी शिक्षकों के महत्व को समझना चाहिए। श्री पांडे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए जो भी कदम उठाए वह मील का पत्थर साबित हुए, मुलायम सिंह यादव ने शिक्षकों के लिए जितना कार्य किया है आजादी के बाद आज तक किसी भी सरकार ने शिक्षकों के लिए उतना कार्य नहीं किया। कार्यक्रम कर अध्यक्षता कर रहे समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने कहा कि मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2012 से पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिये पूर्व मंत्री सहित सभी शिक्षकों व अतिथियों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने बताया कि इस आयोजन में जिन पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया है।

## स्वच्छता अभियान को लेकर निकाली गई रैली

**पूरा बाजार-अयोध्या।** शासन द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाए जाने के निर्देश के क्रम में पंडित हृदय राम शर्मा पीडी पाण्डेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद अयोध्या में प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी के नेतृत्व में एक स्वच्छता जागरूकता रैली विद्यालय से गंगौली चौराहे तक निकाली गई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया । विद्यालय के बच्चे स्वच्छता अभियान से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तिया लेकर चल रहे थे। ÷हम सब ने यह ठाना है भारत को स्वच्छ बनाना है।÷ ÷सौ रोगों की एक दवाई घर में रखे साफ सफाई।÷जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक करते दिखाई दिए। विद्यालय से गंगौली चौराहे तक पड़ने वाले घरों पर रैली में शामिल शिक्षकों, छात्र तथा छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। रैली में विद्यालय के शिक्षक अनिल पांडेय, रमेश पाठक, विजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा ,अरविंद कुमार रघुनाथ निषाद , प्रमोद तिवारी, रंगनाथ पांडे समेत बड़ी संख्या में शिक्षक तथा कर्मचारी छात्र तथा छात्राएं शामिल थे।

# व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने रायवाला कपड़ा मार्केट में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के मौके पर व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार देकर किया सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापारियों के हितों की सुरक्षा करने का संकल्प भी दोहराया गया। रायवाला कपड़ा मार्केट में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम नारंग ने कहा कि जिस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 मंदी की मार में जा रहा है, वह चिंता का विषय है। ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार की वजह से हमारा देश के 15 करोड़ मध्यम वर्गीय व्यापारी आज बर्बाद हो रहा है। सरकार को कोई भी चिंता नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनियों को बंद किया जाए और देश के छोटे में मध्यवर्ती व्यापारियों को बिना ब्याज के लोन देकर इनका फिर से व्यापार करने के लिए सुविधा दी जाए, जिससे हमारे देश का व्यापारी अपने आजीविका चला सके। इस अवसर पर प्रांतीय वरिष्ठ संगठन मंत्री महेश नारंग व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महासचिव सरदार जसवंत सिंह बत्रा ने कहा कि आज व्यापारी पूरी तरह से परेशान है। सरकार के सभी कानून व्यापारियों को अत्यधिक जटिल समस्या में डाल रहे हैं, जिसकी वजह से व्यापारी मानसिक तौर से बीमार है जब से जीएसटी लगी है। मध्यवर्गीय व्यापारी बहुत ज्यादा अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है। व्यापारी इसका इसका पुरजोर विरोध करते है और सरकार से मांग करते है कि जीएसटी को सरलीकरण किया जाए नहीं तो देश का व्यापारी आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगा। सम्मानित किए जाने वाले व्यापारियों में व्यापारी नेता महेश नारंग, सरदार जसवंत सिंह बत्रा, अविनाश जैन, मुरली खन्ना, कपिल मल्होत्रा, गुलशन सोनी, सुभाष धमीजा, आरिफ खान, असद खान, आलोक अग्रवाल, विनोद, किशन सिंह सेठी, सुरेंद्र गोयल, पार्षद नीरज शर्मा, रवि चंद्र जैन, पूर्व पार्षद मनोज जैन, तुलसी बत्रा, गुलशन जुनेजा, राजीव जैन, सुशील बंसल, सुनील विरमानी, सरदार हरविंदर कपूर, वीरेंद्र बहल, राजेंद्र हांडा, पंडित अमित को प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम नारंग ने सम्मान देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# फ़र्शे अज़ा पे अक़ीदत के फूल खिलते हैं बच्चे यहीं से तरबियत पाते हैं: मौ. सै. मुर्तुज़ा नासिर

**अवधनामा संवाददाता**



**बाराबंकी।** अलम ताबूत के साथ सफ़र के तीसरे इतवार को निकला जुलूसे सफ़र, बैरूनी व मक़ामी अंजुमनों ने की नौहाख्वानी व सीनाज़नी की। पुलिस प्रशासन भी रहा चुस्त दुरूस्त। जाकिरे अहले बैत आली जनाब मौलाना सैयद मुर्तुज़ा नासिर सईद अबाकाती ने देवा रोड स्थित अज़ाखानये कल्बे अब्बास (मरहूम मुन्ने टेलर) में मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा जो बिस्तरे रसूल का औला है वही मैदाने ग़दीर का मौला है।

मोहम्मद का सिलसिला दायम भी है और पर्दये ग़ैब में क़ायम भी है। सारे अम्बिया के वारिस हुसैन (अ.स) हैं। फ़र्शे अज़ा से अक़ीदत के फूल खिलते हैं बच्चे यहीं से तरबियत पाते है। सैकड़ों बरस की ग़ैबत के बाद भी शीयत का नजरिया क़ायम व दायम है। न क़ायद बदला न अक़ाएद बदले। मोमिन का दिल काबा ए इश्क़े अली (अ.स) है। अली जिस वक़्त रसूल (स.अ.व) के हाथों पर आए तो शायर ने फ़रमाया। जिस वक़्त निस्फ़ नूर मिला निस्फ़ नूर से अपने को किरदिगार ने देखा ग़ुरूर से। आखिर में असीराने करबला के मसायब पेश किया जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मजलिस से पहले कशिश संडीलवी, कलीम आज़र ,हाजी सरवर अली करबलाई ,अदनान रिज़वी, क़ायम हसन (अर्श) व अली अब्बास (ग़दीर) ने नज़रानये अकीदत पेश किया। मजलिस का आग़ाज तिलावते कलामे इलाही से कारी फ़य्याज़ साहब लखनवी ने किया। अन्जुमन जाफ़रिया कानपुर, अन्जुमन गौसिया कोठी, अन्जुमन बाबुल मुराद लखनऊ, अन्जुमन फ़रोग़े अज़ा, देवरा सादात, अन्जुमन नुसरतुल अज़ा संगौरा बाराबंकी, अन्जुमन पैग़ामे हुसैनी ज़ैदपुर बाराबंकी, बाराबंकी, अन्जुमन गुन्चये अब्बासिया, बाराबंकी, अन्जुमन गुलामे अस्करी बाराबंकी, ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। जुलूस के दौरान अलम, शबीहे ताबूत इमाम हुसैन व गहवारये अली असग़र की जियारत के साथ अंजुमने नौहाख्वानी व सीनाज़नी करती हुई अपने तयशुदा रास्ते रफ़ी नगर, दुर्गापुरी से होते हुए देर रात इमामबाड़ा अली शब्बर लाइन पुरवा में पहुंचा जहां अलविदाई मातम के साथ जुलूस समाप्त हुआ जहाँ अलविदाई मजलिस को ज़ाकिरे अहले बैत जनाब अली अब्बास में ख़िताब किया। दौरान जुलूस स्व मेंहदी अली स्व. नैयर अब्बास व स्व अनोमोहम्मद के घर पर पानी, बिस्कुट व शर्बत का एहतमाम किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों नासिर मेंहदी, कल्बे जावेद अली, अकबर मेंहदी, बाबर मेंहदी, सिकंदर अब्बास रिज़वी, मो.शब्बर रिज़वी, आदिल हुसैन, अर्श रिज़वी, असद अब्बास ज़ैदी, कायम हसन, अली अब्बास (ग़दीर) ने सभी अज़ादारो व पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गरजे शिक्षक नेता

**बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सौंपा मांग पत्र**




**अवधनामा संवाददाता**

**महराजगंज।** उत्तर परदेशी प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सोमवार को 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। मंच का संचालन करते हुए जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक अपनी पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने से अक्रोशित हैं। जब तक सरकार हमारी मांग नहीं मानती है तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्यायों में पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा सुविधा ,पदोन्नति ,स्थानांतरण ,द्वितीय शनिवार अवकाश, उपार्जित अवकाश, अध्ययन अवकाश, प्रतिकर अवकाश ,सभी शिक्षकों का बीमा धन 10 लाख करने ,पारस्परिक स्थानांतरण की न्यूनतम सेवा अवधि समाप्त करने, पदोन्नति तिथि से 01/12/2008 को नियुक्त शिक्षकों को 17140 का वेतन मान, चयन वेतनमान एवम प्रोन्नत वेतनमान, ग्रीष्म काल में विद्यालय समय 7.30 से 12.30 करने, बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से मुक्त रखने, पदोन्नति एवम प्रोन्नत वेतनमान में ग्रेड पे 4800 तथा 5400 करने ऑनलाइन कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखने, विद्यालय समय बाद होने वाली मीटिंग बंद करने, दिव्यांग वाहन भत्ता की बढ़ी दर लागू करने, बी एड तथा टेट उत्तीर्ण आश्रित को नियुक्ति हेतु स्पष्ट आदेश प्रत्येक विद्यालय में एक चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी /चौकीदार नियुक्त करने की मांग सरकार से है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक सरकार की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेगा। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है हम इसे लेकर रहेंगे इसके लिए हमे चाहे जितना बड़ा आंदोलन क्यों न करना पड़े हम सभी संघर्ष के लिए तैयार हैं । हमारी 18 सूत्रीय मांग जायज है जब एक देश चुनाव की बात हो सकती है तो एक देश एक पेंशन की क्यों नही। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का यह इतिहास रहा है कि जब जब उसने अपने मांगो के समर्थन में आंदोलन किया है उसे सफलता मिली है। हम सभी को संगठन के आह्वान पर डटे रहना है एकजुट रहना है हमारी मांगे अवश्य पूरी होंगी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

**महराजगंज (नौतनवा)।** आजादी के 75 वें वर्ष अमृत काल में अपने माटी व देश के लिए जान न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करने व देश के लिए सर्वस्व बलिदान करने की प्रतिज्ञा लेने हेतु मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने कोल्हुई के करुआवल चौराहे पर बैठक कर रणनीति को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष अश्विनी उर्फ़ मधुर सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा सरकार के तरफ से हर ग्राम पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया जायेगा जिसमें हमारे सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रदीप पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम के लिए लगकर काम करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन ओम पी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर हृदय उपाध्याय, रामकेश, ट्विंकल पाण्डेय, फेंकू नायक, महेंद्र राम, दिवाकर, प्रिंस, रमेश सिंह, दिनेश कुमार सहित सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव में पसमांदा मुस्लिम अखिलेश को कराएगा अपनी ताकत का एहसास: वसीम

**अवधनामा संवाददाता**



**बाराबंकी।** पीडीए यानी पसमांदा, दलित और अतिपिछड़ा विरोधी सपा पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से ख़ासकर पसमांदा मुसलमानों को जवाब चाहिये। उप्र के जिन 16त्न पसमांदा मुसलमान वोटों से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का वजूद क़ायम है। यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही है। उन्होंने कहै कि समाजवादी पार्टी ने आज तक किसी पसमांदा मुसलमान को राष्ट्रीय अध्यक्ष तो छोड दीजिये किसी पसमांदा मुसलमान को अपने मुख्य संगठन का प्रदेश अध्यक्ष भी क्यों नहीं बनाया।समाजवादी पार्टी के मुख्य संगठन का राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष छोड देते हैं समाजवादी पार्टी के मौजूदा किसी फ्रंटल संगठन जैसे युवजन सभा, महिला सभा, पिछड़ा वर्ग सभा, लोहिया वाहिनी, किसान सभा वगैरह में भी किसी का राष्ट्रीय या प्रदेश अध्यक्ष पसमांदा मुसलमान क्यों नहीं।उत्तर प्रदेश के कुल मुसलमानों या अल्पसंख्यकों में 85त्न से ज्यादा पसमांदा मुसलमान उसके बाद भी समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का ना तो प्रदेश अध्यक्ष और ना ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पसमांदा मुसलमान क्यों। आपकी और आपके पार्टी की पसमांदा हमदर्दी सिर्फ़ धोखा ही हैं आपको पसमांदा मुसलमानो का सिर्फ़ वॉट चाहिए टिकट या संगठन में कोई जगह नही देनी हैं वोट दे पसमांदा मुसलमान हिस्सेदारी वही 15 फ़ीसदी आबादी वाले अशरफ़ मुसलमान को 85त्न फ़ीसदी आबादी वाले पसमांदा मुसलमानो को सिर्फ़ झंडा लगाना नारे लगाना दरी बिछाना यही हिस्सेदारी मिलती फिर सरकार बन जाने पर अपनी 8त्न फ़ीसदी यादव बिरादरी को ही मंत्री मंडल से लेकर विधानपरिषद राज्यसभा तक भेजते हैं जबकि उनकी यादव बिरादरी से दो गुना वोट देने वाले पसमांदा मुस्लिम को कुछ नहीं मिलता हैं इस तरह की न इंसाफ़ी करने वाले अखिलेश जी को 2024 में पसमांदा मुस्लिम समाज अपनी ताक़त का एहसास कराएगा पसमांदा समाज अब जागरूक हो गया हैं। पसमांदा समाज उसी दल को वोट करेगा जिस दल से हिस्सेदारी मिलेगी । दलित मुसलमानो पर दस अगस्त 1950 से जुल्म होता चला आ रहा हैं 341/3 पर लगी धार्मिक पाबंदी पर सपा ने लोकसभा या राज्यसभा में कोई आवाज़ नहीं उठाई जिसकी वजह से रिजर्व दलित सीटो पर दलित मुसलमान चुनाव नही लड़ पा रहे सिर्फ़ वोटर बने हुए हैं।

# हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने दिया मांग पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**महाराजगंज।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के तत्वाधान सोमवार को अधिवक्ताओं ने हापुड़ घटना के विरोध और विभिन्न मांगो को लेकर एडीएम पंकज वर्मा को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्तओ ने कहा कि जनपद हापुड़ में निहत्थे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करने तथा शासन प्रशासन द्वारा उस पर कोई प्रभावी कार्रवाई न किए जाने के परिपेक्ष में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा दी गई हड़ताल का आह्वान जारी रहेगा। अधिवक्ताओ ने मांग करते हुए कहा कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक हापुड़ का निलंबन स्थानांतरण किया जाय। दोषी पुलिस कर्मियों जिन्होंने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया था महिला अधिवक्ताओं को पीटने का कार्य किया था उस पर मुकदमा दर्ज हो। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध मनगढन्त झूठी कहानी बनाकर जो मुकदमे दर्ज किए गए थे उन्हें वापस (स्पंज) किया जाए।

# तीन मंजिला मकान धराशायी हुआ, दो की मौत 10 लखनऊ रेफर अन्य की तलाश जारी

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर बाराबंकी।** सोमवार की भोर एक खबर ने सबको हैरत में डाल दिया। कस्बे में तड़के तीन बजे एक तीन मंजिला इमारत धराशायी हो गई। हादसे में मलबे के नीचे करीब 15 लोग दब गए, बचाव होने तक दो की मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही राहत टीम के साथ आला अफसर मौके पर पहुंच गए। निकाले गए घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। अब तक 10 लोगों को मलबे के नीचे से निकाला गया है। कुछ लोगों के फंसे होने की आंशका है। एनडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी रही। जानकारी के अनुसार यह हादसा नगर पंचायत कार्यालय के सामने मोहल्ला काजीपुर वार्ड दो में हुआ। यहां हाशिम नाम के शख्स का मकान तड़के करीब तीन बजे अचानक पूरी तरह से ढह गया।तेज आवाज सुन लोग बाहर निकले, नजारा देख मोहल्ले में हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम अधिकारी फोर्स और एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दो घंटों में मलबे के नीचे दबे कई लोगों को बाहर निकाला गया। इन्हें जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में हाशिम की 22 वर्षीय बेटी रोशनी, इस्लामुद्दीन का 25 वर्षीय का बेटा हकीमुद्दीन शामिल है । इस्लामुद्दीन, हाशिम के पड़ोसी हैं जिनका परिवार घर के बाहर सो रहा था। इमारत ढहने के वक्त ये लोग भी मलबे की चपेट में आ गए। घायलों में हाशिन की पत्नी शकीला (55), पुत्री जैनब ( 10 ), महक (12), पुत्र समीर (18), सलमान (25), सुलतान (28), जफरुल हसन (35) पुत्र इस्लामुद्दीन और उसकी मां उम्मे कुलसुम (60) शामिल हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने कई लोगों को रेस्क्यू किया वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। आठ लोगों को घायलावस्था में जिला अस्पताल भेजा गया था जहां से डॉक्टरों उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इमारत क्यों और कैसे गिर गई इसकी वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। एसपी दिनेश सिंह ने बताया कि हादसा भोर में करीब तीन बजे हुआ।12 लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया था। उनमें से दो की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल अन्य लोगों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

## ग्राम पंचायत में कैमरा लगाने पर प्रधान को किया गया सम्मानित



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत अभिषेक कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ग्राम पंचायत बघेली में थानाध्यक्ष लोटन चन्दन कुमार के नेतृत्व मे ग्राम प्रधान दिनेश कुमार द्वारा आठ कैमरा ग्राम पंचायत भवन सहित तमाम अलग अलग पर लगवाया गया। आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के पालन करने पर लोटन थानाध्यक्ष द्वारा प्रधान को सम्मानित किया गया। उनके इस कार्य से ग्रामीणों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। पुलिस की इस पहल का आम जनमानस द्वारा स्वागत किया गया। आपरेशन त्रिनेत्र (हर घर कैमरा) अभियान के तहत सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों को पुलिस जन सहयोग से चौराहों और सड़कों पर लगवाने का कार्य किया जा रहा है। थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने कहा की ग्राम पंचायत में कैमरा लगाना जरूरी था क्यो की कुछ बच्चे शरारती होते हैं उन्हें इस सीसीटीवी फुटेज के जरीये पकडा जा सकता है। नेपाल देश भी करीब है कुछ लोग भारत से नेपाल जाते है नेपाल देश से भारत देश आते है इस अलग अलग जगहों पर लगवाये गये है इसी रोड से काफी लोगों का आना जाना रहता है। इस उद्देश्य से कैमरा लगाया गया है की कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम देकर बच न सके अपराधियों की पहचान हो सके इस दौरान शिवकुमार, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार पाण्डेय, अजीत कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# उठो मेरी लाडली सकीना, जा रहा है काफिला मदीना: हसन जमाल

- अली ब्वॉयज़ कमेटी ने किया यौमे सकीना का आयोजन
- गुलाब व चमेली के फूलों से सजाकर ताबूत ए सकीना व गाज़ी अब्बास की निशानी आलम की करायी ज़ियारत

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हज़रत इमाम हुसैन अस की चार साल की चहेती बेटी जनाबे सकीना की याद में अली ब्वॉयज़ कमेटी रजि. के तत्वावधान में क्षेत्र के हल्लौर स्थित हुसैनी चौक पर रविवार शाम यौमे सकीना का आयोजन किया गया। जिसमें जनाबे सकीना के शबीहे ताबूत की ज़ियारत के साथ साथ मुकामी अंजुमनों ने नौहा मातम कर नज़राना पेश किया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग अंत तक जमे रहे।

यौमे सकीना का आगाज़ महबूब अलीग के तिलावते कलाम पाक से हुआ तो पेशख़्वानी आबिद, मौजिज, मीज़ान, मोहम्मद अब्बास, मीर शारिब,आले रज़ा, हसन सादिक ने अपने कलाम पढ़े। शाहिद आलम व हमनवा के शोज़ख्वानी से मजलिस का आगाज़ हुआ। ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कैदखाने ए शाम में जनाबे



सकीना की शहादत बयान किया। कहा कि जनाबे सकीना को इमाम हुसैन अस बहुत चाहते थे इसी लिए कही कही उनको सुकैना भी कहा गया। दिल को सुकून देने वाली बेटी को बाबा जान सुकैना कहा करते थे। सकीना हमेशा बाबा हुसैन के सीने पर सोती थी लेकिन जब इमाम हुसैन की शहादत हो गई तो यही बेटी बाबा के बे सर लाशें पर जाकर सो गई। जनाबे सकीना के कानों से गोशवारे यजीदी लश्कर ने नोंच लिए। कानों से लहू जारी हो गया। अंत में बीबी सकीना पर ढाए गए जुल्म व शहादत विस्तार से बयान किया तो अक़ीदतमंदो की जहाँ सिसकियां बध गई वही आंखों से अश्कों की धारा बहने लगी। बाद में गुलाब व चमेली के फूलों से सजाकर ताबूत ए सकीना व गाज़ी अब्बास की निशानी आलम की ज़ियारत करायी इसी बीच शादाब संजू ने जनाबे सकीना से मंसूब दर्दनाक कलाम पेश किया। उपस्थित लोग ताबूत का बोसा लेते हुए अश्कों का नज़राना पेश करते हुए मन्नत व मुरादें मांगी। यौमे सकीना का संचालन बेताब हल्लौरी ने किया। अंजुमन फरोग मातम रजि. की जानिब से फरहान, खुशनूद, मुमताज़ ने कहा कि यह कह कर सो गई सकीना अभी अभी-आये थे मेंरे ख्वाब में बाबा अभी अभी, नौहा पेश किया। अंजुमन गुलदस्ता मातम की जानिब से सावन, नफ़ीस, हसन जमाल ने नौहा पेश करते हुए कहा कि उठो मेरी लाडली सकीना, जा रहा है काफिला मदीना-जा रहा है काफिला मदीना, जा रहा है काफिला मदीना जिस पर मातमदारों ने मातम किया। मेज़बान अली ब्वायज कमेटी की जानिब से सदा सावन हल्लौरी और नौहा फजले अहमद ने पढ़ा। अंत मे यौमे सकीना आयोजक व अली ब्वायज कमेटी के अध्यक्ष इंतेज़ार हुसैन शबाब की जानिब से आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए तबर्रुक तकसीम किया। इस मौके पर कायम रज़ा, अलमदार हुसैन, वसी हैदर, शादाब हुसैन, अरशद मास्टर, तशबीब हसन, महफूज़ मैक्स, तसकीन हैदर, सरफराज, नायाब अहमद, सनी, राकी, शयान, सरफ़राज़, शाहिद अन्जू, शाहरुख बबलू, चिक्के, काज़िम रज़ा, कसीम रिज़्वी, पप्पू पल्सर, राजा रॉयल, अमानत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कपिलवस्तु के विकास कार्य हेतु मिली स्वीकृति, धन का हुआ आवंटन: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** तथागत भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली कपिलवस्तु के विकास के लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार ने धनावन्टन कर दिया है। अब जनपदवासियों का सपना शीघ्र ही पूरा होने वाला है।सरकार द्वारा जिले के कपिलवस्तु स्थित बौद्ध संस्कृति, विरासत संवहन तथा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए बजट पास कर दिया गया है। अतिशीघ्र विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य शुरू होने वाला है।

उक्त बातें सांसद जगदम्बिका पाल ने कहीं। वह सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय द्वारा उन्हें पत्र भेजकर जानकारी दी गयी है कि स्वदेश दर्शन 1.0 योजना के रूप में बौद्ध परिपथ के अंतर्गत श्रावस्ती-कुशीनगर-कपिलवस्तु का विकास हेतु 87.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत कपिलवस्तु के विकास हेतु 35.46 करोड़ की लागत से ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम 798.36 लाख, साइनेज 6.25 लाख, सोलर लाइटिंग 194.51, बुद्धा थीम पार्क, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर एवं पार्किंग 1816.92 लाख, वेस्ट प्रबंधन 75.21, पेय जल 2.00, हैलीपेड विकास 373. 71, सीसीटीवी एवं वाई-फाई हेतु 278.65 स्वीकृत किए गए हैं, जिसपर अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

## मादक पदार्थ का तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे सोमवार को नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले तस्कर को साप्ताहिक बाजार खुनुवा से 72 टेबलेट प्रॉक्सीवान व 75 tab nitravet के साथ चौकी प्रभारी खुनुवा बृजेश सिंह ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शोहरतगढ़ पर मु0अ0सं0 312/2023 धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्त राहुल अग्रहरी पुत्र सुबास अग्रहरी साकिन वार्ड नम्बर 7 सोनारी मोहल्ला कस्बा व थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय भेजा गया। इस दौरान चौकी प्रभारी खुनुवा बृजेश सिंह, का0 मनोज द्विवेदी, का0 अंगद सिंह, का0 निशान्त कुमार आदि मौजूद रहे।

## संगीतमयी रामलीला का 6 से होगा आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भीखीपुर ( खेमापुर) समसुद्दीनपुर में श्री नव युवक कार्यकारिणी रासलीला समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय संगीतमयी रासलीला का आयोजन आगामी 6 सितम्बर से किया जाएगा। इस मंचन को लेकर क्षेत्र में खास चर्चाएं होती रही है। इस संगीतमयी रासलीला का मंचन हमेशा से ही बाल कलाकार करते आ रहे है। जिससे रासलीला मंचन की छवि और भी अलौकिक हो जाती है। समिति के अध्यक्ष राम तीरथ प्रजापति ने बताया कि रासलीला का मंचन वर्ष 2001 से किया जा रहा है। विगत वर्षो में जब पूरा देश वैश्विक महामारी से जूझ रहा था तो उन वर्षो में सरकार के निर्देशानुसार मंचन नही हो पाया था। परन्तु जब स्थिति सामान्य हुई तो इस बार पुनः संगीतमयी रासलीला का मंचन किया जा रहा है। विगत वर्षों के सफल आयोजन में क्षेत्रवासियों और प्रशासन का भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है। जिसके दम पर रासलीला का मंचन दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

# खेल के बिना उत्तम स्वास्थ्य की कल्पना संभव नहीं: डॉ. फरीद अहमद सल्फी

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड उसका बाजार के ग्राम पंचायत उचहरिया में कबड्डी प्रतियोगीता का आयोजन राम समुझ व रोशन के देख रेख में आयोजित हुआ जिसमें कुल 32 टीमों ने भाग लिया इस प्रतियोगीता के मुख्य अतिथि हाजी करम हुसैन सल्फिया पब्लिक स्कूल खखरा के प्रबंधक सल्फिया हास्पिटल सोहांस बाजार के प्रोपराइटर डॉ. फरीद अहमद सल्फी रहे सल्फी ने फीता काट व दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल का शुभारम्भ किया।

खिलाड़ी व दर्शकों को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि डॉ. फरीद अहमद सल्फी ने कहा जो भी गेम हो उसमें अनुशासित होना बहुत जरूरी है। अच्छे व बेहतर स्वास्थ्य के लिये कबड्डी व अन्य खेलों का खेलना अति आवश्यक है ।खेल मनुष्य के लिए उतना ही अवश्यक है जितना खाने में नमक है उत्तम स्वास्थ्य



की कल्पना खेल के बिना सम्भव नहीं है बेहतर कबड्डी मेरे जीवन का सबसे उत्तम गेम है कबड्डी मेरे पुर्खों की धरोहर व कुड़वा घोंघी की पहचान है आज मेरे साथ कबड्डी खेलने वाले हमारे साथी खिलाड़ी दुनिया के कोने कोने में रह कर हमारे बेस्ट खेल व अनुशासित रहने का प्रचार कर रहे हैं ड़ा. सल्फी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की फाइनल मुकाबला उचहरिया व भिटपरा के बीच हुआ दोनों टीमों के खिलाड़ी एक एक अंक के लिए पसीना बहाते रहे जलाल शाह की अगुवाई वाली उचहरिया की टीम विजेता रही जलाल शाह मैन आफ दी मैच तो राजू मैन आफ दी सीरीज हुए। मुख्य अतिथि ने दर्शकों के हरदिल अजीज कमेंटेटर शायर मोहम्मद उस्मान यूसूफी व समस्त आयोजन समिति की खूब खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर छब्बू प्रसाद मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक डॉ. रामानंद वर्मा रजनीश सिंह, अनूपम, बाबर, सोनू, सलाहुद्दीन, रोशन बिल्डिंग मटेरियल इफ्तार आलम मिश्रा, उपेन्द्र श्रीवास्तव, वहीद शाह, हमीद शाह अनीसुर्रहमान, कल्याण सिंह छोटू सिंह इरशाद मोबाइल सतीश गोतम, बाल गोविंद, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## बसपा के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की जरूरत: शमीम अहमद



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक व कैडर कैम्प डूमरियागज विधानसभा के चौखडा सेक्टर मे किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक चुस्त दुरूस्त करने के लिए कमेटी मे नौजवानों को लेकर चलना होगा। जब नई जनरेशन काम करेगी तब पार्टी और ज्यादा मजबूत होगी। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है हम सभी साथी मिलकर बसपा सरकार में किये गये जनकल्याणकारी कामो को जन जन पहुंचाने का काम करे लोकसभा चुनाव किसी भी समय हो सकता है हम सब अपने अपने बूथों पर मुस्तैदी से तैयार रहे जिस से हम देश मे बसपा की सरकार बना सके। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष विरेंद्र कुमार गौतम व अध्यक्षता जिला सचिव महताब अहमद ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी विजयपाल कनौजिया अशोक कुमार बौध्द तिरभवन गौतम मोतीराम रामऔतार गुलशन गौतम पारसनाथ रोहित गौतम सवारे दास महेश कुमार दिनेश बौध्द राधेश्याम संतराम सूरज कुमार इंद्रजीत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


## देवेन्द्र मणि त्रिपाठी बने तहसीलदार सदर

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सोमवार



को जिले के तीन तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदले। तहसीलदार इटवा देवेन्द्र मणि त्रिपाठी को तहसीलदार नौगढ़ की जिम्मेदारी दी है। हाल ही में तहसीलदार नौगढ़ के पद पर तैनात रवि कुमार यादव को तहसीलदार इटवा बनाया गया। गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार राहुल सिंह को तहसीलदार बाँसी की जिम्मेदारी दी है। तहसीलदार सदर देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने तहसील नौगढ़ में पहुँचकर कार्यभार ग्रहण किया।

## डीएम ने की नीति आयोग के कार्यों की समीक्षा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नीति आयोग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने नीति आयोग द्वारा जारी होने वाले रैंकिंग की समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं के बारे में संबधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा सभी कार्यो को पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नीति आयोग के अन्तर्गत सीएसआर मद एवं अन्य मदों से जनपद में कराये जा रहे समस्त कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने हेतु संबधित एजेन्सी को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डा वीके अग्रवाल, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा एके0 झा, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, लीड बैंक अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

18 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार, सौंपा ज्ञापन

# अप्रैल 2005 से नियुक्त शिक्षकों को भी मिले पुरानी पेंशन: राधेरमण त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर सोमवार को जनपद के शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। धरना की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि जो शिक्षक 62 वर्ष तक सेवा करेंगे उनको निश्चित पेंशन मिलनी चाहिए। सरकार को एक अप्रैल 2005 से नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली करनी चाहिए।

परिषदीय शिक्षको को राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, कैशलेस चिकित्सा व द्वितीय शनिवार का अवकाश मिलना चाहिए। इसके अलावा प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति / तैनाती माध्यमिक शिक्षा परिषद



के शिक्षकों के अनुसार चयन वेतन मान, शिक्षकों के प्रोन्नति वेतनमान आदि सहित अट्ठारह मांग को लेकर शिक्षक आंदोलनरत हैं। कहा कि शिक्षकों की एकजुटता के बल पर हम सभी मांग पूरा कराकर रहेंगे। अनिरुद्ध मौर्य ने गीत के माध्यम से पुरानी पेंशन की मांग उठाई। धरना को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश मिश्र, गयानंद मिश्र, रुपेश सिंह,अच्छैवर, केके पांडेय, संतोष पांडेय, लालजी यादव, इंद्रजीत यादव, नमिता यादव, विकास ओझा, मनीष दूबे, अवधेश यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष ने बीएसए के प्रतिनिधि वरिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद को मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा। अपूर्व श्रीवास्तव व जिला कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित धरना में इंद्रसेन सिंह, सुधाकर मिश्र, जावेद आलम, दिनेश सिंह, सुधेंदु, करुणेश, शैलेंद्र राय, अशोक द्विवेदी, शिवाकांत दूबे आदि मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित



**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत जलालपुर नगर मंडल में भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र की अध्यक्षता व आनंद मिश्र के संचालन में नगर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आजादी के 75 वीं वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। जिसमें वीर शहीदों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। भाजपा द्वारा 8 से 13 सितम्बर के बीच मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को समझने और इसे सफल बनाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कि .मो. जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर, विस्तारक घनेश मिश्र, कि. मो.जिला मीडिया प्रभारी विकाश निषाद, पूर्व नगर अध्यक्ष मानिक चंद सोनी, मीसम रजा, सुरेश गुप्त, देवेश मिश्र आदि मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने भी मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के विषय पर विस्तार पूर्वक विचार प्रकट किया और कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम में पूरी ताकत के साथ जुटने हेतु आह्वान किया। इस मौके पर अरुण मिश्र, अली मेहंदी, सोनू गौड़, आशीष सोनी, अजीत निषाद, आशाराम मौर्य, संजय सोनकर, रोशन सोनकर, त्रिभुवन प्रसाद, सुशील अग्रवाल, मनोज पांडे, संदीप अग्रहरी, दिलीप यादव, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## गर्वनर ने छात्र-छात्राओं से पूछे सवाल

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** महामहिम राज्यपाल उप्र, श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने आदर्श ग्राम लेदवा के प्राइमरी विद्यालय, ब्लॉक सल्टौआ गोपालपुर के निरीक्षण में छात्र-छात्राओं से सवाल पूछे और उनका सही जवाब सुनकर उनको साबाशी दिया। उन्होंने बच्चों को सारस एवं नमन लिखने को कहा, जिसे सभी बच्चों ने सही-सही लिखा। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि दीवारों पर लिखा गिनती एवं पहाड़ा मातृभाषा हिंदी में भी लिखा जाए। कक्षा 3 में निरीक्षण के दौरान अध्यापक द्वारा गणित पढ़ाया जा रहा था। राज्यपाल महोदया ने पंखुड़ी हिंदी किताब निकलवाकर एक पाठ प्रियांशी से पढ़वाया। उन्होंने अध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों से श्रुति लेख अवश्य लिखवाये। उन्होंने कक्षा एक एवं दो में छात्र-छात्राओं से सस्वर पाठ करते हुए 'मेरा देश सलोना देश' कविता सुना तथा इसके निरंतर अभ्यास के लिए निर्देशित किया।

## एकल विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई पाठ्य सामग्री



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एकल अभियान के द्वारा सिद्धार्थनगर आंचल के नौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बरगदवा में सोमवार को एकल अभियान के संच प्रमुख गणेश चौरसिया द्वारा पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नौगढ़ ब्लाक संच के अंतर्गत आने वाले सभी एकल विद्यालय को एकल अभियान के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई पाठ्य सामग्री को सभी आचार्यों में भाजपा मंडल अध्यक्ष चिल्हिया रमेश मणि त्रिपाठी ने वितरित किया। मंडल अध्यक्ष चिल्हिया ने कहा जहां आज भी सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, वहां एकल विद्यालय के आचार्यों द्वारा संपर्क कर शिक्षा दी जाती है।

## 16 सफ़र का ऐतिहासिक जुलूस नगपुर में हुआ बरामद

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कर्बला में यजीदी फौज द्वारा हज़रत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन व उनके अन्य



71 जांनिसारो की हुई शहादत की याद में16 सफर का इतिहासिक जुलूस मुहल्ला करीमपुर नगपुर से मौलाना हसन मेहंदी वाइज की मजलिस के बाद बरामद हुआ। अंजुमन इमामिया नगपुर द्वारा निकाले गए मातमी जुलूस में हजारों अकीदतमंद अश्कों से भीगी आंखों से हज़रत इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद कर रोए। डॉ अब्बास रज़ा रहबर के संचालन में दौरान-ए-जुलूस ख्याम-ए-हुसैनी के दिलसोज मंज़र की नकाबत मौलाना शारिब अब्बास व डॉ अब्बास रज़ा नयर लखनऊ विश्वविद्यालय ने करते हुए कर्बला में हुऐ ज़ुल्म को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। जुलूस में अलम, जुलजनाह,ताबूत व गहवारा अली असगर की जियारत भी कराई गई।मौलाना फरमान अली वाइज की तकरीर पर जुलूस का समापन हुआ। पूरी रात्रि चलने वाले कार्यक्रम में दर्जन भर से ज्यादा अंजुमनों ने नौहाख्वानी कर सीनाजनी की। जुलूस में कल्बे हसन, मोहम्मद शारिब, अली अकबर, किरदार मेहदी, सरकार मेहदी समेत अंजुमन के कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

## सरयू नहर पुलिया में बोरे में मिला युवती का शव

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के निकट सरयू नहर पुलिया से एक युवती का बोरे में बंधा शव मिला है। युवती के शव को हाथ पैर कपड़े से बांध कर बोरे में रखा गया था। सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती की अन्यत्र हत्या कर शव को बोरे में भरकर फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाने से करीब पांच सौ मीटर दूर गोकुलपुर गांव के पास नहर की पुलिया में एक बोरे से दुर्गंध उठने की सूचना ग्रामीणों ने दुबौलिया पुलिस को दी।। मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बोरे को नहर पुलिया से पानी से बाहर निकाला। बोरे को खोल कर देखा तो उसमें एक युवती का शव पडा था। जिस का हाथ पैर कपड़े से बंधा हुआ था। युवती के शव को देखने से वह कई दिनों पुराना लग रहा था। जिससे काफी दुर्गंध उठ रही थी।

युवती के शरीर पर लाल रंग की समीच, सफेद रंग की लेगी पहने हुई थी। चेहरा सड़ने के कारण पहचान मुश्किल हो रहा था। शव मिलने की सूचना पर आस पास के ग्रामीणो की भारी भीड़ जुट गई। सूचना बाद मौके पर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि शव तीन चार दिन पुराना है।

शव की पहचान नहीं हो पाया है। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को देखने से लग रहा है कि युवती की हत्या कर शव को बोरे में हाथ पैर बांध कर फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## विधायक ने सीएमओ के कार्रवाई से नहीं हुए संतुष्ट

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों के संबंध में गत दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्रवाई के संबंध में जानकारी हेतु शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा द्वारा सीएमओ को भेजे गए पत्र के बाद सोमवार को सीएमओ ने विधायक को कार्रवाई संबंधी पत्र भेजा है लेकिन पत्र से वह संतुष्ट नहीं हुए और पुनः सीएमओ को पत्र लिखकर पूरे शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अवैध अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही है न कि केवल कस्बा शोहरतगढ़ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने रविवार को सीएमओ को पत्र भेजकर शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गत दिनों स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध अस्पतालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। जिसके बाद सीएमओ डा. वीके अग्रवाल ने सोमवार को कस्बा शोहरतगढ़ के अस्पतालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी पत्र के माध्यम से भेजा है। विधायक विनय वर्मा ने बताया कि सीएमओ द्वारा आज पत्र मेरे पास भेजा गया है।पत्र का अवलोकन करने के बाद पता चला कि पूरे शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जानकारी आपसे मांगी थी लेकिन आपने केवल कस्बा शोहरतगढ़ में संचालित अस्पतालों की जानकारी हमें दिया है। जबकि मुझे बढ़नी व शोहरतगढ़ ब्लाक के पूरे क्षेत्र और जोगिया,नौगढ़ व इटवा ब्लाक के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैध अस्पतालों के खिलाफ आपके विभाग द्वारा किए गए कार्रवाई की सूचना लिखित रूप से दी जाए।

## हापुड़ काण्ड को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बार काउंसिल के आवाहन पर जलालपुर अधिवक्ता भवन में बार एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बैठक कर हापुड़ कांड को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई। अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बार काउंसिल के आवाहन पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला दहन किया जाएगा। हापुड़ में हुए अधिवक्ताओं के साथ हुई बर्बरता पूर्ण रवैया को अधिवक्ता निंदा करते हुए घोर भर्तसना करते है। बैठक के पश्चात अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। मौके पर अधिवक्ता सुनील सिंह, श्याम सुंदर यादव, अरविंद सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, ललित नारायण मिश्र ,मुलायम सिंह यादव समेत तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## चले सूर्य की ओर

इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक बार फिर ढेरों बधाइयां और प्रथम सौर मिशन की अंतिम सफलता की शुभकामनाएंज। 'चंद्रयान-3' की अनुपम सफलता के बाद इसरो ने 'आदित्य एल-1' मिशन का प्रक्षेपण किया है। फिलहाल यान पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इस मिशन के बाद अक्तूबर में 'गगनयान' का सफरनामा शुरू किया जाएगा। शुक्र पर जाने का भी लक्ष्य तय है। सूर्य के अध्ययन के लिए सैटेलाइट भेजने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश है। अमरीका के नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के बाद मिशन इसरो ने भेजा है। कभी इस दिन, इन लम्हों और ऐसी उपलब्धियों की कल्पना भी की थी? सूर्य तो हम भारतीयों के लिए भगवान स्वरूपा देव हैं। हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है।

यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है। यान पर 7 पेलोड हैं, जो तमाम सूचनाएं, संकेत और चित्र धरती पर इसरो तक पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी से सूर्य की कुल दूरी करीब 1.5 करोड़ किलोमीटर है। इसरो का मिशन फिलहाल 1.5 लाख किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें भी 125-127 दिन का वक्त लगेगा। अर्थात प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितीय गणना के बल पर 'आदित्य' चार माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहेगा और अंततः होलो ऑर्बिट तक पहुंचेगा। दरअसल सूर्य का गहन, सूक्ष्म अध्ययन इसलिए जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी पर मानवीय जीवन उसी की बदौलत है। सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं, लिहाजा सूर्य पर होने वाले बदलावों, तापमान की प्रक्रिया, ऊर्जा के निरंतर प्रवाहित होने वाले कणों से वे लगातार प्रभावित होते रहते हैं।

अब उनका वैज्ञानिक अध्ययन करना अनिवार्य होता जा रहा है, क्योंकि मानवीय प्रयास चांद और मंगल तक तो पहुंच ही चुके हैं। बृहस्पति और शुक्र पर भेजे जाने वाले मिशनों पर काम किए जा रहे हैं। बहरहाल 'आदित्य' सूर्य की संरचना, उत्पत्ति, किरणों और उसके वायुमंडल का अध्ययन करेगा। ऐसे पेलोड भी भेजे गए हैं, जो अध्ययनों को रिकॉर्ड कर इसरो तक भेजेंगे। सौर हवाओं, तूफानों, बदलावों और भूकंपों के भी अध्ययन किए जाएंगे। मौसम के बदलाव पर भी मिशन की निगाहें रहेंगी। सूर्य के तापमान, बाहरी किनारों की हीटिंग, ऊर्जा की पद्धतियों और पराबैंगनी किरणों के भी अध्ययन किए जाएंगे। हमारा मिशन फिलहाल एक फीसदी क्षेत्र को ही कवर कर सकेगा। वैज्ञानिक एल-1 को 'अंतरिक्ष की पार्किंग' कहते हैं, लिहाजा वहां पहुंच कर और मिशन को स्थापित कर अध्ययन किए जा सकते हैं। दरअसल सूर्य पर होने वाली गतिविधियों की हमें पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी नहीं है। आजकल जलवायु परिवर्तन पर मंथन और चर्चाएं जारी हैं। क्या सूर्य की गर्मी पृथ्वी के तापमान और पर्यावरण को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित कर रही है, इस निष्कर्ष पर हम तभी पहुंच सकते हैं, जब हमारे पास सूर्य के अध्ययन के साक्ष्य होंगे। बहरहाल अभी तक सूर्य के 22 मिशन भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसरो जो कर रहा है, उससे वह इतिहास रचने जा रहा है। भारत अंतरिक्ष की शक्ति बनता जा रहा है, अब यह समूचे विश्व के सामने है। भारत की 'अंतरिक्ष स्टेशन' बनाने की भी योजना है। फिलहाल 'आदित्य एल-1' के सफर पर निगाहें हैं, क्योंकि यह सफलता भारत के लिए बेहद जरूरी है। देशवासियों को इसके सफल होने की कामना करनी चाहिए।

## भारतीय शिक्षा जगत को नयी दिशा देने वाले डा. राधाकृष्णन

मृत्युंजय दीक्षित

भारतीय शिक्षा जगत को नई दिशा देने वाले डा. राधाकृष्णन का जन्म तत्कालीन दक्षिण मद्रास में लगभग 60 किमी की दूरी पर स्थित तिरुत्तनी नामक छोटे से कस्बे में 5 सितम्बर सन 1888 ई. को सर्वपल्ली वीरास्वामी के घर पर हुआ था। उनके पिता वीरास्वामी जमींदार की कोर्ट में एक अधीनस्थ राजस्व अधिकारी थे। डा. राधाकृष्णन बचपन से ही कर्मनिष्ठ थे। उनकी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तिरुत्तनी हाईस्कूल बोर्ड व तिरूपति के हर्मेसबर्ग इवंजेलिकल लूथरन मिशन स्कूल में हुई। उन्होंने मैट्रिक उत्तीर्ण करने के बाद येल्लोर के बोरी कालेज में प्रवेश लिया जहाँ उन्हें छात्रवृत्ति भी मिली। सन 1904 में विशेष योग्यता के साथ प्रथमकला परीक्षा उत्तीर्ण की तथा तत्कालीन मद्रास के क्रिष्चियन कालेज में 1905 में बी.ए की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें पुनः छात्रवृत्ति दी गयी। उच्च अध्ययन के लिए उन्होंने दर्शन शास्त्र को अपना विषय बनाया। इस विषय के अध्ययन से उन्हें विश्व भर में ख्याति मिली। एम. ए. की उपाधि प्राप्त करने के बाद 1909 में एक कालेज में अध्यापक नियुक्त हुए और प्रगति के पथ पर निरंतर बढ़ते चले गये।

उन्होनें मैसूर तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। उनका अध्ययन जिज्ञासा पर था। उन्होनें कहा कि ग्रामीण, गरीब व अशिक्षित जो अपनी पारिवारिक परम्पराओं तथा धार्मिक क्रियाकलापों से बंधे हैं जीवन को ज्यादा अच्छे से समझते हैं। उन्होनें द एथेक्स आफ वेदांत विषय पर शोधग्रंथ लिखने का निर्णय किया। इसमें उन्होंने दार्शनिक चीजों को सरल ढंग से समझाया। उनका कहना था कि, हिदू वेदांत वर्तमान शताब्दी के लिए उपयुक्त दर्शन उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है जिससे जीवन सार्थक व सुखमय बन सकता है। उन्होंने वर्ष 1910 में सैदायेट प्रशिक्षण कालेज में विद्यार्थियों को 12 व्याख्यान दिये। उन्होनें मनोविज्ञान के अनिवार्य तत्व पर पुस्तक लिखी जो कि 1912 में प्रकाशित हुई।

वह विश्व को दिखाना चाहते थे कि मानवता के समक्ष सार्वभौम एकता प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन भारतीय धर्म दर्शन है। 1936 से तीन वर्ष तक आक्सफोर्ड विवि अध्यापन का कार्य किया । 1939 में उन्होनें दक्षिण अफ्रीका में भारतीयता पर व्याख्यान दिया। इसी समय द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारम्भ हो गया और वे स्वदेश लौट आए तथा उन्हें काशी विवि का उपकुलपति नियुक्त किया गया।

स्वतंत्रता मिलने पर उन्हें विश्वविद्यालय आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा 1949 में सोवियत संघ में भारत के राजदूत बने। इस दोरान उन्होने लेखन भी जारी रखा। सन 1952 में डा. राधाकृष्णन भारत के उपराष्ट्रपति बने। 1954 में उन्हें भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। डा.राधाकृष्णन 1962 में राष्ट्रपति बने तथा इन्ही के कार्यकाल में चीन तथा पाकिस्तान से युद्ध भी हुआ। 1965 में आपको साहित्य अकादमी की फेलोशिप से विभूषित किया गया तथा 1975 में धर्म दर्शन की प्रगति में योगदान के कारण टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

उन्होनें अनेक पुस्तकें लिखीं जो उनके ज्ञान का प्रमाण हैं । उनकी पुस्तकें इंडियन फिलासफी, द हिंदू वे आफ लाइफ, रिलीफ एंड सोसाइटी, द भगवदगीता, द प्रिंसिपल आफ द उपनिषद, द ब्रहमसूत्र, फिलासफी आफ रवींद्रनाथ टैगेर सम्पूर्ण विश्व को भारत के ज्ञान का परिचय देती हैं। वह निष्काम कर्मयोगी, करुण हृदयी, धैर्यवान, विवेकशील तथा विनम्र थे। उनका जीवन भारतीयों के लिये ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्हीं को आदर्श मानकर आज पूरे भारत में शिक्षक दिवस पूरे धूमधाम से मनाया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है।

# नये शिक्षक से होगा नये भारत का निर्माण

भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करने के बाद से देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षकों को अधिक सशक्त, जिम्मेदार एवं राष्ट्र- व्यक्ति निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया जाने लगा है।



ललित गर्ग

लार्ड मैकाले की शिक्षा में अब तक भारत में गुरु एवं शिक्षक श्रद्धा का पात्र न होकर वेतन-भोगी नौकर बन गया था, शिक्षक की भूमिका गौण हो गयी थी। 'सा विद्या या विमुक्तये', यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें। पर चिंता का विषय बना रहा कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा करते रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब नयी शिक्षा नीति में शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन होगा, स्वदेशी, सार्थक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से उन्नत पीढ़ी का निर्माण होगा। गुरु के महत्व को बढ़ाकर प्रबन्ध-तंत्र के वर्चस्व को घटाया जायेगा। अब भारत की नयी शिक्षा नीति में शिक्षक का चरित्र एवं साख दुनिया के लिये प्रेरक एवं अनुकरणीय बनकर प्रस्तुत होगा, जिसमें भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति का समावेश दिखाई देगा। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं।

स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक एवं गुरु आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन एवं विकास करने का प्रयत्न करते रहते थे। जबकि मैकाले की शिक्षा विद्यार्थी को शरीर, मन, बुद्धि एवं चरित्र से रुग्ण बनाकर केवल धन कमाने की मशीन, कुसंस्कृत एवं पतनोन्मुख बनाती रही है। राजनीतिक संघर्ष से भले ही देश को शारीरिक स्वतंत्रता मिली पर विगत साढ़े सात दशकों में मानसिक-बौद्धिक-भावात्मक परतंत्रता की बेड़िया मजबूत हुई है।



अब नरेन्द्र मोदी सरकार ने शिक्षा की इन कमियों एवं अधूरेपन को दूर करने के लिये नयी शिक्षा नीति घोषित की है और उसमें शिक्षकों के दायित्व को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें जिम्मेदार, नैतिक-चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गयी है।

भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं।÷ डॉ. कलाम की यह शानदार उक्ति प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में आज भी गूंज रही हैं। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है- ''शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है।'' लेकिन हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्तमान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है। पूरे देश में 'एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा' पॉलिसी पर काम किया जाने लगा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, शिक्षक देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसी वजह से वे अधिक सम्मान के योग्य होते हैं।' नयी शिक्षा नीति में ऐसी संभावनाएं है कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रभावी बनकर प्रस्तुत होगी। अब शिक्षा से मानव को योग्य, राष्ट्र-निर्माता एवं चरित्रवान बनाने का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा।

अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा का रूप प्रदान करता है। वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। डॉ. जाकिर हुसैन ने अध्यापक को प्रेम, सहिष्णुता और त्याग की प्रतिमूर्ति माना है। पाश्चात्य शिक्षाशास्त्री जॉन डयूवी ने 'एजूकेशन ऑफ टुडे' नामक ग्रंथ में शिक्षक के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है- ''शिक्षक बालक के लिए सदैव परमात्मा का पैगम्बर होता है, जो परमात्मा के सच्चे राज्य में प्रवेश कराने वाला है।'' एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न करता है। यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। ऋग्वेद के सूक्त में शिक्षक का माहात्म्य बताते हुए कहा गया है- ''हे ज्ञान और ऐश्वर्य के स्वामी आचार्य! आप पिता के समान शुभचिंतक तथा बुद्धि के स्वामी हैं अतः हमें पूर्णतः शिक्षित कीजिए।'' जे. कृष्णामूर्ति ने सच्चे अध्यापक की जो कसौटियां प्रस्तुत की हैं, वे उसके व्यक्तित्व के माहात्म्य को प्रकट करने वाली हैं- ''सच्चा अध्यापक अभ्यंतर में समृद्ध होता है अतः अपने लिए कुछ नहीं चाहता, वह महात्वाकांक्षी नहीं होता, वह अपने अध्यापन को पद अथवा सत्ताधिकार प्राप्त करने का साधन नहीं बनाता। सच्ची संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हुई है। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त होगा। आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -'व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।' हाल ही में आपने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। अब नयी शिक्षा नीति से ऐसे ही आन्दोलनकारी शिक्षा उपक्रम जगह-जगह देखने को मिलें, तभी इस नवीन घोषित शिक्षा नीति की प्रासंगिकता है। अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है।

# जिम्मेदार नागरिक बनाने का शिल्पकार होता है शिक्षक

दो दशक पहले खासकर गांव के बच्चे स्कूल जाने से कतराते थे। स्कूल का वातावरण अच्छा नहीं लगता था। पढ़ाई के प्रति रूचि का अभाव रहता था। आज वही बच्चे शिक्षा लेने के लिए स्कूल से लेकर ट्यूशन तक काफी सक्रिय रहते हैं। लेकिन यह विडंबना ही है कि आज की शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के संपन्न परिवार के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पठन-पाठन कर रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिक सामाजिक, बौद्धिक व चारित्रिक स्तर पर कितने समृद्ध हैं। ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान आदि के जरिए ही मानव ज्ञानी, विवेकी, सक्षम और चरित्रवान बनता है। मानव को अच्छा इंसान बनाने में औपचारिक व अनौपचारिक रूप से शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। बिना शिक्षा के मानव पशु के समान है। आदिकाल से ज्ञान के बल पर ही विश्व ने अनेकशः अनुसंधान और नए-नए आविष्कार किया है। मानव केवल रोटी, कपड़ा और मकान तक सीमित नहीं रहा अपितु वह तमाम भौतिक और आध्यात्मिक चीजों की खोज करके मानव जीवन व समस्त धरती को सुख-सुविधाओं से संपन्न किया है। वैज्ञानिक से लेकर दार्शनिक तक ने गुरु की दीक्षा व मार्गदर्शन से ही वांछित लक्ष्य को प्राप्त किया है। हमारे देश में प्राचीन समय से गुरु के महत्व को स्वीकार किया गया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि गुरु वह नहीं जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक गुरु तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।



अमृतांज इंदीवर

वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए दुनियाभर में बाल मनोविज्ञान और शिक्षा पद्धति पर नित्य नए-नए अनुसंधान हो रहे हैं। आज की शिक्षा बाल केंद्रित है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा कौशल, तकनीकी कौशल, जीवन कौशल, सामाजिक मूल्य, शैक्षिक भ्रमण, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, आइटी शिक्षा आदि शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परिवर्तन से बच्चों का आईक्यू लेवल काफी बढ़ा है। बच्चों में इमेजिंग क्षमता और अभिव्यक्ति कौशलों का भी जबर्दश्त ग्रोथ हुआ है। दो दशक पहले खासकर गांव के बच्चे स्कूल जाने से कतराते थे। स्कूल का वातावरण अच्छा नहीं लगता था। पढ़ाई के प्रति रूचि का अभाव रहता था। आज वही बच्चे शिक्षा लेने के लिए स्कूल से लेकर ट्यूशन तक काफी सक्रिय रहते हैं। लेकिन यह विडंबना ही है कि आज की शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के संपन्न परिवार के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पठन-पाठन कर रहे हैं। इससे इतर गरीब, मजदूर व मध्यम किसान वर्ग के नौनिहालों की शिक्षा पूर्णतः सरकारी विद्यालयों पर निर्भर है। आजादी के सात दशक उपरांत हमने जितनी तरक्की कर ली हो, लेकिन आज भी यह हकीकत है कि भारत में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था लागू है। एक ही गांव से कुछ संपन्न बच्चे प्राइवेट स्कूल जाते हैं, तो दूसरी ओर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के बच्चे सरकारी स्कूल जाते हैं।



बिहार के मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखंड स्थित चांदकेवारी के वयोवृद्ध बिहारी प्रसाद कहते हैं कि प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों से अधिक योग्य शिक्षक जो सीटीइटी (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) व एसटीइटी (सेकेंडरी टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) पास करके सरकारी स्कूल में आ रहे हैं, आखिर क्या कारण है कि गरीबों के बच्चों का शैक्षणिक विकास प्राइवेट स्कूल के बच्चों से कम हो रहा है? हाल ही में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने सरकारी स्कूल की कायापलट को लेकर बेहतरीन काम शुरू किया है। केके पाठक ने जब खुद सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो शिक्षकों में हड़कंप मच गया। इतना तो जरूर हुआ है कि शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति सुधरी और प्रशासनिक एक्शन के चलते स्कूल की साफ-सफाई, प्रार्थना सभा, कक्षा कक्ष कार्य को पूरी तल्लीनता से किया जा रहा है। इधर, कुछ दिनों से संविदा कर्मियों का धरना-प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर विभाग सीसीटीवी से चेहरे का मिलान करके कार्रवाई कर रही है। पाठक ने फरमान जारी कर कहा है कि कोई शिक्षक स्कूल से गायब रहेंगे, तो उनकी खैर नहीं है। स्कूल ही नहीं, कॉलेजों में भी औचक निरीक्षण लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। सचिव ने कॉलेजों में छात्रों की संख्या को लेकर ताजा फरमान जारी किया है कि जहां छात्र कम होंगे उस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। ऐसे बहुत सारे कॉलेज हैं, जहां छात्रों की उपस्थिति नगण्य रहती है। केवल परीक्षा के समय छात्रों की भीड़ उमड़ती है।

इस संबंध में सेवारत शिक्षकों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि सरकार केवल काम लेना चाहती है। एक ही स्कूल में एक शिक्षक राज्यकर्मी हैं तो दूसरा नियोजित है। जबकि शिक्षकों को सम्मानित वेतनमान मिलनी चाहिए। हाल ही में बिहार सरकार शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने को लेकर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी। आश्वासन भी दिया गया कि शीघ्र ही तमाम बिंदुओं पर सरकार निर्णय लेगी। शिक्षकवर्ग में असंतोष की सबसे बड़ी वजह है उपयुक्त वेतमान नहीं मिलना है। स्कूल की तमाम गतिविधियों में परिवर्तन साफ-साफ दिख रहा है। दूसरी ओर स्कूल में योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 1 लाख 70 हजार बहाली बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) के माध्यम से कराई जा रही है ताकि बिहार के नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाई जा सके। बहाली की प्रक्रिया बहुत तेजी से हो रही है। उम्मीद है कि जल्द ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग की इकाई यूडीआईएसई (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) की रिपोर्ट की मानें तो बिहार में एक साल के दौरान तकरीबन 2945 नए सरकारी विद्यालयों खुले हैं। जहां विषयवार शिक्षकों का अभाव है। 2019-20 में सरकारी स्कूलों की संख्या 72,610 थी, जो 2020-21 में बढ़कर 75,555 हो गई है। निजी स्कूलों की संख्या तकरीबन 7923 है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार बिहार में साक्षरता दर 61.8, अरुणांचल प्रदेश 65.5 एवं राजस्थान 66.1 प्रतिशत है। केरल में सबसे अधिक साक्षरता दर 94 प्रतिशत और लक्षद्वीप में 91.85 प्रतिशत है। साक्षरता के मामले में बिहार सबसे पिछड़ा राज्य है। वैश्विक स्तर पर बिहार प्राचीन समय से ज्ञान, विज्ञान व विद्या का केंद्र रहा है। एक समय में नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय आदि की पूरी दुनिया में धाक रही है। ऐसे में संकल्प लेने की जरूरत है कि शिक्षा की लौ जलाने में स्थानीय लोग भी शैक्षिक विकास की दिशा में सहभागिता व सक्रियता निभाएं। शिक्षक व शिक्षालय के जरिए ही राष्ट्र के नागरिक जागरूक, सशक्त, स्वावलंबी एवं जिम्मेदार बन सकते हैं। वास्तव में, एक शिक्षक ही देश के ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करने का असली शिल्पकार है। (चरखा फीचर)

# आज बाजारीकरण के युग में सच्चा शिक्षक होना आसान नहीं

यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि देश में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। शिक्षा विभाग क्षेत्र में अक्सर घोटालों की गूंज सुनाई देती हैं। कहाँ, किस पद का, किस काम का, कितना रेट तय है? यह उस क्षेत्र से संबंधी लोगों को पता होता हैं, लेकिन सब अपने फायदे के हिसाब से या डर से आँखे मूंदकर रहते हैं।

शिक्षक को समाज में माता-पिता समान ईश्वर का रूप माना जाता हैं। शिक्षक त्याग, समर्पण और न्याय की वह मशाल हैं, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों को यश मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रकाशमान होती है। एक सच्चे शिक्षक में मुख्यतः गुण विषयतज्ञ, कौशलपूर्ण, मार्गदर्शक, दूरदर्शी, शोधकर्ता, विश्लेषक, मृदुभाषी, सहकारी, अनुशासित, समयनिष्ठ, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित, परोपकारी और मेहनती होते है। शिक्षक सर्वदा घृणित व्यवहार, लालच, अभिमान, दिखावा, नशा और भ्रष्टाचार से दूर रहकर, कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानकर हमेशा समाज में नयी पीढ़ी को आदर्श रूप देने के लिए ऊर्जावान बने रहते है। सच्चा शिक्षक जात-पात, धर्म, रंग, ऊंच-नीच, लिंगभेद जैसे विचारों से अलिप्त रहकर अपने विद्यार्थियों को एक समान दृस्टी से देखता हैं जैसे माँ अपने सभी बच्चों को एक समान देखती है। देश में, समाज में, दुनिया में शिक्षक बेहद जिम्मेदारी का पद हैं, शिक्षक पर नई पीढ़ी को कर्तव्यदक्ष सुजान नागरिक में परिवर्तित करने की कला होती हैं। शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का उज्जवल भविष्य तैयार होता हैं, और यही हैं एक सच्चे शिक्षक की पहचान।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज समाज में आपराधिक वृत्ति काफी तेजी से बढ़ी हैं, स्कूली बच्चें से लेकर महाविद्यालयीन किशोर गंभीर अपराधों में लिप्त नजर आते हैं, सभ्यताओं, मूल्यों, मान, संस्कारों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती है, आज हम खूब सुशिक्षित हो रहे हैं लेकिन सुसंस्कृत क्यों नहीं? हर ओर शिक्षा का व्यापारीकरण नजर आता है। आज के आधुनिक समय में शहरों और महानगरों में स्कूल का नाम ब्रांड बन गया हैं, सभी अभिभावक नामी निजी स्कूलों में ही अपने बच्चो को पढ़ाना चाहते हैं, तो फिर यह प्रश्न चिन्ह तैयार होता हैं कि सर्वोत्तम स्कूली शिक्षा के बावजूद बच्चों को बाहर कोचिंग सेंटर क्यों भेजा जाता हैं? बेहतर निजी शिक्षा संस्थान में बच्चों को पढवाने के बावजूद बच्चों को प्रथम कक्षा से ही ट्यूशन लगवाना जरुरी समझा जाता है। विद्यार्थियों के ड्रेस, किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, बैग अर्थात सब शिक्षा संबंधी साहित्य खरीदारी के नियम भी पहले से तय होते हैं और वर्षभर अलग-अलग एक्टिविटीज-इवेंट अलग से चलते रहते हैं।

आबादी के मामले में विश्व में अग्र क्रम पर तथा सबसे अधिक शिक्षासंस्थानों में तीसरे क्रमांक पर हमारा भारत देश है, फिर भी हर साल बड़ी संख्या में हमारे देश के लाखों विद्यार्थी पढ़ाई करने विदेश जाते है, साथ ही बड़ी मात्रा में देश का धन भी बाहर जाता है। गुणवत्ता की बात करे तो विश्वस्तर पर शीर्ष के शिक्षा संस्थानों में भारत का नाम नदारद है। यूनेस्को की शिक्षा रिपोर्ट 2021 अनुसार, देश में 1 लाख स्कूल सिर्फ 1 शिक्षक के भरोसे चलते हैं। देश के स्कूलों में 11.16 लाख पद रिक्त हैं, जिनमें से 69% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि देश में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ी हैं। शिक्षा विभाग क्षेत्र में अक्सर घोटालों की गूंज सुनाई देती हैं। कहाँ, किस पद का, किस काम का, कितना रेट तय है? यह उस क्षेत्र से संबंधी लोगों को पता होता हैं, लेकिन सब अपने फायदे के हिसाब से या डर से आँखे मूंदकर रहते हैं। अन्याय और भ्रष्टाचार करके अगर शिक्षक नौकरी पाता है, अनुचित कार्य करता है, तो वह कैसे अपने पद से न्याय कर पायेगा? और कैसे वह आदर्श पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा?




जिन निजी शिक्षा संस्थानों का नाम मशहूर हैं वहां शिक्षक कर्मचारियों का वेतन तो भी ठीक-ठाक हैं क्योंकि उन्हें अपना स्तर बनाए रखना हैं, परंतु अधिकतर संस्थानों में तो शिक्षक दिहाड़ी मजदुर से भी कम वेतन पर काम करता हैं। इस महंगाई के दौर में कई शिक्षकों का अत्यल्प वेतन पर कार्य करना, उनका जीना मुश्किल बनाता हैं, तो कही शिक्षकों को महीनों तक बिना वेतन कार्य करवाया जाता है, तो कई राज्यों में बरसों से नहीं अपितु दशकों से शिक्षकों की नई भर्तियां ही नहीं हुई है। अनेक शिक्षा-संस्थानों में योग्यतापूर्ण शिक्षक तक नहीं, फिर भी पढ़ाते हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालय और सरकारी अनुदानित शिक्षा संस्थान ठेका पद्धति द्वारा अनेक वर्षो से शिक्षकों को टेम्पररी काम पर रख कर शिक्षा का कार्य चला रहे है। देश में केजी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा के लिए आवश्यक तज्ञ शिक्षकों में बेतहाशा बेरोजगारी का आलम होने से शिक्षा क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए संघर्ष चरम पर नजर आता है, जिसके कारण भेदभाव, भ्रष्टाचार, सिफारिश जैसी समस्या उदयमान होती है। इन सब के चलते जो जैसी नौकरी मिले किसी भी क्षेत्र में शिक्षक काम करने को तैयार हो जाते है। बड़ी संख्या में शिक्षक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद शिक्षण विभाग में करियर न बनने के कारण मजबूरी में प्रोफेशन बदल लेते है। कई लोगों के जीवन का सबसे कीमती समय इसी तरह बर्बाद हो जाता हैं, जिसका उनके पूरे जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

शिक्षक जैसे पवित्र पद को कलंकित करने वाली अनेक खबरें आजकल देखने-सुनने को मिलती है, जो इंसानियत को भी शर्मसार कर देती है। ऐसे ये शिक्षक नहीं, समाज के भक्षक है, जो शिक्षक के मूल परिभाषा से अनभिज्ञ होकर ये शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करते है। आज बढ़ती सामाजिक समस्याओं में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, अत्याचार, अपराध, स्वार्थवृत्ति, नशाखोरी, मिलावटखोरी, प्रदूषण, कामचोरी, झूठ, जालसाजी, संस्कारहीन व्यवहार इन सभी समस्याओं का मूल कारण लोगों द्वारा नियमों की अवहेलना और लापरवाही है, जो काफी हद तक उस व्यक्ति की शिक्षा और संस्कार पर सवाल उठाता है। कोई भी बचपन से ही अपराधी के रूप में जन्म नहीं लेता है, बच्चें कच्चे मिट्टी के घड़े से होते है, शिक्षक उन्हें जैसा बनाएंगे विद्यार्थी वैसा बन जायेंगे, माना कि बच्चों पर समाज और परिवार का प्रभाव भी होता है लेकिन मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका में शिक्षक ही होता है। आज के इस व्यापारीकरण के युग में शिक्षक को आत्मचिंतन की बेहद आवश्यकता हैं, क्योंकि शिक्षक के कला-गुणों पर ही देश का आनेवाला कल निर्भर है। ऐसा भी नहीं है कि अब शिक्षक समाज सुधारक के रूप में नजर नहीं आते, कम ही सही लेकिन कई शिक्षक सच्चे समाजसुधारक बनकर आज भी विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला कर समर्पण की भावना से विद्यार्थियों में शिक्षा की ज्योत प्रज्वलित करने के लिए संघर्ष कर रहे है।

ऐसे अनगिनत महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने देश की जनता की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर देश व समाज की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, जिसमें शिक्षा का क्षेत्र भी प्रमुख हैं। देश में महिला शिक्षा की पहली लौ जलानेवाले महान समाज सुधारक सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले थीं, जिन्होंने महिला शिक्षा को सफल बनाने के लिए कई कठिनाइयों से संघर्ष किया, सावित्रीबाई फुले को भयंकर सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा। लोग उन पर कीचड़, पत्थर, गोबर फेंकते थे, मारते थे, गालियां देते थे, श्राप देते थे, तिरस्कार और घृणा की दृष्टि से देखते थे।

# ट्रेन में महिला सिपाही के खून से लथपथ मिलने के मामले में एसपी रेलवे कोर्ट में हुईं पेश

- 13 सितंबर को होगी सुनवाई
- एक बोगी में औसत चार से पांच लोग ही थे सवार



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को महिला पुलिस के सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में खून से लथपथ मिलने की घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव ने कोर्ट को बताया कि पांच टीमें मामले की जांच कर रही हैं। इसमें सीओ और डिप्टी एसपी रैंक के ऑफिसर शामिल हैं।

कोर्ट ने घायल सिपाही की स्थिति भी जानी। एसपी ने बताया कि केजीएमयू में सिपाही का उपचार चल रहा है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को महिला के पास जाकर बयान लेने के लिए कहा है। रेलवे को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। इसके साथ ही सुनवाई की तिथि 13 सितंबर तय की है। मामले का इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। इस मामले में सीजे के व्हाट्सएप पर पत्र याचिका मिलने के बाद रात को अदालत लगाई गई। कोर्ट ने रेलवे और अयोध्या जिले के पुलिस अधिकारियों को सोमवार को पूरी जानकारी के साथ मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में तलब किया है। सरयू एक्सप्रेस में अर्धनग्न अवस्था में खून से लथपथ महिला सिपाही के मामले में सोमवार को एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत में पेश हुईं। कोर्ट ने उनसे घटना के संबंध में पूरी जानकारी हासिल की। एसपी रेलवे ने कोर्ट को बताया कि अभी तक कोई भी साक्ष्य पुलिस के हाथ नहीं लगा है। मामले की छानबीन की जा रही है। एसपी ने कहा कि महिला सिपाही के साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। मामले को पुरानी रंजिश से भी जोड़कर देखा जा रहा है। लखनऊ के अस्पताल में भर्ती महिला सिपाही से पूछताछ की कोशिश की गई, लेकिन हालात नाजुक होने कारण बातचीत नहीं हो सकी है। हाईकोर्ट में एसपी रेलवे ने जानकारी देते हुए बताया कि इंजन को लेकर ट्रेन में कुल 15 डिब्बे थे। घटना के समय ट्रेन में करीब 100 लोग सवार थे। जिसमें औसतन एक डिब्बे में पांच से सात लोग मौजूद थे। यह भी पता चला है कि जिस बोगी में घटना हुई है उसको अभी तक सील भी नहीं किया जा सका है। कोर्ट ने पूछा कोई विवाद सामने आया है क्या। जिस पर एसपी ने बताया कि एक संपत्ति का विवाद सामने आया है।

### हाईकोर्ट को भेजी गई थी पत्र याचिका

हाईकोर्ट में राज्य सरकार के शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने बताया कि इस मामले को लेकर अधिवक्ता राम कौशिक ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र याचिका प्रेषित की थी। कोर्ट ने पत्र याचिका का संज्ञान लिया है। रेलवे और अयोध्या के पुलिस अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ बुलाया गया है। गौरतलब है कि निर्मम हालत में ट्रेन में मिली महिला सिपाही की पहचान प्रयागराज जिले के सोरांव क्षेत्र की निवासिनी के रूप में हुई है। वह 1998 बैच की महिला सिपाही है। वह सुल्तानपुर में तैनात है। सावन मेला की ड्यूटी करने वह अयोध्या आ रही थी। इस दौरान उसके साथ बर्बर घटना घटी।

# अयोध्या मंदिर: रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को संतों से चल रही बातचीत

- चंपत राय बोले- जनवरी में होगा भव्य आयोजन



**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर में पांच साल के भगवान राम के बालक रूप की मूर्ति लगेगी। गर्भगृह में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा अगले साल 16 से 24 जनवरी के बीच होगी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए संतों से बातचीत चल रही है। ये बातें श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को वाराणसी में कहीं। रोहनिया क्षेत्र के शहावाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता में चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर का उद्घाटन कौन करेगा यह अभी तय नहीं है। उद्घाटन कोई भी व्यक्ति कर सकता है। संत-महात्मा भी कर सकते हैं।

आगे कहा कि अक्तूबर तक रामलला की मूर्ति और सितंबर तक गर्भगृह का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इच्छा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो। मंदिर के मुख्य द्वार पर 25 हजार श्रद्धालुओं के सामान रखने की व्यवस्था रहेगी। चंपत राय ने बताया कि भगवान राम के बालक रूप की मूर्ति खड़ी मुद्रा में रहेगी। पैर की उंगलियों से लेकर मस्तक तक ऊंचाई 51 इंच रखा गया है। जो सिर और बाल की सजावट के बाद करीब 55 इंच की होगी। इसके लिए आईआईटी रुड़की से बातचीत की गई है। सूर्य की पहली किरण प्रभु राम के मुखमंडल पर पड़ेगी। मंदिर के खंभों पर नक्काशी का काम जारी है। रामलला विग्रह के निर्माण कार्य में कर्नाटक और राजस्थान के मूर्तिकार शामिल हैं। बताया कि गर्भगृह के प्रवेश द्वार पर हनुमान और गणपति की प्रतिमा लगेगी। मूर्तियों को रखने के लिए ताख की गहराई और चौड़ाई पर बैठक में मंथन हुआ है।

# संस्कृति संसद के लिए काशी में जुटेंगे देशभर के संत, 127 संप्रदायों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**लखनऊ।** आगामी नवंबर में संस्कृति संसद का आयोजन काशी में होगा। इसमें देशभर के 600 महामंडलेश्वर व संत जुटेंगे। आयोजन को लेकर लखनऊ के अनौरा कला चिनहट स्थित वेदांत सत्संग आश्रम में अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी हुई। इसमें संस्कृति संसद 2023 को मंजूरी दी गई। तय हुआ कि सनातन की वैश्विक मजबूती के लिए तीन दिन काशी में विमर्श चलेगा। संत गांव-गांव घूमेंगे। संस्कृति संसद में 600 जिलों के 127 संप्रदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। काशी में गंगा महासभा द्वारा आयोजित संस्कृति संसद की समाप्ति के बाद 5 नवंबर से 15 जनवरी तक पूरे देश के 5 लाख गांवों में कथा प्रवचन होगा।



आयोजित बैठक का उद्घाटन अखिल भारतीय संत समिति के मुख्य निदेशक पंचायती अखाड़ा के महंत ज्ञानदेव सिंह, देवाचार्य, स्वामी हरिहरानंद व अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वामी जीतेन्द्रानद ने कहा कि दो नवंबर को काशी में संत जुटेंगे। गंगा के दर्शन के बाद रानी अहिल्याबाई होलकर व शंकराचार्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद विश्वनाथ मंदिर में महारुद्राभिषेक होगा। हिंदू धर्म पर हमला करने वालों की आलोचना करते हुए बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य और कर्नाटक के साहित्यकार सीबी भगवानदास को जॉर्ज सोरोस के ही टूलकिट का हिस्सा बताया। कहा कि हमारे देश के कुछ लोग जॉर्ज सोरोस की गुलामी में लीन होकर हिंदू धर्म पर हमला करने में लगे हैं। इस मौके पर विहिप के केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने राम मंदिर के लोकार्पण में देश के सभी संतों को आमंत्रित किया। गुजरात में स्वामी नारायन संप्रदाय के

# अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने वाले छह धरे गये




**लखनऊ।** यूपीएटीएस ने सोमवार को आजमगढ़ व मिर्जापुर में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस को इनके पास से 234 प्री-एक्टीवेटेड भारतीय सिम, सात सिम बॉक्स, 9 प्री-एक्टीवेटेड नेपाली सिम, 79 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, 1 टैबलेट, 1 सीपीयू और 21 मॉडम मिले हैं। आरोपी अवैध टेलीफोन एक्सचेंज और वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल कर इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास कर विभिन्न देशों से अंतरराष्ट्रीय कॉल करते थे जिसमें कॉलर की पहचान नहीं हो पाती है ओर राजस्व की भी हानि होती है। यूपीएटीएस ने नदीम अहमद, दीवान बसर, मुन्ना कुरैशी उर्फ आसिफ, शमीम, कलीम अहमद और फारुख करीम को गिरफ्तार किया है। ये सभी आजमगढ़ के रहने वाले हैं।

# महिला आरक्षी पर ट्रेन में हमला: जांच में सहयोग करेगी एसटीएफ, डीजीपी ने ट्रॉमा सेंटर जाकर लिया हालचाल

**लखनऊ।** सरयू एक्सप्रेस में मुख्य महिला आरक्षी पर हुए हमले की जांच में यूपी एसटीएफ भी सहयोग करेगी। हाईकोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं, सोमवार को यूपी डीजीपी विजय कुमार ने भी ट्रॉमा सेंटर जाकर महिला आरक्षी का हालचाल लिया है। घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने मामले में रविवार को छुट्टी के दिन भी सुनवाई की। चीफ जस्टिस के आवास पर बैठी स्पेशल बेंच ने रेलवे व यूपी सरकार से जवाब तलब किया। प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि आरक्षी की हालत में सुधार हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।



कोर्ट में रविवार को हुई सुनवाई में जांच से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी को पेश होने के निर्देश दिए थे। वहीं, हाईकोर्ट ने सोमवार को घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी रेलवे लखनऊ पूजा यादव ने कोर्ट को बताया कि पांच टीमें मामले की जांच कर रही हैं। इसमें सीओ और डिप्टी एसपी रैंक के ऑफिसर शामिल हैं। कोर्ट ने घायल सिपाही की स्थिति भी जानी। एसपी ने बताया कि केजीएमयू में सिपाही का उपचार चल रहा है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को महिला के पास जाकर बयान लेने के लिए कहा है। रेलवे को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। इसके साथ ही सुनवाई की तिथि 13 सितंबर तय की है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिकर दिवाकर और न्यायाधीश आशुतोष श्रीवास्तव की डिवीजन बेंच में रविवार को मामले की सुनवाई हुई थी। हाईकोर्ट के वकील रामकुमार कौशिक ने मामले में चीफ जस्टिस को पत्र देकर इसे पीआईएल के तौर पर स्वीकार करने का अनुरोध किया था। इस पर कोर्ट ने यूपी सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल, शासकीय अधिवक्ता एके संड, एडिशनल गवर्नमेंट एडवोकेट जेके उपाध्याय व एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल प्रियंका मिड्ढा को तलब किया था। ध्यान रहे कि 30 अगस्त को अयोध्या रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब 4 बजे मनकापुर से प्रयागराज जा रही सरयू एक्सप्रेस में एक महिला मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल मिली थी। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे, साथ ही चेहरे व गले पर धारदार हथियार से कई बार किए गए थे। जीआरपी अयोध्या ने उसे इलाज के लिए श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। महिला आरक्षी की हालत स्थिर बताई जा रही है लेकिन वह घटना के पांच दिन बाद भी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

# पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उसमें आ रही बड़े पैमाने पर शिकायतें

अवधनामा संवाददाता

- पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आ रही है बडे पैमाने पर समस्याएं

**लखनऊ।** रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत पूरे देश में 20 करोड 53 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगे हैं जिसमें से लगभग 70 लाख स्मार्ट मीटर व लगभग 22 लाख प्रीपेड मीटर देश के अनेकों राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश राजस्थान पंजाब मध्य प्रदेश हरियाणा दिल्ली बिहार जम्मू एंड कश्मीर में लग गए हैं जिसको लेकर पूरे देश में बडे पैमाने पर उपभोक्ताओं को शिकायतें रहती थी कि मीटर तेज चल रहा है जंप कर रहा है गलत बिल दे रहा है भार बढ रहा है अब वहीं केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार को बडे पैमाने पर विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतें प्राप्त हुई है जिसमें उपभोक्ताओं के गलत बिलिंग का मामला हो चाहे कनेक्शन कटने के बाद जोडने का मामला हो या फिर अधिक बिल आने का मामला हो या फिर लोड पर पेनल्टी लगाने का मामला हो बिलिंग संबंधित अनेकों मामलों में बडे पैमाने पर फिक्स्ड चार्ज अधिक लेने का मामला हो की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं ऐसे में ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार गंभीर हो गया है और ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए सभी राज्यों में जिसमें उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्य है के लिए ऊर्जा मंत्रालय ने आरईसी पीएफसी व मिनिस्ट्री आफ पावर के उच्च अधिकारियों की एक टीम सभी राज्यों में भेज रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों मे अलग-अलग टीम भेजी जा रही है जो जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं की संतुष्टि पता लगाएगी और सभी बिजली कंपनियों की रिपोर्ट लेने के बाद 20 सितंबर तक ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार को इससे संबंधित रिपोर्ट पेश किया जाना है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जहां उत्तर प्रदेश में लगभग 12 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं वही लगभग 132929 प्रीपेड मीटर लगे हैं लगातार इनमें बडे पैमाने पर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं जिसको दर्जनों बार उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्रालय से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन ऊर्जा मंत्री व पावर कारपोरेशन को अवगत करा चुका है उत्तर प्रदेश में इसके पहले जन्माष्टमी को लाखों उपभोक्ताओं की बत्ती गुल हो गई थी अनेकों शिकायतों के बाद उत्तर प्रदेश में एसटीएफ जांच भी हुई थी लेकिन फिर भी मामले को दबा दिया गया था इसके बावजूद भी स्मार्ट मीटर की दिक्कतें दूर नहीं हुई अंततः अब जब ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार को भी बडे पैमाने पर शिकायतें प्राप्त हो रही है तो ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से सजग हो जाना चाहिए।

# सीएमएस के दो और छात्र पीसीएस (जे) में चयनित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की दो और मेधावी छात्राओं व्यादिशा यादव (रैंक 218) एवं रिचा चौधरी (रैंक 268) ने पी.सी.एस. (जे) में चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के चार मेधावी छात्रों ने इस वर्ष पी.सी.एस. (जे) में चयनित होकर विद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी है, जिनमें सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की छात्रा अंजू यादव (116वीं रैंक), सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर व अलीगंज कैम्पस के छात्र आदिल अंसारी (205वीं रैंक), सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा व्यादिशा यादव (रैंक 218) एवं सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा रिचा चौधरी (रैंक 268) शामिल हैं। इन सभी मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय



सी.एम.एस. शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यालय के प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण एवं अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने चारों मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते की है, साथ ही सी.एम.एस. शिक्षकों व प्रधानाचार्याओं का भी आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने बताया कि पीसीएस (जे) में चयनित सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा रिचा चौधरी ने एक अनौपचारिक वार्ता में बताया कि सी.एम.एस. में मिली जीवन मूल्यों की शिक्षा व शिक्षकों की प्रेरणा ने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने में बहुत मदद की।

# नि:शुल्क टैबलेट का हुआ वितरण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 04/09/2023 को लखनऊ के इटौंजा स्थित कुसुम आई0टी0आई0 कालेज मे युवाओं के तकनीकी सषक्तीकरण हेतु निः शुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन क्पहपषक्ति के सौजन्य से हुआ। कार्यक्रम की षुरूआत अपराहन 1:00 बजे झंडारोहण मुख्य अतिथि मा0 कौषल किषोर जी केन्द्रीय राज्यमंत्री षहरी विकास व विषिष्ट अतिथि इं0 अवनीष कुमार सिंह सदस्य विधानपरिषद के द्वारा हुआ उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तत्पष्चात भारत माता व भगवान विष्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलन हुआ।



इस मौके पर कुसुम आईटीआई मे उत्तर प्रदेष सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत टेबलैट वितरण समारोह कार्यक्रम हेतु हमारे मुख्य अतिथि मोहनलालगंज सांसद एवं भारत सरकार के मंत्री कौषल किषोर व विषिष्ट अतिथि ई अवनीष कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद लखनऊ खंड, कालेज के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव अज्जू, दिलप्रीत सिंह (डीपी) जी, समाज सेवी श्रविपिन सिंह, सभासद सौरभ सिंह सोनू जी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वतन सिन्हा जी, एड0 श्री संजीव श्रीवास्तव जी, अनुदेषक, छात्र-छात्राए, अभिभावक एवं सैकडो की संख्या मे जनता उपस्थित रही। सभी अतिथियो का स्वागत एवं संस्थान परिचय अनुदेषक कौशलेन्द्र कुमार द्वारा हुआ। कालेज के महिला स्टाफद्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री विपिन सिंह (समाज सेवी) द्वारा किया गया। संस्थापक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू ने बताया कि कुसुम औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान की स्थापना सन 2010 मे इस उददेष्य के साथ हुई कि गांवो के हर नौजवानो को तकनीकी प्रषिक्षण का प्रमाण पत्र देकर उन्हे विभिन्न रोजगाार के अवसर जैसे सरकारी एवं अर्ध सरकारी नौकरी उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के समापन मे मुख्य अतिथि मा0 कौषल किषोर जी विषिष्ट अतिथि ई0 अवनीष कुमार सिंह जी एवं कार्यक्रम संयोजक दिलप्रीत सिंह डी0पी0 जी द्वारा टैबलेट वितरण के साथ हुआ एवं कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी छात्रो को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।

# उप-मुख्यमंत्री आज करेंगे सीएमएस शिक्षकों को सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कल 5 सितम्बर, मंगलवार को प्रातः 10.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में 'शिक्षक सम्मान समारोह' का उद्घाटन करेंगे एवं सी.एम.एस. के विद्वान व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को पुरष्कृत कर सम्मानित करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आयोजित 'शिक्षक सम्मान समारोह' में विद्यालय के लगभग 3000 शिक्षकों व कार्यकर्ताओं को डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक के पुरस्कारों से नवाजा जायेगा, जिसमें नगद धनराशि व आकर्षक उपहार शामिल है। इसके अलावा, सी.एम.एस. के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों व उनके माता-पिता को सार्वजनिक रूप से पुरष्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर



सी.एम.एस. शिक्षक रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश के महान शिक्षक एवं पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सपनों को साकार करने का संदेश देंगे। श्री शर्मा ने बताया कि शिक्षक सम्मान समारोह से पूर्व सिटी मोन्टेसरी स्कूल के शिक्षक व कार्यकर्ता भावी पीढ़ी के 'चरित्र निर्माण' का अलख जगाने हेतु एक विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालेंगे। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल चरित्र निर्माण मार्च कल 5 सितम्बर, मंगलवार को प्रातः 7.00 बजे कानपुर रोड स्थिति पुरानी चुंगी से प्रारम्भ होगा।

# जी-20 समिट : दिल्ली की 20 ट्रेनों के स्टेशन बदलेंगे, निजामुद्दीन में रुकेगी गोमती

**लखनऊ।** दिल्ली में होने जा रही जी-20 समिट के चलते हावड़ा, बिहार, गोरखपुर, लखनऊ से नई दिल्ली, पंजाब की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। गोमती एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस सहित 20 ट्रेनों के स्टेशनों में बदलाव किया गया है। ऐसे में यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि जी-20 समिट के चलते कई ट्रेनों के टर्मिनल बदले गए हैं। इसमें नई दिल्ली स्टेशन पर रुकने वाली 12393/94 संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस आठ व नौ सितंबर को आनंदविहार स्टेशन पर रुकेगी, 14003/04 मालदाटाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस दिल्ली स्टेशन पर नौ व दस को, 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस आठ व नौ तथा 12566 बिहार संपर्क क्रांति नौ व दस को आनंदविहार स्टेशन पर,



12419 गोमती एक्सप्रेस नौ व दस को निजामुद्दीन स्टेशन पर रुकेगी और लखनऊ से एक घंटे देरी से चलाई जाएगी। वापसी में 12420 गोमती एक्सप्रेस नौ व दस को निजामुद्दीन स्टेशन से चलेगी। 12204 सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस नौ व दस को दिल्ली के रास्ते डायवर्ट कर चलाई जाएगी। 12204 अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस नौ व दस को बदली स्टेशन पर रुकेगी। 12280 अमृतसर-सियालदह जलियावाला बाग एक्सप्रेस दस को बदली स्टेशन पर, 12565 बिहार संपर्क क्रांति आठ व नौ को आनंदविहार स्टेशन पर, 12555 गोरखधाम एक्सप्रेस आठ व नौ को गाजियाबाद में, 12451 श्रमशक्ति एक्सप्रेस आठ व नौ को साहिबाबाद स्टेशन पर, 12559 वाराणसी नई दिल्ली शिवगंगा एक्सप्रेस आठ व नौ को गाजियाबाद में, 12379 सियालदाह अमृतसर जलियांवालाबाग एक्सप्रेस आठ को दिल्ली शाहदरा में, 12423 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 20503 राजधानी एक्सप्रेस, 20505 राजधानी एक्सप्रेस सात व आठ सितंबर को गाजियाबाद में रुकेगी। **लखनऊ में पार्क होंगे दिल्ली के विमान:** दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया एएआई की ओर से भी तैयारियां की जा रही हैं। एयर इंडिया की लखनऊ से दिल्ली जाने वाली रात की उड़ान सुबह रवाना होगी। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर आने वाले विमानों, चार्टर्ड आदि की पार्किंग के लिए अमौसी एयरपोर्ट का इस्तेमाल किया जाएगा। लखनऊ से दिल्ली रूट के जिन विमानों के संचालन पर प्रभाव पड़ेगा, उसकी सूची एयरलाइनों की ओर से तैयार की जा रही है।

# पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे मुख्यमंत्री योगी

- श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के लिए करेंगे आमंत्रित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा उनसे अन्य योजनाओं पर भी विमर्श करेंगे। बताया जा रहा है कि अटल आवासीय विद्यालयों के शुभारंभ के लिए भी वह प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध कर सकते हैं। गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। भूतल का कार्य लगभग पूरा होने को है। रामजन्मभूमि में चल रहे मंदिर निर्माण के साथ ही अब प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की भी तैयारियां तेज हो गयी हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 15 जनवरी 2024 से शुरू हो जाएगा। 21 से 23 जनवरी के बीच रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा सकती है।



प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रण की भेजा जा चुका है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रामनगरी अयोध्या को दिसंबर से ही राममय बनाने की योजना है। रामनगरी दो माह तक उत्सवी माहौल में डूबी रहेगी। इस दौरान विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन और उसके बाद फरवरी तक रामलला के दर्शन करने वाले वाले प्रत्येक भक्त को प्रसाद मिल सके इसकी व्यवस्था की जा रही है।

# एसएसपी ने 11 शिक्षकों व चार प्रतिभाओं को किया सम्मानित

■ जायंट्स ग्रुप द्वारा श्रीमती राधा सक्सेना की पुण्य स्मृति पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा की ओर से पंचायती राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 11 शिक्षकों और चार प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा के तत्वावधान में राधा सक्सेना धर्म पत्नी डा.ज्ञान चन्द्र सक्सेना की पुण्य स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि समाज में आईएएस, आईपीएस व डॉक्टर बनने के पीछे गुरुजनों द्वारा दी गई शिक्षा ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि धर्म ग्रंथ हमारे जीवन की शैली को निर्धारित करने में अपनी भूमिका निभाते हैं, यदि हम इनसे कुछ ज्ञान अर्जित करलें तो हम सफलता की उच्चस्तरीय पदवी पा सकते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षक व प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ अर्थशास्त्री प्रो.आर.के.अग्रवाल सदस्य विशेष समिति जायंट्स ने कहा कि जायंट्स ग्रुप भारतीय मूल की अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था है, जो पीड़ित मानव की सेवा में सदैव तत्पर रहती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ.ज्ञान चंद्र सक्सेना ने बताया कि मैं अपनी धर्म पत्नी राधा सक्सेना की पुण्य स्मृति में प्रति वर्ष सितंबर माह में शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कराता हूं, अभी तक 29 शिक्षक एवं शिक्षकाएं, पांच कोरोना योद्धाओं तथा दो प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में प्रज्ञा को जे आर एफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लैपटॉप तथा 15 हजार रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति, औरैया के दो छात्रों जय कुमार व अभय कुमार को दस-दस हजार रुपए की वार्षिक छात्रवृत्ति व चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा के छात्र को दस हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक छःनिर्धन कन्याओं की शादी भी कर चुका हूं। शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रधानाचार्य डॉ.श्याम पाल सिंह, डॉ.धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ.अजय दुबे, स्वदेश भसीन, गार्गी शुक्ला, डॉ.कुश चतुर्वेदी, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, ललित सक्सेना, रेखा सक्सेना, कुमारी सोनाली गुप्ता, कमल पांडे, राघवेंद्र सिंह, आसिफ नवाज खान, कुमारी प्रज्ञा शर्मा, डा.शैलेन्द्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने निवेदिता सक्सेना नंदिता सक्सेना एवं डॉ.प्रवीण आर्य को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जायंट्स गौरव से सम्मानित किया।

# अखिल भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यसमिति की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन कार्य समिति की बैठक रविवार को बाह अड्डा स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें मंसूरी समाज की जनपद इटावा में गणना कराना, एसोसिएशन का विस्तार करते हुए जनपद के प्रत्येक ब्लाक, नगर निकाय स्तर जसवंतनगर, बकेवर, इकदिल, भरथना, लखनापर कमेटियों का गठन किया जाना तथा एसोसिएशन नगर की इकाई का भी गठन किया जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी(गुड्डू मंसूरी)अध्यक्ष, भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा की गई। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्य समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि पिछली बैठक में जिन प्रस्तावों पर चर्चा की गई थी उन पर समिति द्वारा कार्य किया जा रहा है और आज जो प्रस्ताव पारित किए गए उन पर बहुत जल्द सभी लोग कार्य करना शुरू कर देंगे। बैठक में मुख्य रूप से शमशेर मंसूरी, नसीर अहमद मंसूरी, फैज मुहम्मद, सूफी शहाबुद्दीन, फैयाजुद्दीन, हाजी हबीब मंसूरी, इसरार अहमद मंसूरी, नूर मुहम्मद मंसूरी, हाजी लड्डन अहमद, नासिर मंसूरी तुलसीपुर, मजीद मंसूरी कुसना, मुहम्मद इस्लाम उर्फ चीटम, बंटी मंसूरी, शमशुद्दीन मंसूरी भरथना, हाजी फहीमुद्दीन मंसूरी, शाहनवाज आलम, रईस मंसूरी (गुड्डू), शरीफ मंसूरी, हाजी समीउद्दीन मंसूरी, मुन्नू चैधरी, परवेज मंसूरी, नूरैन मंसूरी, हनी मंसूरी, असरार मंसूरी (टिंकू) आदि समिति के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने चार सड़कों का किया लोकार्पण

## भाजपा सरकार ने इटावा जनपद में बिछाया सड़कों का जालः सरिता भदौरिया

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** वर्तमान प्रदेश व केंद्र की डबल इंजन सरकार ने इटावा जनपद को विकास के रास्ते पर आम जनमानस को जोड़ने के लिए पूरे जिले में सड़कों का जाल बिछाया पूर्व सरकारों ने जिन सड़कों की अनदेखी की थी जिसमें बसरेहर चौपाला मार्ग जहां सर्वाधिक सपा से जुड़े हुए लोग रहते थे उसे क्षेत्र को भी वंचित रखा गया आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उन सभी सड़कों का विकास करते हुए उन्हें एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है इटावा जनपद में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे कोटा एक्सप्रेस वे सहित बेला बिधूना मार्ग का चौड़ीकरण किसने इटावा मार्ग का चौड़ीकरण इटावा के किसानों व्यापारियों के विकास के लिए कराया जा रहा है उक्त उदगार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपनी विधानसभा क्षेत्र इटावा सदर में विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022- 23 विकासखंड बढ़पुरा के ग्राम कसौआ में व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यो से विपक्षी दल बौखला गए हैं और घमंडियां बयान बाजी करते हुए सनातन धर्म पर आघात कर रहे हैं ऐसे लोगों को आने वाले समय में देश व प्रदेश की जनता सबक सिखाएगी ग्राम कसावा मैं रामऔतार के घर से छेदीलाल जी के घर तक इंटरलॉकिंग रोडग्राम अजबपुर में मेन रोड से विशम्भर सिंह भदौरिया जी के घर तक सी0सी0 रोड ग्राम लखनपुरा में बाह रोड से शत्रुघ्न सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग रोड ग्राम गढायता में देवी माता के मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरिनारायण बाजपेई बडपुरा ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत सागर दुबे बडपुरा मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे एमपी सिंह तोमर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कुशल शिक्षण के लिए शिक्षक-शिक्षार्थी का तनाव मुक्त होना आवश्यक

■ पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई सीबीएसई की तनाव प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला

अवधनामा ब्यूरो





**इटावा।** शहर के मानिकपुर मोड़ स्थित पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा एवं मनोविज्ञान विशेषज्ञों के द्वारा तनाव प्रबंधन और क्षमता निर्माण पर शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई द्वारा नियुक्त दो विशेषज्ञ डॉक्टर हरप्रीत कौर एवं सुपर्णा सिन्हा ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से इटावा शहर के सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। डॉ हरप्रीत कौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यशाला में सीखने का उद्देश्य शिक्षको को तनाव प्रबंधन के अर्थ, आवश्यकता और उसके महत्व को समझने, इसकी तीन बुनियादी श्रेणियों की पहचान करने और उन्हें रणनीतियों के माध्यम से डिजाइन करने के कौशल और ज्ञान से लैस करने में सक्षम बनाना है जिसका उपयोग जीवन को बेहतर रूप में स्थानांतरित करने के लिए किया जा सकता है। सुपर्णा सिंह ने ने शिक्षकों को प्रशिक्षण मॉड्यूल सौंपा और सत्र की शुरुआत शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच अनुभव साझा करने के साथ हुई। उनसे उन उदाहरणों को साझा करने के लिए कहा गया जब उन्होंने तनाव का अनुभव किया था और उन्होंने इसका सामना कैसे किया। उसके बाद इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी लोगों ने केवल नकारात्मक तनाव के बारे में बताया और किसी ने भी सकारात्मक तनाव यानी यूस्ट्रेस से संबंधित कोई अनुभव साझा नहीं किया, क्योंकि हमारा मस्तिष्क तनाव के बारे में केवल नकारात्मक तरीके से सोचने के लिए इच्छुक है। शिक्षकों को सक्रिय सीखने और आपस में तनाव प्रबंधन कौशल विकसित करने की रणनीतियों को सीखने के महत्व का एहसास कराया गया। डॉ हरप्रीत ने कहा कि हमें दी गई और निर्धारित भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ-साथ खुद पर ध्यान देना कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यशाला में अनुभवात्मक शिक्षा के लाभों पर जोर दिया गया, जिसमें शिक्षकों को चर्चा, भूमिका निभाना, कहानी सुनाना, केस अध्ययन, नाटक, खेल आदि में से किसी एक तकनीक का चयन करना था ताकि यह समझाया जा सके कि इसका उपयोग हमारे प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रबंधन कौशल को बढ़ाने के लिए कैसे किया जा सकता है। दूसरों को ज्ञान, आत्म-जागरूकता, समस्या सुलझाने के कौशल, निर्णय लेने के कौशल, आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच कौशल के विकास पर जोर दिया गया। दूसरों के बीच पारस्परिक संबंध और सहानुभूति बनाना और बढ़ाना, अपनी और दूसरों की भावनाओं को प्रबंधित करने और तनाव से निपटने में मदद करने के लिए रणनीतियाँ तैयार करना। विद्यालय के प्रबंधक कैलाश यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए धन्यबाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कमल कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल गैल औरैया की प्रधानाचार्य दीपा शरण, रश्मि यादव, उपप्रधानचार्य अमित चौधरी, एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि गौरव चौहान ने किया।

# मीटर के कागज में दिये हुए दिनांक पर सुंदरपुर मीटर ऑफिस जरूर आयें

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है की आपका मीटर बदले जाने के बाद पुराने मीटर की लैब रिपोर्ट लगाए जाने के संबंध में मीटर के कागज में आपको जो भी दिनांक दी जाए उस दिनांक को सुंदरपुर मीटर ऑफिस जरूर आए ताकि आपका मीटर आपके सामने खोला जा सके और रिपोर्ट लगा कर सिस्टम पर फीड की जा सके जिससे आपको समय से सही बिल मिल सके। उक्त जानकारी विधुत विभाग द्वारा दी गई है। आगे बताया गया कि एक बिंदु आप सभी के संज्ञान में यह लाना है की। बिजली का नया कनैक्शन लेते समय अपने मौजूदा लोड के अनुसार केबल उपलब्ध कराएं। अधिक क्षमता की केबल उपयोग में लाए जाने से मीटर कनेक्शन वाली मीटर की टर्मिनल प्लेट पर कनेक्शन ठीक प्रकार से ना होने से भविष्य में टर्मिनल प्लेट जलने की संभावना बनी रहती है हमारे मीटर जल्दी खराब होने की संभावना बनी रहती है इसीलिए मीटरों की लाइफ बढ़ाने के लिए सही साइज की केबल का उपयोग करें।

# कलम बन्द हड़ताल पर रहकर कार्य से विरत रहे इटावा के अधिवक्ता

■ सभी अधिवक्ता आज और कल भी कार्य से रहेगें विरत

वहाज अली निहाल



**इटावा।** डी0बी0ए0के प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी एवं प्रदीप कुशवाह ने बताया कि जनपद हापुड़ में पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर किये गये वर्वरतापूर्वक लाठी चार्ज में कई अधिवक्ता घायल हो गये। अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए बार कौंसिल ऑफ उश्प्रश्के आहवान पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एडवोकेटव महात्री राजेश कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में जनपद के समस्त अधिवक्ताओं ने कलम बन्द हडताल पर रहकर कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने भरपूर सहयोग दिया कोई भी अधिवक्ता ने न्यायालयों में कार्य नहीं किया। अध्यक्ष एवं महामंत्री ने दिनांक 05 व 06 सितम्बर को भी सभी अधिवक्ताओं को हड़ताल पर रहने का आहवान किया। सभी अधिवक्ता 05 व 06 सितम्बर को कार्य से विरत रहेगे। सोमवार को अध्यक्ष व महामंत्री के नेतृत्व में राज्यपाल उ0प्र0 को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का तत्काल निलम्बन किया जावे। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु मांगे रखी कि जनपद हापुड़ के दोषी पुलिस कर्मियों को, जिन्होंने बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया, तथा महिला अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता एवं मारपीट की उन सभी पुलिस अधिकारियों पर मुकदमा पंजीकृत किया जावे। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरूद्ध पुलिस द्वारा मनगढंत झूठी कहानी बनाकर जो मुकदमें दर्ज किये है उन्हें वापस लिये जावे। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरन्त प्रदेश भर में लागू किया जाये। हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को तुरन्त उचित मुआवजा दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में अरविन्द प्रताप सिंह, गुरु प्रसाद द्विवेदी, सत्येन्द्र यादव, मैराज अली खान, योगेश यादव, विवेक द्विवेदी, भुवनेश यादव, रीना यादव, पदमा मिश्रा, सचिन तिवारी, वीर प्रकाश, कुलदीप सिंह यादव, संजय राजपूत, प्रदीप कुशवाहा, अनुपम मिश्रा, राघवेन्द्र शर्मा, राजीव चौधरी, डी0के0 मिश्रा, बृजेन्द्र चतुर्वेदी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टिकैत रसोई ने परिक्रमा में किया भंडारा

**गोवर्धन( मथुरा)।** कोरोना काल में नोएडा सलारपुर में शुरू की गई टिकैत रसोई ब्रज में भी सेवा में लगी हुई है। राधाकुंड परिक्रमा मार्ग स्थित नामदेव धाम में रविवार को टिकैत रसोई ने भंडारा किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नोएडा जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने बताया नर सेवा नारायण सेवा है। लोगों की सेवा कर ब्रज में आनंद की अनुभूति प्राप्त हुई। काफी दूर दराज से आकर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सरकार किसानों की समस्याओं का हल करें। किसानों को उनका हक मिले। जिलाध्यक्ष ने पंडित उत्तम शर्मा, एके दास व आचार्य राधावल्लभ पुरोहित का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# बिना त्याग किए सफलता हासिल नहीं होतीः डॉ. सचिन गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

संस्कृति दीक्षा आरंभ-2023




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में नवीन सत्र के शुभारंभ पर आयोजित दो दिवसीय समारोह 'दीक्षारंभ-23' के पहले दिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विश्वविद्यालय के नवीन सत्र के विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि बिना त्याग किए सफलता हासिल नहीं हो सकती। सफलता की परिभाषा लक्ष्य के आधार पर अलग-अलग हो सकती है लेकिन त्याग किए बिना इसको हासिल करना कठिन है।

डा. सचिन गुप्ता ने संस्कृति विवि में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि तय कर लें आप नौकरी की इच्छा रखने वाले बनना चाहते हैं या फिर नौकरी देने वाले उद्यमी। संस्कृति विवि ने दोनों तरह के विद्यार्थियों की इच्छा पूरी करने के लिए सभी साधन जुटाए हैं। उन्होंने सफलता के लिए मूल मंत्र बताते हुए कहा सबसे पहले आपमें अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा आपको कोई आयडिया आए तो उसे उसी समय नोट करें और फिर उस आयडिया को कैसे लागू करें उसका प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा हारने से नहीं डरना चाहिए। निर्णय किसी के भी गलत हो सकते हैं। उन्होंने कई सफल लोगों के उदाहरण देते हुए कहा कि सफल वही हुए हैं जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ कोशिश करना जारी रखा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विवि में आपके लिए परिपूर्ण लाइब्रेरी है, रोजाना एक घंटे लाइब्रेरी जाने और पढ़ने की आदत डालें। खेलने और मनोरंजन की सभी सुविधाएं मौजूद हैं। डा. गुप्ता ने कहा कि हमारे लक्ष्य बड़े होने चाहिए। आप क्या बनना चाहते हैं उसकी प्लानिंग आज करें। मन में निराशा का भाव कभी न लाएं। आप वह उपलब्धि हासिल करें जिससे आपके माता-पिता और विश्वविद्यालय आपके ऊपर गर्व कर सके। इससे पूर्व विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने बहुत सहज शब्दों में विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता के साथ अनेक सवाल पूछे और उनकी जिज्ञासाएं शांत कीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का एक ऐसा संस्थान है जहां न केवल संस्कार, वरन पारिवारिक मूल्यों के प्रति भी संवेदनशीलता बरती जाती है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए अहंकार को त्यागना चाहिए, झुकना सीखना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमबी चेट्टी ने नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की सोच और विश्वविद्यालय के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। विश्वविद्यालय के डाइरेक्टर जनरल डा. जेपी शर्मा ने संस्कारों के महत्व की बात की। उन्होंने कहा कि अक्सर लक्ष्य प्राप्ति में इतनी बाधाएं नहीं होतीं जितनी हम स्वयं खड़ी कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मस्तिष्क ही हमारी राह तय करता है। दौड़ पैरों से नहीं हौसले से जीती जाती है।

एश्वर्य अवस्थी ने परीक्षा प्रणाली की, स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा. डीएस तौमर ने अनुशासन, समयबद्धता और विवि ड्रेस की, स्कूल आफ एग्रीकल्चर के डीन डा.केके सिंह ने छात्रवृत्तियों की, एनसीसी के इंचार्ज विपिन सोलंकी ने एनसीसी की जानकारी विद्यार्थियों को दी। डा. रेनू गुप्ता ने क्लास में अटेंडेंस से जुड़े नीयमों की जानकारी दी। इस मौके पर कल्चरल हेड डा. दुर्गेश वाधवा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अनुजा गुप्ता ने किया।

# मथुरा में किया गया भव्य पोषण रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर - 2023 का आयोजन 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक किया जा रहा है, जिसमें पंचायतीराज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागों के सहयोग से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जनपद, परियोजना एंव आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर किया जा रहा है।

इसी क्रम में 4 सितम्बर को जनपद स्तर पर कलेक्ट्रट सभागार, मथुरा से राजीव भवन तक बाल विकास विभाग की ओर से भव्य पोषण रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ उपजिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय जैन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली में बाल विकास विभाग की ओर से 250-300 आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त के अतिरिक्त राजीव भवन पर विभाग द्वारा रेसिपी स्टाल भी स्थापित किया गया जिसमें कार्यकत्रियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। रैली में समस्त परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# समाज में शिक्षक भूमिका शरीर में आत्मा की तरहः विवेक

अवधनामा संवाददाता

■ शिक्षक दिवस की पूर्व बेला पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

**मथुरा।** बाल विकास परिषद के तत्वावधान में शिक्षक दिवस की पूर्व बेला पर परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए बालकराम गोस्वामी ने कहा कि शिक्षकों के बिना राष्ट्र और समाज उत्थान की परिकल्पना को कभी साकार नहीं किया जा सकता। परिषद अध्यक्ष व जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल ने कहा कि समाज में शिक्षक की भूमिका ठीक उसी तरह से है, जिस तरह से शरीर में आत्मा की भूमिका होती है। संरक्षक अनुराग गोयल, अवधेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश कृष्ण शर्मा ने कहा कि शिक्षक के बिना शिक्षित समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। इससे पूर्व बृज किशोर त्रिपाठी, मुरारी लाल जादौन, इंदर सिंह बघेल, बृजेश शर्मा, भावना शर्मा, सुभाष शर्मा, अमित शर्मा, मदन गोपाल बनर्जी, राजेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा सहित नगर के दो दर्जन से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर जितेंद्र कुमार गौतम, चंद्र नारायण शर्मा, चैतन्य कृष्ण शर्मा, सूरज शर्मा, शैलेंद्र सिंह, डॉ सचिन अग्रवाल, ठाकुर हरि बल्लभ सिंह, नवीन चौधरी आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन विष्णु गोला व धन्यवाद ज्ञापन पूर्णेन्दु गोस्वामी ने व्यक्त किया।

# डीएम ने संभाला चार्ज

**मथुरा।** मुरादाबाद से तबादला कर जनपद में शासन द्वारा डीएम के तौर पर तैनात किए शैलेंद्र कुमार सिंह सोमवार को चार्ज संभाला इनके सामने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सकुशल संपन्न कराना चुनौती होगी। एकाएक सभी व्यवस्थाओं को समझना और सुव्यवस्थित ढंग से उनका पालन कराना चुनौती रहेगा।शैलेंद्र कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट के तौर पर 15 वर्ष पहले मथुरा में रहे थे। वह इस जिले से पूर्व से परिचित हैं। मगर, 15 साल में कई व्यवस्थाओं में बदलाव होने के साथ ही शहर का विस्तार हो गया है। जन्माष्टमी आयोजन भी साल दर साल भव्य होता जा रहा है। हर साल लाखों श्रद्धालु बढ़ते जाते हैं। इस बार छह से दस सितंबर के बीच करीब 80 लाख श्रद्धालुओं के यहां आने की संभावना है।

# अमृत वाटिकाः एक भारत- श्रेष्ठ भारत का प्रतीक बनेगी

अवधनामा संवाददाता

■ मेरी माटी-मेरा देश अभियान को देश मे धूमधाम से मनाएगी भाजपा नागेंद्र सिकरवार

**मथुरा।** भाजपा मथुरा जिले की पदाधिकारी बैठक जिला कार्यलय पर आयोजित हुई जिसमे भाजपा प्रदेश मंत्री एम एल सी जिलाप्रभारी विजय शिवहरे ने कहा मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश के माध्यम से हर घर व पंचायत से मिट्टी तथा हर नगरीय वार्ड से एक चुटकी चावल एकत्रित किया जाएगा। प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी। इसके बाद अमृत कलश को ब्लॉक मुख्यालय फिर वहां से लखनऊ तत्पश्चात दिल्ली पहुंचाया जाएगा। इस मिट्टी से दिल्ली के नेशनल वार मेमोरियल के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा.ये 'अमृत वाटिका', एक भारत-श्रेष्ठ भारत का' भव्य प्रतीक बनेगी। भाजपा कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक में ब्रज छेत्र महामंत्री नागेंद्र सिकरवार ने कहा जनपद स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मेरा माटी - मेरा देश अभियान को धूमधाम से मनाएगी। सितम्बर व अक्टूबर में पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कई कार्यक्रम होंगे। जिसमें जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व अभियान के संयोजक विवेक चौधरी ने मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा 2-3 सितंबर को मण्डलों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर होगी। ग्राम सभाओं व नगरीय वार्डो की योजना बैठक 5-6 सितम्बर को होगी। ग्राम/वार्ड स्तर पर संयोजक एवं दो सहसंयोजक बनाए जाएंगे। 8 से 13 सितंबर के बीच ग्रामों/वार्डो के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे। 3 से 13 अक्टूबर के बीच ब्लॉक स्तर पर अमृत कलश को एकत्रित किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में विधायक व ब्लॉक प्रमुखों को अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। पार्टी प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने बताया कि 27-28 अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय से ब्लॉक प्रमुखों के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा धूमधाम से लखनऊ पहुंचेगी। वहां पर मुख्यमंत्री द्वारा स्वागत किया जाएगा। लखनऊ में कार्यक्रम के बाद अमृत कलश यात्रा राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिपाल सिंह ने किया। जिला बैठक में विजय शिवहरे नागेंद्र सिकरवार संजय लावानिया विवेक चौधरी मनीषा पाराशर सुमित शर्मा अनिल चौधरी महिपाल सिंह देवेश पाठक पियूष धनगर सचिन चतुर्वेदी निर्मला बघेल कन्हैया लाल गोयाल रविन्द्र पाण्डेय तरुण सेठ अमर सिंह पोनीया पवन अग्रवाल आदित्य पाण्डेय हिमांशु गुप्ता मुदिता शर्मा एफ एस अल्वी सतीश बाल्मीकि निहाल सिंग आर्य आदि मौजूद रहे।

# निर्देशक अनिल शर्मा का पलटवार



सुपरहिट फिल्म च्गदर एक प्रेमकथाज् के संगीत का बिना इसके मूल संगीतकार उत्तम सिंह की अनुमति के फिल्म गदर 2 में प्रयोग करने का विवाद गहराता जा रहा है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब ताबड़तोड़ कमाई है। फिल्म के गाने भी खूब पसंद किए जा रहे है। खासकर फिल्म के दो गीत मैं निकला गड्डी लेके% और %उड़ जा काले कावां को खूब पसंद किया जा रहा है। संगीतकार उत्तम सिंह का कहना है कि इन गानों के प्रयोग से पहले उनसे अनुमति नहीं ली गई। शुक्रवार को मुंबई में हुई एक प्रेस कांफ्रेंस में निर्देशक अनिल शर्मा ने दावा किया कि उन्होंने छह महीने पहले ही ऑफिस में बुलाकर उन्हें ये गाने दिखा दिए थे।

फिल्म %गदर 2% के गीत %मैं निकला गड्डी लेके% और %उड़ जा काले कावा% को लेकर गीत के मूल संगीतकार उत्तम सिंह ने च्अमर उजालाज् से एक खास बातचीत के दौरान कहा था कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा ने उनके गीत तो इस्तेमाल कर लिए, लेकिन उन्होंने उनसे इसकी अनुमति नहीं ली। इस फिल्म के संगीत की सफलता को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब इस बारे में बात हुई तो अनिल शर्मा ने कहा कि छह महीने पहले उन्होंने उत्तम सिंह को अपने ऑफिस में बुलाकर गाने दिखाए थे और उनको बताया बताया था कि आपके गाने और बैक ग्राउंड म्यूजिक इस फिल्म में प्रयोग कर रहे हैं। निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, %पता नहीं इस गाने को लेकर कहां से कंट्रोवर्सी पैदा हो गई। उत्तम सिंह बहुत ही सज्जन व्यक्ति हैं, वह ऐसी बात नहीं कर सकते हैं। मैंने जब उनको ऑफिस में बुलाकर गाने दिखाए थे और उनको बताया था कि आपके गाने फिल्म में प्रयोग कर रहा हूं, तो वह बहुत खुश हुए थे। जितनी लोकप्रियता उत्तम सिंह को फिल्म %गदर-एक प्रेम कथा% के दौरान नहीं मिली, उससे ज्यादा तो अब इस गाने को लेकर जो कंट्रोवर्सी पैदा हुई, उससे मिल रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या अनिल शर्मा ने %गदर 2% में संगीत देने के लिए पहले उत्तम सिंह से संपर्क किया था। वह कहते हैं, %इस फिल्म के संगीत के लिए मैने संपर्क नहीं किया था। जी म्यूजिक कंपनी ने मेरे सामने चार- पांच म्यूजिक डायरेक्टर के नाम सुझाए थे, उसमे से मैने संगीतकार मिथुन को चुना, क्योंकि इस फिल्म के गाने के लिए एक नए साउंड की जरूरत थी। और, मुझे लगता है कि मिथुन से बेहतर कोई नहीं कर सकता है। फिल्म के गायक उदित नारायण ने फिल्म के गाने को लेकर ऑस्कर अवॉर्ड लेने की इच्छा जताई। निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, %मुझे बहुत खुशी होगी, अगर इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड मिले तो। क्योंकि अभी तक मेरी किसी भी फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिला है। बड़ी हैरानी की बात है कि मेरी फिल्म %गदर- एक प्रेम कथा% को नेशनल अवार्ड के लिए 11 नॉमिनेशन मिलने के बाद भी अवॉर्ड नहीं मिला था।

## ऋतिक रोशन की वॉर 2 के लिए तारीख पर लगी मुहर

ऋतिक रोशन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वह अपने बेहतरीन एक्शन और शानदार डांस परफॉर्म के लिए भी जाना जाता है। वह अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। अभिनेता को आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म विक्रम वेधा में देखा गया था, हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही थी। अब ऋतिक की वॉर 2 लाइन में है। इस फिल्म में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं। अब खबर है कि मेकर्स ने इस फिल्म के लिए तारीख तय कर ली है। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर की बंपर सफलता के बाद इस फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने मूवी के दूसरे पार्ट की तैयारी की है। जिसे इस बार निर्देशक सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी बनाने वाले हैं। जिसके लिए अयान मुखर्जी ने कमर कस ली है। अब खबर है कि इस फिल्म के लिए निर्माता-निर्देशक ने रिलीज डेट पर पक्की मुहर भी लगा दी है।

# फिर देवदूत बनकर लौटे डेंजेल वाशिंगटन, फ्रेंचाइजी की आखिरी किस्त में फुलटू एक्शन धमाल




देवदूत किसी ने नहीं देखे। और, अगर देखे भी होंगे तो शायद ही कभी कोई उन्हें समय रहते पहचान पाता होगा। कभी किसी संकट में जब कोई राह नजर न आए और कोई अनजान शख्स आए, मदद करके लापता हो जाए, वही देवदूत है। ईश्वर में आस्था रखने वाला।

इंसानियत का सम्मान करने वाला और दूसरों के दुख अपना समझने वाला। कुछ कुछ, अपने लिए जिये तो क्या जिये, तू जी ऐ दिल जमाने के लिए..., सरीखा। हॉलीवुड फिल्म सीरीज च्इक्वलाइजरज् का नायक रॉबर्ट मैककॉल ऐसा ही तो है। यूएस मरीन और डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी में काम कर चुका रॉबर्ट यायावर है। वह सुकून की तलाश में हैं। हिंसा उसकी तलाश में कभी चैन नहीं लेती। वह कैवल्य पाना चाहता है। कायनात उसे पाना चाहती है। दोनों एक दूसरे से दूर रह ही नहीं पाते। कहते हैं कि हिंसा की पराकाष्ठा में ही धर्म की प्रतिध्वनि होती है। जीवन जीने का सबसे बड़ा संदेश श्रीमद्भगवतगीता भी तो महाभारत की ही उत्पत्ति है। न कौरव और पांडव लड़ते और न ही कृष्ण के सामने वह समय आता जब वह अर्जुन को गीता का उपदेश देते। योग और कर्म का संयोग ही धर्म का मूल है। फिल्म सीरीज च्इक्वलाइजरज् का रॉबर्ट मैककॉल भी इसी का अनुसरण करते करते तीसरी किस्त में इटली आ पहुंचा है। फिल्म शुरू होती है इटली की उस जगह सिसली से जो मारियो पूजो के उपन्यास च्गॉडफादरज् के जरिये दशकों से दुनिया भर को मालूम है। रॉबर्ट यहां एक मिशन पर है।

खतरनाक अपराधियों को वह चुटकी बजाते ढेर कर सकता है लेकिन पीठ पर उसे गोली मारता है एक बच्चा, जिसे वह मासूम समझकर छोड़ देता है। नियति भी ऐसी ही है। सावधानी हटी। दुर्घटना घटी। होश आने पर वह खुद को एक गुमनाम से कस्बे अल्टामोंटे में पाता है जहां स्थानीय माफिया ने तबाही मचा रखी है। उसे एक और धर्मयुद्ध लड़ना है जिसकी परिणति वहां होती है जहां एक धर्म यात्रा निकल रही है। फिल्म सीरीज च्इक्वलाइजरज् की खासियत ये है कि इसकी कहानी दुनिया के किसी भी ऐसे शहर की हो सकती है जहां दुष्टों ने सीधे साधे लोगों को आतंकित कर रखा है।

# संजय मिश्रा अब लेकर आए गुठली लड्डू, शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ता एक स्कूल प्रिंसिपल



हिंदी सिनेमा में संजय मिश्रा ऐसे अभिनेता हैं, जो एक तरफ बड़ी-बड़ी व्यावसायिक फिल्में करते हैं, तो वहीं कुछ ऐसी फिल्मों का भी चुनाव करते हैं, जो कहीं न कहीं सामाजिक संदेश देती हैं। और, एक अभिनेता के तौर पर उन्हें ऐसे किरदार निभाने का मौका मिलता है, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस पूरी तरह से निखर कर आती है। %वध% और %कोट% के बाद उनकी इस साल एक और फिल्म %गुठली लड्डू% रिलीज हो रही है, जो शिक्षा के अधिकार की बात करती है। फिल्म %गुठली लड्डू% सामाजिक भेदभाव जैसे मुद्दे के साथ-साथ शिक्षा के अधिकार की भी बात करती हैं। इस फिल्म में अभिनेता संजय मिश्रा स्कूल के प्रिंसिपल की भूमिका निभा रहे हैं, जो फिल्म में गुठली के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ता है। यह फिल्म सामाजिक परिवर्तन की ओर एक साहसिक पहल है। यह फिल्म न सिर्फ गुठली की कहानी है, बल्कि गुठली जैसे कई लोगों की कहानी है, जो हाशिए पर रहने वाले समुदायों को शिक्षा के लिए प्रेरित करती है। अभिनेता संजय मिश्रा की पिछली फिल्म %कोट% में भी सामाजिक विषमताओं पर करारा प्रहार किया था। समाज में सबकी बराबरी की बात तो होती है, लेकिन आज भी यह सबसे बड़ा सवाल है कि क्या सबको बराबरी का दर्जा मिला है? फिल्म %गुठली लड्डू% में उन संघर्षों और सपनों का प्रतिबिंब है, जिनका कई लोगों को अपनी जीवन यात्रा में सामना करना पड़ता है। मनोरंजन के साथ-साथ इस फिल्म के जरिए बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे इशरत आर खान कहते हैं, च्फिल्म %गुठली लड्डू% के साथ हम उन किरदारों को पर्दे के जरिए दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं, जो सामाजिक मानदंडों और पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हैं। यह फिल्म दृढ़ संकल्प और दोस्ती के साथ शिक्षा के अधिकार की लड़ाई की कहानी है, जो हाशिए पर रहने वाले समुदायों द्वारा शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालती है। फिल्म %गुठली लड्डू% का निर्माण कर रहे निर्माता प्रदीप रंगवानी कहते हैं, %इस फिल्म के जरिए सामाजिक परिवर्तन की ओर एक साहसिक पहल है।% इस फिल्म में संजय मिश्रा के अलावा सुब्रत दत्ता, धनय शेठ, कल्याणी मुले, कंचन पगारें, अर्चना पटेल, आरिफ शहडोली और संजय सोनू की मुख्य भूमिकाएं हैं।

# तलाकशुदा हसीनाओं पर दिल हार बैठे सितारे







बॉलीवुड सेलेब्स अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोरते हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में सेलेब्स की निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट सामने आ ही जाते हैं। फिर चाहे वह उनकी शादी से संबंधित कोई जानकारी हो या उनके अफेयर के चर्चे हो। सोशल मीडिया ने हर किसी की जिंदगी को खुली किताब बना दिया है।

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपने फिल्मी करियर के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। अर्जुन मलाइका संग अपने रिश्ते को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। हालांकि, पिछले कई दिनों से दोनों के ब्रेकअप की अफवाहों ने जोर पकड़ा था, लेकिन अभिनेता ने इन अफवाहों पर विराम लगाते हुए ट्रोल्स का मुंह बंद कर दिया था। आपको बता दें कि मलाइका तलाकशुदा हैं और एक बच्चे की मां हैं। टीवी के लोकप्रिय अभिनेता शोएब इब्राहिम अपने अभिनय के अलावा अपने यूट्यूब वीडियोज को लेकर भी जाने जाते हैं। शोएब ने दीपिका कक्कड़ से शादी की है, जो पहले से ही तलाकशुदी थीं। हालांकि, दोनों एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हाल ही में, दोनों एक बेटे को माता-पिता भी बने हैं। फैंस भी इस जोड़ी को काफी पसंद करती है।

बॉलीवुड अभिनेता सत्यदीप मिश्रा अपने कुशल अभिनय को लेकर फैंस के बीच में काफी लोकप्रिय रहते हैं। सत्यदीप सोशल मीडिया पर अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग रखते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। सत्यदीप नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता से शादी की है, जो तलाकशुदा थीं। हालांकि, अभिनेता की भी यह दूसरी शादी थी।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर पर आधारित फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने फिल्म से अपना एक लुक भी शेयर किया था। फैंस अभिनेता के इस लुक को देखकर काफी उत्साहित हो गए थे। आपको बता दें कि अनुपम खेर ने तलाकशुदा अभिनेत्री किरण खेर से शादी रचाई है।

# नायकों से कम नहीं नई पीढ़ी के ये खलनायक, दर्शकों पर जमकर चला रहे अपना जादू




फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन का रोल भी काफी महत्वपूर्ण होता है। आखिर पूरी फिल्म में मुकाबला ही नायक और खलनायक के बीच होता है और फिल्म को रोमांचक बनाने के लिए दोनों ही किरदार अहम होते हैं। दशकों पहले से नकारात्मक किरदारों को दमदार बनाने पर भी निर्माताओं का खास ध्यान रहा है। 60 के दशक से ही सिनेमा में ऐसे कई सितारे रहे हैं, जिन्होंने खलनायक बनकर दर्शकों का दिल जीता। प्राण, रंजीत, अजीत, प्रेम चोपड़ा, अमजद खान, अमरीश पुरी समेत तमाम नाम इस लिस्ट में हैं। वक्त में बदलाव के बाद खलनायकों की एक नई पीढ़ी आई है।

फिल्म गदर 2 में तारा सिंह के रूप में सनी देओल छा गए हैं। मगर, इसी फिल्म में खलनायक के रूप में नजर आए एक्टर मनीष वाधवा भी कमतर नहीं रहे। इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही इस फिल्म में मनीष ने तारा सिंह को गहरे जख्म देने वाले पाकिस्तानी सेना के मेजर जनरल हामिद इकबाल का किरदार निभाया है। उन्होंने यह रोल इस तरह निभाया है कि क्रूरता उनके चेहरे पर नजर आ रही है। यही वजह है कि दर्शकों का दिल जीतने में वह कामयाब रहे हैं। बता दें कि इससे पहले मनीष शाहरुख खान की च्पठानज् में भी विलेन के रूप में नजर आ चुके हैं। गुलशन देवैया अब तक कई फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। गुलशन इन दिनों राजकुमार राव की वेब सीरीज च्गन्स एंड गुलाब्सज् में अपने नकारात्मक किरदार की वजह से सुर्खियों में हैं। इस वेब सीरीज में उन्होंने च्आत्मारामज् नाम के खतरनाक गैंगस्टर का किरदार निभाया है, जो तेज धार हथियार से लोगों के शरीर पर चार बार हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार देता है। साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति अपने हर किरदार से दर्शकों के दिल में उतर जाते हैं।

जल्द ही वह शाहरुख खान की आगामी फिल्म च्जवानज् में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। उन्हें फिल्मों में हीरो से ज्यादा नकारात्मक रोल में पसंद किया जाता है। पिछले साल रिलीज हुई कमल हासन की च्विक्रमज् में उन्होंने नेगेटिव किरदार निभाया था। अब जवान फिल्म में विजय सेतुपति की टक्कर किंग खान से होगी। एक्टर विजय वर्मा ने कई अलग-अलग किरदार दमदार अंदाज में अदा किए हैं। नेगेटिव रोल में भी वह खूब जमे हैं। बीते दिनों उनकी च्दहाड़ज् वेब सीरीज रिलीज हुई थी, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और गुलशन देवैया लीड रोल में नजर आए।

दहाड़ में विजय वर्मा ने एक ऐसे साइको किलर का रोल निभाया था, जो महिलाओं को अपने प्यार के जाल में फंसाता है और फिर उन्हें लूटकर जान से मार देता है। इसके अलावा भी विजय ने कई अन्य सीरीज और फिल्मों में नेगेटिव रोल निभाए हैं। सैफ अली खान बॉलीवुड के चर्चित एक्टर हैं। हीरो के साथ-साथ उन्होंने विलेन के रोल से भी दर्शकों के बीच अच्छी पहचान बनाई है। च्ओमकाराज् का च्लंगड़ा त्यागीज् हो या फिर च्तान्हाजीज् का च्उदयभानज्, सैफ हर नेगेटिव किरदार में दर्शकों को पसंद आए हैं।





चॉकलेटी ब्राउन कलर की थाई हाई स्लीट गाउन में दिखी सनी लियॉन

## भारत में शुरू हुई जवान की एडवांस बुकिंग

शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान का क्रेज दर्शकों के बीच खूब देखने को मिल रहा है। फैंस बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से तो फैंस के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है। वहीं अब फैंस के लिए अच्छी खबर आई है। जवान की एडवांस बुकिंग अब पूरे भारत में खोल दी गई है। आज शुक्रवार को रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी घोषणा करते हुए एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में शाहरुख खान ने फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होने की घोषणा की है। वीडियो की शुरुआत शाहरुख खान से होती है। वह अपने फोन में सोशल मीडिया पर सिर्फ %जवान% के प्रशंसकों को देख रहे हैं, जो अभिनेता के ट्रेलर और उनके डांस की तारीफ कर रहे हैं। इसे देखते हुए शाहरुख खान कहते हैं कि बहुत बेकरार है सब जवान से मिलने के लिए। इसके बाद किंग खान कहते हैं कि जल्दी से अपने टिकट बुक कर लीजिए

# हबीब तनवीर के नाटक पर फिर बनने जा रही फिल्म




देश के जाने-माने नाटककार रहे दिवंगत हबीब तनवीर की जन्मशती के मौके पर उनके नाटक %चरणदास चोर% पर फिल्म बनाने का एलान हुआ है। नाटक से संबंधित तमाम बौद्धिक संपदा अधिकार पाने की कार्यवाही पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू कर देने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। फिल्म में शीर्षक किरदार के लिए हिंदी फिल्म जगत के कई महत्वपूर्ण सितारों से बात चल रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इसका एलान कर दिया जाएगा। गौरतलब ये भी है कि च्चरणदास चोरज् नाम से एक फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगेल 1975 में मशहूर कथालेखक विजयदान देथा की कहानी पर बना चुके हैं जिसमें हबीब तनवीर ने अभिनय किया था। इसी नाम से एक फिल्म मराठी में भी 2017 में बन चुकी है। रंगमंच की दुनिया में एक मास्टर पीस का दर्जा रखने वाले नाटक %चरणदास चोर% का निर्देशन हबीब तनवीर ने साल 1975 में किया था। बाद में इस नाटक को एंडिनबर्ग फ्रिंग फेस्टिवल में प्रतिष्ठित फ्रिंग फ़र्स्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस कालजयी रचना ने दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की और इसमें की गईं सामाजिक टिप्पणियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक बनीं हुईं हैं। नाटकों के इतिहास में %चरणदास चोर% की अपनी एक बेहद ख़ास जगह है। इस नाटक को हबीब तनवीर के सशक्त निर्देशन और कहानी को बयां करने के उनके अद्भुत कौशल के लिए भी जाना जाता है। इस नाटक में पेश किया गया हास्यबोध और सामाजिक व्यवस्था को लेकर किये गये कटाक्ष का असर इतने सालों बाद आज भी कम नहीं हुआ है। ऐसे में इस नाटक को आज की तारीख़ में सिनेमाई पर्दे के लिए एडॉप्ट किया जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इस नाटक के धारदार संवाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले हुआ करते थे। इस फिल्म को बनाने जा रही कंपनी कार्मिक फिल्म्स के सह-संस्थापक सुनील वाधवा कहते हैं, ÷हम %चरणदास चोर% को एक फीचर फिल्म के रूप में सिनेमा के पर्दे पर लाने को लेकर बेहद रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह एक ऐसी कहानी है जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों द्वारा पसंद की जाती रही है। ऐसे में हम इस कहानी को पर्दे पर और भी समृद्ध तरीके से पेश करने के लिए आतुर हैं। आज के आधुनिक युग में %चरणदास चोर% को पर्दे पर लाने का मौका मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। कार्मिक फिल्म्स के दूसरे सह-संस्थापक और लेखक कुंदन जज ने इस मौके पर कहा, ÷हम अपने रचनात्मक लिबास पर दिग्गज रचनाकार हबीस तनवीर की महीन कारीगरी को लेकर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। निश्चित तौर पर सभी उम्र के दर्शकों को सिनेमा के पर्दे पर %चरणदास चार% का जादुई अंदाज़ देखने को मिलेगा। इस कहानी को एडॉप्ट किये जाने से अर्थपूर्ण कहानी की तलाश करने वाली प्रतिभाओं को एक बढ़िया कहानी मिल गयी है तो वहीं अर्थपूर्ण मनोरंजन की तलाश करने वाले दर्शकों को एक उम्दा किस्म की फिल्म देखने को मिलेगी। दिवंगत हबीब तनवीर की बेटी नगीन तनवीर ने अपने पिता के नाटक पर फिल्म बनाए जाने को लेकर ख़ासा उत्साह जताया। उन्होंने कहा, ÷मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि नाटक %चरणदास चोर% का सिनेमाई अंदाज़ जल्द ही बड़े पर्दे पर नज़र आएगा। इस फिल्म के ज़रिए मेरे पिता की विरासत बरकरार रहेगी।

# चूना लगाने आ रहे हैं जिमी शेरगिल एक्टर की सीरीज को मिली नई रिलीज डेट



अभिनेता जिमी शेरगिल अपनी नई वेब सीरीज %चूना% को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज अगस्त में रिलीज होनी थी। लेकिन, इसकी रिलीज डेट को टाल दिया गया। बड़ी बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए अब एक खुशखबरी है। %चूना% को नई रिलीज डेट मिल गई है। उत्तर प्रदेश की राजनीति की पृष्ठभूमि पर बनी यह सीरीज इसी महीने रिलीज होगी। बता दें कि यह वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर नई रिलीज डेट का एलान किया है। इसके मुताबिक यह सीरीज 29 सितंबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो शेयर कर लिखा है, मुहूर्त बदला, लेकिन चूना लगाने का इरादा नहीं बदला। सीरीज 29 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

आज साझा किए गए वीडियो को देखकर लग रहा है कि सीरीज में जबर्दस्त एक्शन देखने को मिलेगा। बता दें कि सीरीज में अभिनेता जिमी शेरगिल उत्तर प्रदेश के एक नेता शुक्ला का किरदार निभा रहे हैं जो अपना हर कदम सितारों की ग्रह चाल देखकर ही उठाता है। सीरीज का निर्देशन पुष्पेंद्र नाथ मिश्रा ने किया है। सीरीज में जिमी शेरगिल के अलावा आसिम गुलाटी, विक्रम कोचर, चंदन रॉय, नमित दास, मोनिका पवार, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी और अतुल श्रीवास्तव जैसे कलाकारों की मुख्य भूमिकाएं हैं।बता दें कि पहले यह सीरीज तीन अगस्त को रिलीज होने वाली थी। लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट टाल दी गई। इस सीरीज में काम करने का अनुभव साझा करते हुए जिमी ने कहा, %शो का हिस्सा बनना काफी रोमांचक अनुभव रहा। मेरा किरदार शुक्ला काफी स्मार्ट और समझदार है। कोई कभी नहीं जान सकता कि किस स्थिति में वह क्या फैसला कर सकता है। दर्शकों को यह सीरीज जरूर पसंद आएगी।%

## हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में भड़के अधिवक्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में इलाहाबाद के अधिवक्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन और नारेबाजी की। हाईकोर्ट के सामने जुटे अधिवक्ताओं ने सरकार से हापुड़ के डीएम और एसपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। साथ ही लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। जुलूस निकालकर हाईकोर्ट के सामने पहुंचे वकीलों ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अधिवक्ताओं को लाठियों से पीटा जा

- डीएम-एसपी के खिलाफ एफआईआर की मांग

रहा है और उनकी प्राथमकी भी नहीं दर्ज की जा रही है। इस घटना से वकीलों में काफी आक्रोश है। जब तक अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम नहीं उठाए जाते तब तक वह शांत नहीं होंगे। अगर मांग पूरी नहीं की गई तो अधिवक्ता सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में बार एसोसिएशन करछना में अधिवक्ताओं ने तहसील में तालाबंद कर कार्य का बहिष्कार किया। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने करछना थाना के सामने करछना-कोहड़ार घाट पर चक्काजाम कर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस प्रशासन का पुलता भी फूंका गया।

## 72 ताबूत जुलूस की तैयारियां शुरू

**प्रयागराज।** दरियाबाद से निकलने वाले 72 ताबूत जुलूस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के तत्वावधान में इमामबाड़ा जद्दन मीर दरियाबाद से हज़रत इमाम हुसैन और साथियों की शहादत की याद में बहत्तर ताबूत जुलूस 10 सितंबर की सुबह नौ बजे निकाला जाएगा। मौलाना इन्तेज़ार आब्दी शहीद का जीवन परिचय प्रस्तुत करेंगे। सीतापुर के महमूदाबाद स्टेट से जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमन हैदरी, काफिलाए बनी असद का मंजर पेश करेगी। अंजुमन नकवीया रजिस्टर्ड दरियाबाद यादे सकीना मनाते हुए दरियाबाद कब्रिस्तान में दो मख्सूस नौहे पढ़ेगी व जंजीर का मातम करेगी। सोमवार को अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के अध्यक्ष रजा हसनैन एडवोकेट, उपाध्यक्ष एवं मीडिया निदेशक हाजी सैयद अज़ादार हुसैन पत्रकार वार्ता में 72 ताबूत के बारे में जानकारी दी।

## अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कलारत्नम् फाउंडेशन ऑफ आर्ट सोसाइटी भारत की ओर से आयोजित इस वर्ष की तृतीय त्रैमासिक चित्रकला प्रदर्शनी व प्रतियोगिता में विश्व के प्रमुख देशों में फ्रांस,अमेरिका, श्रीलंका, जर्मनी, नेपाल, तुर्की ,स्वीडन, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, हंगरी, भारत सहित कुल विश्व के 25 देशों के 410 कलाकारों ने प्रतिभाग किया जिसमें बहुत से कलाकारों का चयन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए किया गया जिसमें सर्वोच्च पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय कलारत्नम् अवार्ड- 2023 से संस्कार भारती प्रयागराज के कला- प्रमुख तथा राज्य ललित कला अकादमी के कार्यकारिणी सदस्य रहे वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा को नवाजा गया। प्रदर्शनी की सफलता के लिए,संस्था के अध्यक्ष कुलदीप वर्मा और उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, प्रबंधक सुरेंद्र कुमार तथा सचिव सुनीता ने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है और कहा कि संस्था विश्व कलाकारों को एक सर्वोत्तम कलामंच प्रदान करती आई है अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा को सम्मानित करते हुए बताया कि इनकी चित्रकृति धरोहर इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रमुख भारतीय धरोहर के रूप में अनुपम कृति है। इसलिए इस महत्वपूर्ण कृति को पुरस्कार के लिए जूरी द्वारा चुना गया। भारत के सभी प्रमुख कलाकारों ने रवीन्द्र कुशवाहा की इस उपलब्धि पर उनको बधाई संदेश भेजें हैं।

## लायसंसी पिस्टल चोरी के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर(खुटहन)** डिहियां गायत्रीनगर गांव में पखवाड़ा पूर्व घर के पीछे से आंगन में उतर अज्ञात चोरों द्वारा आलमारी में रखी लायसेंसी पिस्टल चोरी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना को 15 दिनों से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों को गिरफ्तार कर सकी,और न ही पिस्टल की बरामदगी ही कर पायी।

गांव निवासी उमेश सिंह का आरोप है कि बीते 19 अगस्त की रात अज्ञात चोर उनके घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़ आंगन में उतर गये। कमरे में रखी लोहे की आलमारी के बगल खूंटी में टंगी चाभी निकाल चोर भीतर रखा पिस्टल, दस जिंदा कारतूस और दो मैग्जीन उठा ले गए। आरोप के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की तहकीकात में जुटी हुई है।

## एफ.एल.सी. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए

**जौनपुर।** जनपद में चल रहे ई.वी.एम. के एफ.एल.सी. कार्य का जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार की व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त पाई गई। उन्होंने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि आयोग के निर्देशानुसार एफएलसी कार्य पूर्ण कराएं। एफ.एल.सी. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एफ.एल.सी. कार्य के दौरान कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ प्रवेश नहीं करे। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट, सहायक जिला निर्वाचन बृजेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का जमावड़ा, चिलचिलाती धूप का भी नहीं असर

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगो को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर ने आज ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन किया। चिलचिलाती धूप भी शिक्षको के हौसले को नहीं रोक पाई और हजारों की संख्या में शिक्षक बीएसए कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगो को बुलंद किया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने सरकार को चेतावनी दी कि सरकार अपनी जिद छोड़कर शिक्षक मांगो को माने और तुगलकी फरमान जारी करके शिक्षको का शोषण बंद करें। देश में दो तरह की पेंशन व्यवस्था नहीं चलेगी। एक देश एक विधान सब पर

- पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांग को लेकर गरजे शिक्षक
- मांगे न माने जाने पर लखनऊ में होगा बड़ा आंदोलनः अरविंद शुक्ला

लागू होना चाहिए। धरना में पुरानी पेंशन बहाली , कैशलेश चिकित्सा, उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, 7 से 12 बजे तक विद्यालय के समय की मांग पूरी करने का मुद्दा छाया रहा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन लेने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉश गोरखनाथ पटेल ने कहा कि मेरे स्तर से जनपदस्तरीय समस्याओं का



निराकरण किया जाएगा और प्रदेश स्तरीय समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन माश मुख्यमंत्री जी की सेवा में प्रेषित कर दिया जाएगा। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने की और संचालन रामदुलार यादव ने किया। धरने को संबोधित करने वालो में मुख्यरूप से लाल साहब यादव , रवि चन्द्र यादव, राम दुलार यादव, वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, शिवेन्द्र सिंह, आलोक रघुवंशी, संजय यादव, उषा सिंह , देशबंधु यादव, अनिल दीप चौधरी, उषा चौरसिया,कुमुदनी अस्थाना,एकता गुप्ता, सुषमा सिंह, दीपक सिंह, विक्रम यादव, प्रतिभा गुप्ता ,अंजनी राय ,सुनील यादव, शैलेन्द्र पाल, प्रमोद दुबे मनोज यादव, विजय कुमार गुप्ता, विमल कुमार यादव राकेश कुमार यादव, विष्णु तिवारी सन्तोष कुमार सिंह, राजेश पाण्डेय राघवेंद्र मिश्रा लाल साहब यादव, धर्मेन्द्र यादव आलोक रघुवंशी पवन कुमार सिंह बृजेश सिंह लाल साहब यादव अरुण कुमार यादव, सन्तोष कुमार सिंह सी बी सिंह संजय यादव दुष्यन्त मिश्रा अरुण कुमार सिंह अरविंद कुमार यादव सुधीर सिंह वीरेश यादव अमित यादव सजेश सिंह राजेश सिंह पवन दीप चौधरी हासिम खान सुनील कुमार घनश्याम मौर्य अजय कुमार मौर्य संजय सिंह रणंजय सिंह संजय चौधरी चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा महिला पदाधिकारी को पुलिस ने लिया हिरासत में

**प्रयागराज।** ट्रेन में महिला सिपाही के खिलाफ हुई बर्बरता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहीं समाजवादी पार्टी की महिला इकाई की पदाधिकारी व सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सपा की महिला महानगर इकाई की सदस्य सोमवार दोपहर तीन बजे सुभाष चौराहा पर प्रदर्शन कर रही थीं। इसकी जानकारी होने पर सिविल लाइंस थाने से महिला पुलिस पहुंची। महिला पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को चौराहे से हटाने की कोशिश की। सपा महिला इकाई की सदस्य नहीं मानीं तो महिला पुलिस सभी को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने लेकर गई। शाम तक सपा की महिला सदस्यों को थाने में बैठाया गया था।

### दारागंज के प्राचीन दशहरा महोत्सव पर पात्रों का होगा भव्य स्वागत व सम्मान

**प्रयागराज।** दारागंज के प्राचीन दशहरा महोत्सव में दल का होगा भव्य स्वागत और पात्रों का होगा सम्मान। सामाजिक संस्था प्रयागराज सेवा समिति के तत्वाधान में श्री दारागंज रामलीला कमेटी में, 65 वर्ष लगातार सेवा देने वाले पंडित धर्मराज पाण्डेय की स्मृति में इस वर्ष पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे पर राम बारात, मां काली की सवारी, हनुमान दल पर चौराहे पर सदस्यों के द्वारा अनूठे ढंग से स्वागत होगा। बैठक में प्रयागराज सेवा समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष क्षेत्रीय पार्षद अनुपमा तीर्थराज पाण्डेय ने पंडित धर्मराज के स्मृति में, मां काली के पात्रों का सम्मान की बात रखी। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई। इस वर्ष 10 अक्टूबर को मुकुट पूजा से दशहरा महोत्सव का आरंभ होगा ।14 तारीख को भव्य राम बारात अयोध्यापुरी नागवासुकी मंदिर से निकलेगा, 16 तारीख से मां काली का रौद्र नृत्य होगा। और 21 तारीख को भव्य हनुमान दल निकलेगा। बैठक की अध्यक्षता, कमेटी के संरक्षक पंडित ध्रुव राज पाण्डेय के द्वारा किया गया। सभी सदस्यों का आभार ज्ञापन पंडित कैलाश चंद पाण्डेय के द्वारा किया गया। बैठक में विष्णु दयाल श्रीवास्तव, गोलू चौरसिया, दिलीप मिश्रा, पवन यादव, प्रभु राज पाण्डेय, योगिता दुबे, आकाश निषाद, मोहित गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

### जन्माष्टमी की तैयरियां जोरों पर

**जौनपुर।** जिले में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जगह जगह सजावट की जा रही है।इस साल जन्माष्टमी पर दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। शहर ही नही पूरे जनपद में जगह - जगह जन्माष्टमी पूजा की तैयारी विभिन्न मंदिरों में चल रही है। छह सितंबर को मंदिरों में ही नहीं जगह-जगह सजाएंगे जन्माष्टमी झांकी । पंडालो में धूमधाम से पूजा पाठ व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएगे। जो छठी तक लगातार जारी रहेंगे। इस बार जन्माष्टमी पर विशेष संयोग बन रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार 6 सितंबर को बुरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग के दौरान चंद्रमा वृषभ राशि और रोहिणी नक्षत्र होने पर विशेष संयोग बन रहा है। कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर मध्य रात्रि में रोहिणी नक्षत्र होने पर यह विशेष संयोग बना है। जिसके चलते सर्वार्थ सिद्धि योग बना। इन पूजा और अनुष्ठान में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जल्द ही जयकारों की गूंज गूंजती सुनाई देगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी में बस अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। हिंदू धर्म में इस त्योहार को काफी धूमधाम से मनाया जाता है और श्रीकृष्ण के बालगोपाल स्वरूप की पूजा की जाती है। में इस दिन धूमधाम से बाल गोपाल के जन्म का जश्न मनाया जाता है।

### ईदगाह की मरम्मत के कार्यों को पूरा करने के लिए ईदगाह का निरीक्षण

**आजमगढ़।** शहर जामा मस्जिद व शहर ईदगाह के प्रबंधक/सचिव हाशिर आफ्ताब खान (शैली) ने ईदगाह की मरम्मत के कार्यों को पूरा करने के लिए ईदगाह का निरीक्षण करने के बाद बैठक कर किस तरह से कराया जाएगा इस पर चर्चा की गई, इस अवसर पर प्रबंधक/सचिव हाशिर आफ्ताब खान (शैली)ने कहा कि काफी समय से ईदगाह की आधी जमीन कच्ची होने के कारण ईद एवं बकरीद की नमाज़ में नमाज़ियों को समस्या होती थी यह समस्या को दूर करने के लिए सभी की राय लेकर के यह फैसला लिया गया है की बरसात बाद ईदगाह के अधूरे कार्य को पूरा किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से नईम अंसारी,सलीम,शकील कमालुद्दीन,असीम,शाहिद परवेज,रिजवान,सन्नो, नज़मी ,फैजान,अबू जैद,आसिफ आदि लोग मौजूद रहे।

### आज मनाई जाएगी पंचानन राय की पुण्यतिथि

**आजमगढ़।** पूर्व विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री शिक्षक संघर्षो के महानायक स्वर्गीय पंचानन राय की 16वीं पुण्यतिथि हरिऔध नगर कॉलोनी में दिन में 11रू00 से आज मनाई जाएगी जिसमें गोरखपुर अयोध्या शिक्षक खंड के विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे उक्त आशय की जानकारी संगठन के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने दिया।

### घोसी उपचुनाव में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का शिवपाल यादव ने लगाया आरोप



**आजमगढ़।** घोसी उपचुनाव में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सोमवार को आईजी आजमगढ़ अखिलेश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि घोसी में सरकार का प्रेशर कम वोटिंग कराने का है। इस कवायद में थाना प्रभारी और सीओ लगे हैं। मुस्लिम मतदाताओं को वोटिंग से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सपा नेता ने चुनाव आयोग से भी शिकायत करने की बात कही। सुबह करीब 11 बजे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक आलम बदी आजमी, नफीस अहमद और निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव के साथ आईजी अखिलेश कुमार के कार्यालय पहुंचे। आईजी से बातचीत में घोसी उपचुनाव में सत्ता के दुरुपयोग की शिकायत की। इसके बाद मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि घोसी विधानसभा अंतर्गत आने वाले दो थानों घोसी और गोलागंज के प्रभारियों के साथ ही साथ सीओ विनीत सिंह व अरूण सिंह गांव-गांव व मोहल्लों में घूम कर मतदाताओं को मतदान करने को लेकर धमका रहे है। खासतौर से मुस्लिम मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। जबकि हम चाहते हैं कि घोसी में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो।

## परंपरागत ढंग से संपन्न हुआ काजगांव कजरी का मेला



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के काजगांव बाजार में स्थित पोखरे पर राजेपुर और काजगांव की ऐतिहासिक बाल आई। जिसमें हाथी घोड़े पर सवार बैठे बाराती बजे की धुन पर जमकर थिरके। लेकिन इस वर्ष भी दोनों गांव से आए दूल्हे की इच्छा पूरी नहीं हो सकी और बारात बगैर शादी के एक बार फिर वापस हो गई। राजेपुर बाजार की छोर पर स्थित विशाल पोखरे के पूर्वी छोर पर राजेपुर की तरफ से तथा पश्चिमी छोर पर गांव की तरफ से बारात इस वर्ष भी सोमवार को राजेपुर व कजगांव की ओर से आए दूल्हे हाथी घोड़े पर सज धज कर बैठ कर आए और एक दूसरे को परंपरागत अनुसार गाली गलौज शादी की मांग करते रहे। वही सूर्यास्त होते ही दोनों तरफ के

- फिर नहीं हुई शादी दूल्हे हुए एक बार पुनः लौटी बारात

दूल्हे फिर बिन दुल्हन के घर वापस लौट गए ।वहीं दूल्हे को निराशा हाथ लगी और अगले वर्ष बारात लेकर आने की बात कहते चले गए। यहां लगने वाले मेले की प्राचीनतम एवं पोखरा का कोई भी लिखित इतिहास नहीं है लेकिन यहां के नागरिक के अनुसार कजरी के दिन रात बरसात हो जाने कारण एक गांव की लड़की जो पोखरे से जराई डुबोने गई थी। वहीं दूसरे गांव की रात में रुक गई तभी से यह मेला शुरू हुआ है। इस मेले से पूर्व जगह-जगह मंडप गाड़े जाते हैं ।महिलाएं मंगल गीत गाती हैं। कजरी मेले के दिन महिलाएं बता दे उसी ढंग से बारात विदा करती हैं। जैसे बारात वास्तविक शादी में किया जाता है। वहीं मेले में दूर दराज के लोग मेला देखने आते हैं थाना अध्यक्ष किशोर कुमार चौबे फय फोर्स के साथ मेला भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## भोज समारोह में आयोजक की पिटाई के मामले में आठ पर केस

**जौनपुर (खुटहन)** पटैला गांव में रविवार की शाम जन्म दिवस पर आयोजित भोज के दौरान एक विशेष धर्म के व्यक्ति को तेजी से बाइक ले जाते समय उसे टोकना आयोजक को भारी पड़ गया। आठ की संख्या में आये मनबढ़ो ने उसे लात घूंसो से पीटकर घायल कर दिया। उसका उपचार सीएचसी पर किया गया। घायल के तहरीर पर गांव के ही आठ अल्पसंख्यक बिरादरी के लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। गांव निवासी विजय कुमार गुप्ता के भतीजे के जन्म दिवस पर भोज का आयोजन किया गया था। उनके घर पर लोगों की भीड़ जमा थी। आरोप है कि रात लगभग साढ़े आठ बजे गांव के ही सालिम तेज गति से बाइक चलाते हुए उसके घर के सामने रास्ते से निकला। जिसे रोक कर विजय ने बाइक धीमी चलाने को कह दिया। इसी से खार खाए सालिम अपनी बस्ती में पहुंच जानिब,तालिब, साकिल, सादिक,सलमान, अनीस और अरमान को लेकर फिर से उसके घर पहुंच गए।

## लम्बे संघर्ष विराम विकास कार्य की शुरुआत

**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर।** नपा चेयरपर्सन व समस्त सभासदों और ईओ के लम्बे संघर्ष के बाद मोहल्ला नेवादा दक्षिणी वार्ड नम्बर 16 में 15 वें वित्त से हुए पुराने टेंडर के ही हिसाब से सोमवार को विकास कार्य की शुरुआत आखिरकार कर दी गयी।

जिसकी शुरुआत मोहल्ला नेवादा दक्षिणी वार्ड नम्बर 16 में शाहिद अख्तर के मकान से मुहम्मद अशरफी के मकान से होते हुए हाजी मसूद के मकान तक नाली, पटिया व इंटरलाकिंग सहित कुल 75 मीटर से अधिक चार लाख अड़तालीस हज़ार की लागत से कार्य शुरू किया गया। जिसपर सोमवार को एक दर्जन से अधिक सभासद सुलेमान अंसारी के नेतृत्व में नेवादा में हो रहे कार्य स्थल पहुँचे और कार्य को रोकने का प्रयास किया जिसके चलते ठेकेदारों और सभासदो के बीच जमकर ठेकेदारों से



जमकर नोक झोक शुरू हो गयी जिसपर ठेकेदार द्वारा ईओ और चेयरपर्सन का आदेश दिखाते हुए कार्य जारी रखने पर अड़े रहे। ठेकेदारों द्वारा दिखाए गए आदेश की जानकारी के बाद मामला फिलहाल शांत हो गया और सभी सभासद मौके वापस चले गए।

इस मौके पर सभासद सुलेमान अंसारी, सभासद पति इरशाद अहमद, मोहम्मद नाज़िर, बशीर अहमद, नूरुल होदा, बेलाल हाशिम, काशिफ मसूद, तनवीर अहमद, अनवारुलहक़, शफी नवाज़, अमीरुद्दीन, अरविन्द, सुहेल आदि मौजूद रहे।

## ड्यूटी में लापरवाही पर सीएमओ का फरमान

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पीएचसी व सीएचसी पर तैनात डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश चौधरी ने सख्त फरमान जारी किया है, ड्यूटी से नदारत रहने वाले कर्मचारियों की खैर नही है। बताते है की सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी खुद भी ड्यूटी के प्रति बहुत सख्त है, अब नया फरमान जारी होने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। इस संबध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की विभाग का एक ग्रुप बना है।

## चोरी की घटना का अनावरण 74,000 रूपया बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** थाना- कोतवाली चोरी की घटना का सफल अनावरण; अन्तर्जनपदीय 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 02 अवैध तमन्चा, 2 कारतूस 315 बोर, 05 मोबाइल फोन तथा चोरी का 74000 रूपया बरामद

पूर्व की घटनादृ दिनांक 26.08.2023 को वादी मुकदमा लाल सिंह स्व जमन सिंह म0नं0 50 गली नं0 2 जय भारत इन्कलैब साहिबाबाद जिला गाजियाबाद द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि दिनांक 26.08.2023 की सुबह मऊ जाने के लिए सरकारी बस पर आकर बैठे व शौच के लिये गये तथा वापस आकर देखा तो बस से बैग गायब हो गया, बैग में कुछ पैसा, कपड़े, दवाई थी। । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 481/23 धारा 379 भादवि दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ किया गया।

गिरफ्तारी का विवरणदृ आज दिनांक 04.09.2023 को उ0नि0 राजीव कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्राकश में आये अभियुक्तो 1.इन्द्रेश पुत्र मुखलाल



निवासी गोहनापुर थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र 45 वर्ष, 2. रामप्यारे निषाद पुत्र निन्हक निषाद निवासी रामनगर महुअर थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र 60 वर्ष , 3. जुल्मी निषाद पुत्र बहाऊ निषाद निवासी असाधरपट्टी थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष को ग्राम बहद कोल बाजबहादुर से समय करिब 06.15 बजे गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 02 अवैध तमन्चा 315 बोर व कारतूस , 5 अदद मोबाइल फोन तथा चोरी का 74000 रूपया बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर 1. मु0अ0सं0 497/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़, 2. मु0अ0सं0 498/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली जनपद आजमगढ पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## शांति समिति की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अतरौलिया।** थाना परिसर में चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति बैठक । बता दे की अतरौलिया थाना परिसर में चेहल्लुम तथा जन्माष्टमी में शांति और सुरक्षा को लेकर उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार तथा नवागत थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में बैठक की गई। जिसमें हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने मौजूद लोगों से आग्रह किया कि अपने अपने त्योहार को आपसी सदभाव के साथ मनाए, यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह अवगत कारये। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर निकलने



वाली शोभायात्रा,पांडाल और मटकाफेड़ जैसे कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इसमें मौजूद लोगों को थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि शोभायात्रा या जुलूस के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। चेहल्लुम के बारे में लोगों से जानकारी लेते हुए बताया गया कि चेहल्लुम के दिन नगर पंचायत में कुल 6 ताजिएदारो द्वारा भ्रमण किया जाता है जो पुनः अपने चौक पर स्थापित हो जाता है। इस संदर्भ में नगर पंचायत में लटके हुए विद्युत तारों के बारे में शिकायत की गई। उप जिलाधिकारी ने उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहार से पहले जर्जर विद्युत तारों को सही करा दे जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो, वही जन्माष्टमी के दिन होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी ली गई तथा लोगों से शांति और सद्भाव की अपील की गई। नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि त्योहार के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, चुने तथा ब्लीचिंग का छिड़काव किया जाए। थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि चेहल्लुम तथा जन्माष्टमी के त्यौहार को सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन सुरक्षा में तैनात रहेंगे तथा लोग प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर उपनिरीक्षक रफी आलम, उमेश चंद यादव, शिवकुमार पांडे, प्रभात कुमार पाठक समेत संभ्रांत व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहींः अतुल

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली सहित शिक्षकों की 18 सूत्री मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए का सौंपकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया।

अध्यक्षता संघ के जिला उपाध्यक्ष अरविन्द तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रिय सिंह ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए माण्डलिक संगठन मंत्री अतुल कुमार सिंह ने कहाकि पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा है इसकी बहाली अति आवश्यक है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन शिक्षकों और कर्मचारियों को आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है, पुरानी पेंशन के लिए संगठन और शिक्षक अपनी पूरी ताकत झोंककर बहाली कराएंगे। पुरानी पेंशन कोई भीख नहीं है यह हमारा अधिकार है हम इसे लेकर रहेंगे।

जिलाध्यक्ष अभिमन्यु यादव ने कहाकि प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जो मांग पूरी होने तक जारी रहेगा। शिक्षकों के आत्मसम्मान के विरूद्ध और उत्पीड़न के उद्देश्य से जारी किए जा रहे सरकारी आदेशों और निर्देशों का संगठन पूरजोर विरोध करेगा। जिलामंत्री आशुतोष सिंह ने कहाकि पुरानी पेंशन बहाली हमारा अधिकार है हम इसके लेकर रहेंगे। सरकार लगातार शिक्षकों को मानसिक



- पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

रूप से प्रताड़ित कर रही है हम संगठित होकर ही अपनी मांग पूरी करा सकते है। इसके लिए हम किसी भी हद तक जाने को तैयार है। कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय ने कहाकि शिक्षकों को फिजूल के अनावश्यक कार्या में लिप्त कर हमारे आत्मसम्मान व स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो हमें कतई बर्दाश्त नहीं है। इस अवसर पर धरने में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रभान यादव, जिलामंत्री आशुतोष सिंह, जिलाकोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मधु सिंह, अरविंद तिवारी, सत्यप्रिय सिंह,संजीव सिंह, राजेंद्र यादव,हृदयनाथ सिंह, योगेंद्र यादव, मुकेश सिंह दिलीप द्विवेदी, अखिलेश चौबे, आलोक राय, लालधारी यादव, रघुवीर सिंह, विनोद यादव, सदाशिव तिवारी, नवीन पाण्डेय, अश्वनी सिंह सुवेदार यादव, बृजनाथ यादव,रमाकांत यादव, बृजेश सिंह, हवलदार यादव, सुरेंद्र कुमार, सुनील गावस्कर, संतोष सिंह, इन्द्रसेन सिंह,नीरज सिंह,राधेश्याम यादव, हरिगुन यादव, श्यामबहादुर सिंह, राकेश पाण्डेय, सभाजीत पांडे, विपिन प्रजापति, अनिल सरोज, देवनारायण यादव, घनश्याम शर्मा, सुरेंद्र यादव, आनेश सिंह, रामनवल सिंह, विनोद यादव विकास गुप्ता, अर्जुन राम, रत्नेश यादव, घनश्याम यादव, देविश यादव, शिवम सिंह, अफ्जाल अहमद, राम लखन गुप्ता, चन्द्रभान प्रजापति, पंकज सिंह आदि शिक्षक प्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

## लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म बीमाकवच लॉन्च कर ग्राहकों के अनुभव में लाया क्रांतिकारी बदलाव

**लखनऊ।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की एक सब्सिडियरी लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राहकों को ध्यान में रखने वाली बीमा सेवाओं का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है. कंपनी जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और सामान्य बीमा पॉलिसी मुहैया कराने वाले अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म बीमाकवच के लॉन्च की घोषणा करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही है. डिजिटल प्लेटफॉर्म बीमाकवच इरडा से प्रमाणित है और इसका अच्छी तरह से ऑडिट किया गया है. यह प्लेटफॉर्म बीमा के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए एक्सपर्ट ओपिनियन देते हुए अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा से सुसज्जित है. यह प्लेटफॉर्म व्यापक बीमा कवरेज खोजने वाले सौ से अधिक कॉरपोरेट्स और दस लाख से अधिक खुदरा ग्राहकों को लक्ष्य बनाकर अपने डिजिटल और खुदरा विंग के माध्यम से बिना परेशानी वाला और यूजर फ्रेंडली अनुभव प्रदान करता है. प्लेटफॉर्म की मुख्य सेवाओं में बिक्री, सलाह-मशविरा और दावों का प्रभावी निपटान शामिल है. प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को उनकी बीमा की यात्रा के हर पड़ाव पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिले. लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग एक प्रमुख डाइरेक्ट इंश्योरेंस ब्रोकर है और अभी व्यापक बीमा सेवाएं प्रदान करने के एक बहुराष्ट्रीय बीमा कंपनी के साथ साझेदारी की बातचीत में जुटा हुआ है. लॉर्ड्स मार्क इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राघव संतोष ने लॉन्च के बारे में कहा, भारत में अभी सिर्फ 6 फीसदी लोगों के पास बीमा पॉलिसी या कवरेज है. इससे पता चलता है कि 94 फीसदी का बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो बीमा से अछूता है. हमारा मुख्य उद्देश्य बीमा विकल्पों के बारे में जागरूकता पैदा करते हुए ज्ञान का प्रसार करना है. हमारी रणनीतिक पहल बीमाकवच के माध्यम से हम इस बड़े संभावित बाजार में घुस सकते हैं. हमें ऐसा प्लेटफॉर्म लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो उपयुक्त बीमा पॉलिसियों की एक श्रृंखला के साथ ग्राहकों की व्यापक जरूरतों को पूरा करेगा.'' इनोवेटिव पोर्टल बीमाकवच सरलता, सुविधा और व्यापक बीमा कवरेज का प्रतीक है।

### फोनपे स्मार्टस्पीकर्स ने अमिताभ बच्चन के साथ अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर पेश किया है

**कानपुर।** फोनपे ने आज प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन के सहयोग से अपने स्मार्टस्पीकर पर अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सुविधा भारत भर में फोनपे स्मार्टस्पीकरों को श्री बच्चन की विशिष्ट आवाज़ में ग्राहक भुगतान को पुष्टि करने की अनुमति देगी। यह उद्योग की पहली सेलिब्रिटी वॉयस सुविधा वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है, भविष्य में इसे अन्य भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है। फोनपे स्मार्ट स्पीकर एक साल पहले लॉन्च हुआ है, और तब से, 19,000 पोस्टल कोड (देश के 90त्न से अधिक को कवर करते हुए) में चार मिलियन डिवाइस का उपयोग मर्चेंट पार्टनर द्वारा किया जा रहा है। उनकी लोकप्रियता का सच्चा प्रमाण यह है कि स्मार्टस्पीकर देश भर में 100 करोड़ (1000 मिलियन) लेनदेन की पुष्टि करते हैं। श्री अमिताभ बच्चन की विशेषता वाली एक सेलिब्रिटी आवाज के शामिल होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान का अनुभव बेहतर होगा, जिससे यह पहले से कहीं अधिक इंटरैक्टिव हो जाएगा। इस अनोखी नई सुविधा के बारे में बोलते हुए, फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने कहा, ÷हमें पूरे भारत में मर्चेंट पार्टनर के लिए अपने स्मार्टस्पीकर के लिए एक अनोखी सेलिब्रिटी वॉयस सुविधा लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। श्री बच्चन की आवाज़ तुरंत और सबके लिए यह एक जाना पहचाना विश्व विख्यात व्यक्ति की आवाज है जिसे देश भर के लोग कभी भूल नहीं सकते हैं। चार में से एक भारतीय द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक लोकप्रिय भारतीय ऐप होने के नाते, हमारा मानना है कि यह सहयोग मर्चेंट और ग्राहकों के लिए फोनपे स्मार्टस्पीकर की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा।कुछ अन्य विशेषताएं जो फोनपे स्मार्टस्पीकर को बाज़ार में अलग बनाती हैं, उनमें पोर्टेबिलिटी, सबसे अच्छी बैटरी, सबसे शोर शराबे वाले वातावरण में भी शानदार ऑडियो स्पष्टता शामिल हैं।

## होंडा कार्स इंडिया ने होंडा एलिवेट लॉन्च किया शहरी एसयूवी उत्कृष्टता में एक नया अध्याय, 10,99,900 रुपये की प्रारंभिक कीमत पर शुरू

**लखनऊ.** भारत में प्रीमियम कारों की अग्रणी निर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी नवीनतम वैश्विक एसयूवी, होंडा एलिवेट के लॉन्च की घोषणा की। यह वाहन शीर्ष संस्करण के लिए 10,99,900 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) से 15,99,900 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की प्रारंभिक शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगा। एलिवेट की डिलीवरी आज से देश भर की डीलरशिप पर शुरू हो जाएगी।

एलिवेट गतिशीलता, बोल्ड स्टाइलिंग, आराम और सुरक्षा की सभी आवश्यक विशेषताओं को प्रदर्शित करता है और इस साल जून में इसकी वैश्विक शुरुआत हुई।

होंडा एलिवेट को अर्बन फ्रीस्टाइलर की भव्य अवधारणा के तहत विकसित किया गया है, जिसे सक्रिय जीवनशैली और वैश्विक मानसिकता वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। थाईलैंड में स्थित होंडा आर एंड डी एशिया पैसिफिक सेंटर द्वारा विकसित, बिल्कुल नया एलिवेट उन युवा ग्राहकों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है जो स्थिति, आराम और




सक्रिय जीवन शैली चाहते हैं। 4312 मिमी लंबाई, 1790 मिमी चौड़ाई, 1650 मिमी ऊंचाई, 2650 मिमी व्हीलबेस और एक शीर्ष श्रेणी के ग्राउंड क्लीयरेंस के आयामों के साथ एलिवेट शैली और व्यावहारिकता को सहजता से जोड़ता है। बहुप्रतीक्षित एसयूवी के भारत लॉन्च के बारे में बोलते हुए, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और सीईओ श्री ताकुया त्सुमुरा ने कहा, ÷आज एक रोमांचक अध्याय है क्योंकि हम बहुप्रतीक्षित मध्यम आकार की एसयूवी, होंडा एलिवेट को लॉन्च कर रहे हैं।÷ भारतीय बाजार में। अपनी वैश्विक शुरुआत के बाद से, एलिवेट ने ग्राहकों से असाधारण प्रशंसा और स्वीकृति प्राप्त की है। हमें उत्सुकता से इंतजार कर रहे भारतीय दर्शकों के लिए इसकी कीमत का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है।

## थम्प्स अप, आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर ने जारी किया अपना अगला कैम्पेन, थम्प्स अप उठा, इंडिया इंडिया मचा

**नई दिल्ली।** थम्प्स अप, जोकि कोका-कोला कंपनी का जाना-माना देसी बेवरेज ब्रांड है, आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ साझीदारी




के अपने अगले अध्याय की शुरूआत को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने अपना नया कैम्पेन ÷थम्प्स अप उठा, इंडिया इंडिया मचा÷ लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में, आगामी वर्ल्ड कप को लेकर हमारे खिलाड़ियों के दृढ़ विश्वास को बड़े ही गौरव के साथ पेश किया गया है। इससे फैन्स में भारत की जीत को लेकर यकीन और उत्साह बढ़ेगा।

इस दिलचस्प विज्ञापन में क्रिकेट के आइकन्स- रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कमाल के कैप्टन रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। यह विज्ञापन फिल्म टीम इंडिया पर भारत के विश्वास पर आधारित है। इस कैम्पेन की जान इसकी स्टोरीटेलिंग में बसी है, जिसे साकार करने का काम कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान कर रहे हैं। वो इस कहानी के 'वॉयस ऑफ बिलिव' हैं। यह कहानी, भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के मौजूदा इमोशन को दिखाती है- उत्साह से भरा क्रिकेट का दीवाना दिल, मानता है कि 'भारत जीतेगा'! जबकि दिमाग कहता है- क्या भारत जीत पाएगा। भावनाओं की यह खींचतान, थम्प्स अप के पसंदीदा स्प्लिट कैन में भी बखूबी नजर आती है। इसमें भावनाओं का यह संघर्ष साफ दिखता है।

आईसीसी वर्ल्ड कप, कैम्पेन के अगले अध्यास के लॉन्च के मौके पर, अर्नब रॉय, वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, कोका-कोला इंडिया एवं साउथ वेस्ट एशिया का कहना है, ÷आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के साथ थम्प्स की इस साझीदारी का मकसद, फैन्स को अपनी राय रखने का मौका देना है। किंग खान और देश के क्रिकेट आइकन्स के साथ यह साझीदारी, फैन्स की भागीदारी को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती देती है। यह टीम इंडिया द्वारा वर्ल्ड कप जीतने को लेकर हमारे अटूट सहयोग को भी दर्शाती है।

## ईएमएस लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए रु. 200 - रु. 211 का प्राइस बैंड तय किया

**लखनऊ।** ईएमएस लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि उसके आगामी आईपीओ में प्राइस बैंड प्रति शेयर रु. 200 से रु. 211 के बीच रहेगा। यह आईपीओ शुक्रवार, 8 सितंबर 2023 को खुल रहा है और कंपनी के प्रवर्तक श्री रामवीर सिंह 82,94,118 इक्विटी शेयर बिक्री हेतु प्रस्तुत कर रहे हैं, इसके जरिए कंपनी रु. 14,624 लाख की प्राप्ति करेगी। ऐंकर निवेशकों के लिए कंपनी का इश्यू गुरुवार, 7 सितंबर 2023 को खुलेगा। यह आईपीओ मंगलवार, 12 सितंबर 2023 को बंद होगा। अपर प्राइस बैंड के हिसाब से कंपनी का आईपीओ रु. 320-321 करोड़ रुपए का होगा। फ्रेश इश्यू से प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने तथा अन्य आम कार्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। खम्बाटा सिक्युरिटीज़ लिमिटेड इस इश्यू की एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड इश्यू की रजिस्ट्रार है। कंपनी रु. 211 की दर से 16,00,000 इक्विटी शेयरों का प्रि-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा कर चुकी है, जिसका कुल मूल्य रु. 33.76 करोड़ है। इस हिसाब से फ्रेश इश्यू का आकार घट कर रु.146.24 करोड़ हो गया है और प्रोमोटर श्री रामवीर सिंह 82.94 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव दे रहे हैं। कंपनी में श्री सिंह की वर्तमान हिस्सेदारी 97.81 प्रतिशत है। 21 दिसंबर 2010 को निगमित कंपनी ईएमएस सरकारी प्राधिकरणों एवं स्थानीय निकायों को सीवरेज सॉल्यूशन, वाटर सप्लाई सिस्टम और वेस्टवाटर स्कीमों में ईपीसी और ओ एंड एम मुहैया कराती है।

## फ्लिपकार्ट के द बिग बिलियन डेज की तैयारियों ने पकड़ी तेजी

**लखनऊ।** आगामी वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण की तैयारियों में जुटे फ्लिपकार्ट इस त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए देशभर में अपनी सप्लाई चेन में नियुक्तियां करने और सीमित समय के लिए लाखों रोजगारों के सृजन की दिशा में काम कर रहा है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स के हेड हेमंत बद्री ने कहा टीबीबीडी विस्तार करने भारत के लिए इनोवेट करने और पूरी व्यवस्था पर प्रभाव डालने पर केंद्रित है। यह लाखों नए ग्राहकों को ई-कॉमर्स की अच्छाई को अनुभव करने का मौका देता है। इनमें कई ग्राहक पहली बार ई-कॉमर्स से जुड़ते हैं। टीबीबीडी के दौरान सामने आने वाली जटिलता और इसके आकार को देखते हुए हमें क्षमता, स्टोरेज, प्लेसमेंट, सॉर्टिंग, पैकेजिंग, ह्यूमन रिसोर्स, ट्रेनिंग, डिलीवरी और पूरी सप्लाई चेन को विस्तार देने की जरूरत होती है और यह विस्तार हमेशा अप्रत्याशित होता है। हम देशभर में अपनी पहुंच को बढ़ा रहे हैं और ऐसे में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए कौशल विकास की पहल में निवेश करने के साथ-साथ हम लाखों नए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। इस साल 40 प्रतिशत से ज्यादा शिपमेंट अपने किराना डिलीवरी प्रोग्राम के माध्यम से डिलीवर करने की हमारी योजना



है। हम हर साल अपने सप्लाई चेन की क्षमता को बढ़ा रहे हैं और हमारा लक्ष्य केवल पार्टनर्स की समृद्धि को बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि भारत के दूरदराज के क्षेत्रों तक विविध उत्पादों की डिलीवरी को विस्तार देने में उनके योगदान को बढ़ाना भी है। विविधता और सक्रिय वर्कफोर्स ही फ्लिपकार्ट के सप्लाई चेन की विशिष्टता का आधार है। त्योहारी सीजन से पूर्व फ्लिपकार्ट फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलीवरी हब समेत अपनी संपूर्ण सप्लाई चेन में 1,00,000 से ज्यादा नए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। सीमित समय के इन रोजगारों में लोकल किराना डिलीवरी पार्टनर, महिलाओं, दिव्यांगों व अन्य के लिए अवसर होंगे, जिससे सप्लाई चेन में विविध प्रतिभाओं की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इस साल, फ्लिपकार्ट ने लास्ट-माइल डिस्ट्रीब्यूशन हब और बड़े फुलफिलमेंट सेंटर के माध्यम से अपनी सप्लाई चेन को विस्तार दिया है। इससे टियर-3 शहरों और उससे आगे दूरदराज के क्षेत्रों तक डिलीवरी सुनिश्चित होगी। इसने उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और कई अन्य राज्यों में 19 लाख वर्ग फीट से ज्यादा स्पेस जोड़ा है। ग्राहकों को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए फ्लिपकार्ट ने विशेष रूप से तैयार कौशल विकास की पहल को भी अपनाया है, जिनके तहत सप्लाई चेन से जुड़ने वाले कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाता है।

# पंचम धाम कंबोडिया धर्मयात्रा के अंतर्गत एक करोड़ अनुयायियों को अंगकोरवाट विष्णुधाम के दर्शन का संकल्प

**नई दिल्ली।** जैसा कि ज्ञातव्य है कि, वर्ष 2018 में पंचम धाम की शुरुआत हुई जो कि अब अपने छठे वर्ष में है पंचम धाम ट्रस्ट जिसे पहले 1008 नेम्स ऑफ शिवा एसोसिएशन के रूप में जाना जाता था, सनातन धर्म के मार्ग को जिवंत रखने में सक्षम हो पाया है। यह पहल आज नये आयाम छू रही है और हर वर्ष एक



नया मोड़ ले रही है। इस मुहिम की शुरुआत डॉ शैलेश हीरानंदानी द्वारा 20 वर्षों के श्रमसाध्य शोध के फलस्वरूप हुई। इसी मुहिम में आर.एस.एस के दिग्गज नेता श्री इंद्रेश कुमार जी भारत में सनातन धर्म आंदोलन में, इस अभियान में डॉ. शैलेश हीरानंदानी के अथक प्रयासों में उनका साथ निभा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत वो विष्व भर में इसके प्रचार-प्रसार में जुड़े हुए हैं। उनका यह भी मानना है कि सनातन धर्म के आचरण के माध्यम से दुनिया भर में शांति हासिल की जाए। कम्बोडिया में पंचम धाम की मुहिम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रायोगिक संस्थाओं द्वारा काफी लंबे समय से चलाया जा रहा है। इस यात्रा की सफलता के लिए, पंचम धाम के गुरुजी कुमारन स्वामी जी ने कहा, ÷हम यहाँ पे आने वाले विश्व मंदिर परिषद के सभी भाई बहनों का स्वागत करते हैं। आज पंचम धाम दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक पर्याय बन चुका है। सिम रीप कंबोडिया में एशियाई प्रवासी समारोह में भाग लेने के लिए भारी मात्रा में इकठ्ठा होते हैं, और इसे देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि यह स्थान दुनियाभर में फैले सनातनियों के लिए एक स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन बन चुका है।÷ इसी अवसर पर आर.एस.एस के कद्दावर नेता और सनातन धर्म के अगुवा इंद्रेश कुमार जी ने प्रकट किया, ÷पूज्य स्वामीजी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष में भारतीय संस्कृति परंपरा की विदेशी दर्शन स्थल विश्व के सबसे बड़े मंदिर अंगकोरवाट में करने का सौभाग्य हम सब को प्राप्त रहा है। प्राचीन अंगकोर साम्राज्य उसी स्थान पर स्थित था। कंबोडिया में भी भारत की तरह ही मंदिर बनाये गये। विगत में भारत से बौद्धिक विद्वान, वास्तुकार इत्यादि लगातार कंबोडिया जाते रहते थे और कला एवं संस्कृति का परस्पर आदान-प्रदान होता था। कंबोडियाई मंदिर वास्तुकला दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला से प्रभावित है।

### जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिये स्पोर्ट शू और स्नीकर की नई रेंज लॉन्च करके अपनी शानदार कायमाबी का जश्न मनाया

**गोरखपुर** स्पोर्ट्स और कैजुअल फुटवियर में अग्रणी कंपनी, जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने गोरखपुर में अपने डिस्ट्रीब्यूटर अग्रवाल डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ एक भव्य आयोजन में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिये अपने नवीनतम स्पोर्ट शू और स्नीकर कलेक्शन की शानदार कामयाबी की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समस्त एरिया रिटेलर और होलसेलर्स मौजूद थे। जेक्यूआर स्पोर्ट्स द्वारा पेश किये जाने वाले अत्याधुनिक नवाचारों और स्टाइल का अनुभव लेने के लिये उपस्थित लोगों में काफी उत्सुकता दिखी। जेक्यूआर स्पोर्ट्स एवं अग्रवाल डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा की गई मीटिंग में भारी संख्या में रिटेलर्स ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जेक्यूआर मीटिंग में पहुचे रिटेलर भाइयों की संख्या एवं उनके द्वारा की गई बुकिंग ने पिछले सभी सालों के रिकॉर्ड तोड़ नए कीर्तिमान को स्थापित किया है।



## एक भव्य त्यौहारी आयोजन मनमौजीगोविंदा अभियान के साथ मौज पर जन्माष्टमी उत्सव का अनुभव करें

**लखनऊ।** भारत का सबसे बड़ा लघु वीडियो ऐप मौज, अपने यूजर्स के लिए कृष्ण जन्माष्टमी की खुशी और उत्साह लाने के लिए देशव्यापी ÷मनमौजीगोविंदा ऑन मौज अभियान शुरू कर रहा




है। 2 से 7 सितंबर तक, उत्सव की भावना में डूब जाएं मौज यूजर्स के पास उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने पसंदीदा रचनाकारों को सराहना के वर्चुअल टोकन उपहार में देकर उनके प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करने का अवसर है। इस विशेष अवसर के जश्न में और यूजर्स की व्यस्तता को बढ़ाने के लिए, मौज ने चार अद्वितीय वर्चुअल उपहार पेश किए हैं, जिनमें से प्रत्येक की थीम जन्माष्टमी से जुड़ी है। कंटेंट क्रिएटर्स और दर्शक दोनों को नकद पुरस्कार जीतने का अवसर है। अभियान के बारे में बात करते हुए, मौज और शेयरचैट के वरिष्ठ निदेशक, कंटेंट स्ट्रैटेजी एवं ऑपरेशंस, शशांक शेखर ने कहा, ÷मौज पर मनमौजीगोविंदा, कृष्ण जन्माष्टमी के उल्लासपूर्ण सार को पकड़ने के लिए समर्पित है, जो इंटरैक्टिव समारोहों का आयोजन करके हमारे समुदाय के भीतर एकता का पोषण करता है और भक्ति और उत्सव की भावना से लोगों को एकजुट करता है। मौज में, हमारी प्रतिबद्धता वर्चुअल उत्सवों और समारोहों के लिए सबसे प्रमुख मंच के रूप में विकसित होने और देश भर के यूजर्स को मनोरम और गहन अनुभव प्रदान करने की है।÷कृष्ण के प्रति प्रेम की खुशी और उत्सव का आनंद लें क्योंकि आप मौज के साथ जन्माष्टमी का ऐसा अनुभव करेंगे जो पहले कभी नहीं हुआ।

### लखनऊ में द रोबोट रेस्टोरेंट- येलो हाउस के लांच से एलटीसी हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कारोबार का किया विस्तार

**लखनऊ।**लखनऊ में बहुप्रतीक्षित द रोबोट रेस्टोरेंट-येलो हाउस खुल गया है। कला के परिदृश्य में यह रेस्टोरेंट सबसे आगे खड़ा है। बेहतरीन तकनीक, परंपरा और स्वाद ऐसा कि भोजन के अनुभव को अद्भुत बना दे। इस रेस्टोरेंट की जड़े बेशक जयपुर की हैं, लेकिन इसने अपने पंख लखनऊ में भी फैला लिए हैं। द रोबोट रेस्टोरेंट ने अपना पहला आउटलेट शहर में खोला, जिसमें नॉन वेज के स्वादिष्ट व्यंजन शामिल हैं। इस रेस्टोरेंट में भारतीय स्वाद के साथ वैश्विक भोजन के मिश्रण को परोसा जाएगा। एलटीसी हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक हर्षित सुराना ने लांच पर कहा द रोबोट रेस्टोरेंट-येलो हाउस प्रतिस्पर्धी दाम तरोताजा और उच्च स्तरीय सामग्री के उपयोग, शानदार सर्विस और सख्त स्वास्थ्य प्रोटोकॉल्स का ध्यान रखते हुए अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखे हुए है। रेस्तरां लखनऊ के आतिथ्य और पर्यटन उद्योग के सार का प्रतीक है, जो संरक्षकों को एक लजीज यात्रा शुरू करने के लिए आमंत्रित करता है जो परंपरा और नवीनता से मेल खाती है। द रोबोट रेस्टोरेंट-येलो हाउस को इसलिए जाना जाता है क्योंकि इसमें मिश्रित भोजन का आविष्कार किया गया है। ला डिलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेडके निदेशक अनिकेत श्रीवास्तव ने कहा, द रोबोट रेस्टोरेंट- येलो हाउस को जो चीज अलग करती है, वो है अत्याधुनिक तकनीक व कला की कुशलता का सहज एकीकरण। रेस्टोरेंट गर्व से रोबोट रूबी और रोबोट दिवा को प्रस्तुत करता है, जो प्रत्येक डिश को ग्राहक की टेबल तक पहुंचाएगी। यह उच्च-स्तरीय तकनीकी जोड़ भोजन के अनुभव को शानदार बनाने में मददगार है।



द रोबोट रेस्टोरेंट-येलो हाउस के लखनऊ में नॉन वेज आउटलेट खुलने से ग्राहकों को शहर के स्वाद के साथ वैश्विक स्तर के जायके का लुत्फ उठाने को मिलेगा। लखनऊ के लोग विभिन्न स्वाद की चीजें एक ही जगह पर पा सकेंगे। इस रेस्टोरेंट के मेन्यू में सभी उम्र वालों के लिए शानदार चीजें उपलब्ध हैं, जो कि प्रत्येक आने वाले को शानदार डाइनिंग अनुभव प्रदान करेगी। रेस्टोरेंट के विस्तारित मेन्यू पर प्रकाश डाले तो मटन कोरमा, हांडी चिकन, दाल बुखारा, वैश्विक प्लेटर में सूशी, बोओ और डिमसम्स की वैराएटी मिलेगी। इसके अलावा ड्रिंक्स में फोक्सी, चमत्कार और कई चीजें हैं, जो दर्शाती हैं कि महक और स्वाद का लंबे समय तक ग्राहक पर प्रभाव रहेगा।

## हैम्लेज़ प्ले ने लखनऊ में अपना पहला स्टोर खोला

**लखनऊ।** हैम्लेज़. दुनिया की सबसे बेहतरीन टॉय शॉप और बच्चों के लिए भारत की प्रमुख टॉय रिटेलर ने पहली बार लखनऊ के लुलु मॉल में अपने बहुप्रतीक्षित हैम्लेज़ प्ले स्टोर की लॉन्च की है।

इस नए स्टोर के लॉन्च के बारे में बात करते हुए किंजल शाह ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट हैम्लेज़ इंडिया ने




कहा कि हम लखनऊ में हैम्लेज़ प्ले स्टोर का उद्घाटन करते हुए बहुत खुश हैं जो एक खास, विशिष्ट और समृद्ध खेल अवधारणा के साथ शहर की पहली मुलाकात है। ये नया स्टोर सभी को 15 से अधिक मनोरम आकर्षण पेश करता है, जिसमें वॉटर प्ले गेम, रॉक क्लाइंबिंग, बॉल पूल, सैंड प्ले आदि जैसे मुख्य आकर्षण शामिल हैं। मुख्य स्तंभों के रूप में पारंपरिक खेल, हमउम्र के साथ बातचीत और रचनात्मकता के साथ हैम्लेज़ प्ले में कहानी कहने और डीआईवाई के लिए एक इंटरैक्टिव क्षेत्र शामिल है। इसके साथ ही बच्चों को अपनी कल्पना को उड़ान देने और आकर्षक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने वाली कई तरह की गतिविधियां शामिल हैं। यह सिर्फ शुरुआत हैए क्योंकि हमारे पास काफी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाएं हैं जो भारत की खेल संस्कृति को और समृद्ध करेंगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए कल्पनाशील खेल की सीमाओं को फिर से परिभाषित करना जारी रखेंगी। समुदाय और माता.पिता.बच्चे के बीच जुड़ाव की सोच पर आधारित यह अपनी तरह की अलग अवधारणा है जिसे विस्तार से ध्यान देकर बनाया गया है ताकि यह बच्चों और उनके माता.पिता को समान रूप से अपने साथ जोड़ सके। ये एक सुरक्षितए स्वच्छ और संरक्षित वातावरण में सभी की खेल संबंधी खास जरूरतों को पूरा करते हुए उनको खुश करता है। लंबे समय से हैम्लेज़ उस खास इन.स्टोर जादुई अनुभव से जुड़ा हुआ है जो यह बच्चों और माता.पिता दोनों को प्रदान करता है। उसी जादुई अनुभव को आगे बढ़ाते हुए हैम्लेज़ प्ले खेल के पारंपरिक विचार में एक नई जान डालता है और बाहरी जीवन की जीवंतता और बच्चों के मन की कल्पनाओं की कभी न खत्म होने वाली मायावीता को शामिल करता है। मिस्टर एंड मिसेज हॉपर की दुनिया में आपका स्वागत है।

### धर्मेंद्र प्रधान ने मेटा के साथ एजुकेशन टू एंटरप्रेन्योरशिप के लिए 3 साल की साझेदारी शुरू की, छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी का सशक्तिकरण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास




और उद्यमशीलता मंत्रालय और मेटा के बीच 3 साल की साझेदारी एजुकेशन टू एंटरप्रेन्योरशिप शुरू की। यह साझेदारी छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी को सशक्त बनाएगी। मेटा, निस्बड, एआईसीटीई और सीबीएसई के बीच 3 लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री श्री राजीव चन्द्रशेखर भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज शुरू की गई पहल भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने और हमारी अमृत पीढी को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि एजुकेशन टू एंटरप्रेन्योरशिप साझेदारी एक गेम-चेंजर है, जो डिजिटल स्किलिंग को जमीनी स्तर तक ले जाएगी। यह हमारे टैलेंट पूल की क्षमताओं का निर्माण करेगी, छात्रों, युवाओं, कार्यबल और सूक्ष्म-उद्यमियों को भविष्य की टेक्नोलॉजीज़ के साथ सहजता से जोड़ेगी और हमारी अमृत पीढी को नए युग के समस्या समाधानकर्ताओं और उद्यमियों में बदल देगी।

उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता को टेक्नोलॉजी कन्वर्जन से जोड़ा जाना चाहिए ताकि टेक्नोलॉजी पूरे समाज के लिए समतुल्य बन जाए। उन्होंने कहा, एनईपी के सिद्धांतों से प्रेरित होकर, निस्बड, सीबीएसई और एआईसीटीई के साथ मेटा की साझेदारी हमारी आबादी को महत्वपूर्ण डिजिटल स्किल से लैस करने और सूक्ष्म उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए अनंत संभावनाओं को बढ़ावा देगी। राजीव चन्द्रशेखर ने अपने संबोधन में, इस तेजी से बदलते समय में हमारे युवाओं और कार्यबल को सफल होने और टेक्नोलॉजी और वैश्विक अर्थव्यवस्था के उभरते परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए कौशल से लैस करने के लिए तैयार करने पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला।

## जी 20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीएनजी ज्वैलर्स और वासुपती ज्वैलर्स द्वारा चोकर नेकलेस

**कानपुर।** इस वर्ष भारत के जी 20 की अध्यक्षता के अवसर पर, पीएनजी ज्वैलर्स और वासुपती ज्वैलर्स के सहयोग से एक उत्कृष्ट चोकर नेकलेस का निर्माण किया गया है। यह नेकलेस एकता, जिम्मेदारी और उस दुनिया में हम रहते हैं, उसके प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में पीएनजी ज्वैलर्स के नए शोरूम के उद्घाटन पर इस उत्कृष्ट आभूषण का अनावरण किया।इस अवसर पर बात करते हुए, %पीएनजी ज्वैलर्स% के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा कि जी 20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर बनाया गया चोकर नेकलेस एक सामंजस्यपूर्ण और निश्चित भविष्य के लिए दुनिया के देशों की संयुक्त दृष्टि का एक कलात्मक अवतार है। भारत की भूमिका प्रस्तुत करने में जी 20 शिखर सम्मेलन की अवधारणा का यही अर्थ है। यह नेकलेस वैश्विक एकता और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देता है। हमें इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए कला के इस असाधारण कलाकृति को बनाने के लिए वासुपती ज्वैलर्स के साथ सहयोग करने पर गर्व है।%वासुपती ज्वैलर्स के क्रिएटिव डायरेक्टर अवनीप कोठारी ने कहा, ÷इस आभूषण की उत्कृष्ट कलाकृति ने हमारे प्रति प्यार और प्रतिबद्धता का प्रतीक बनाया है। सूक्ष्म फीलिगी तकनीक से मूल डिजाइन का निर्माण करके, प्लिक ए जर्नल इनेमल तकनीक तक, इस नेकलेस में हर पहलू एकता और सद्भाव की भावना पर आधारित है।



# मनरेगा योजना में सरकारी धन का जमकर हो रहा बंदरबाट

अवधनामा ब्यूरो



पडरौना ब्लॉक के बड़गांव में फर्जी मस्टरोल पर कार्य करते मजदूर

**भ्रष्टाचार**

- रोजगार सेवक लगा रहें फर्जी हाजिरी जिससे सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट
- पडरौना विकास खण्ड के बड़गांव का मामला

**कुशीनगर।** मनरेगा योजना केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना जो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों को गांव में ही रोजगार की गारंटी देकर उनके जीवन स्तर में सुधार करने की योजना हैं, लेकिन यह यह योजना ज़िम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ कर रह गई हैं जिसके चलते जो वास्तविक मजदूर हैं उनको काम मिलना मुश्किल हो गया है।

रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा पोर्टल पर मस्टररोल में फर्जी हाजिर लगा फोटो अपलोड कर दिया जा रहा हैं। जिन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही वह मजदूर साइड पर नहीं रहते दुसरे लोगो को खड़ा कर फोटो खींच अपलोड कर दिया जा रहा। इस तरह मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदार रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा मजदूरों को वह दर दर भटकने पर मजबुर किया जा रहा, मामला जनपद के पडरौना विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बड़गांव का हैं जहां दो साइड पर काम चल रहा हैं जिसमें दोनों साइड पर 39 मजदूरों की हाजिरी लग रही हैं। लेकिन एक साइड पर चार मजदूरों का फोटो अपलोड हैं तो दुसरे साइड पर लोड फोटो में पांच छः मजदूर का फोटो अपलोड हैं लेकिन मौके पर पांच मजदूर काम करते मिले वह भी जिनका हाजिरी में नाम हैं वह मौके पर नहीं मिले जो मजदूर काम कर रहे दुसरे गांव के हैं। इससे साफ तौर से स्पष्ट होता है कि किस तरह मनरेगा योजना में जमीनी धरातल पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस इस तरह रोजगार सेवक द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर अधिकारियों की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और सरकारी पैसे का जमकर बंदरबांट हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक द्वारा फर्जी मनरेगा मजदूर जो कभी काम पर नहीं आते उनकी हाजिरी लगाकर उनके खाते में पैसा भेज कर पैसा निकलवा कर ले लिया जाता है वास्तविक जो मजदूर हैं वह काम की तलाश में दर-दर भटकने पर मजबूर रहते हैं और वह खाने के भी लाले पड़े रहते हैं। इस तरह मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूरों के हक पर डाका डाल जिम्मेदार मलाई खाते। इस सम्बन्ध में डीसी मनरेगा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराते है। अब देखना यह है कि इस पूरे मामले की जांच कर क्या कार्रवाई होती है या यह योजना इसी तरह भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ दम तोड़ता रहेगा।

## न्याय चला निर्धन के द्वारः देवेन्द्र सिंह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबें द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआईएक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं।

## अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले के अधिवक्ताओं ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सोमवार को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। सोमवार को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों में अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा।जिसमें कहा गया है कि 29 अगस्त को पुलिस ने बर्बरता पूर्वक अधिवक्ताओं पर हापुड़ में लाठी चार्ज किया इस घटना की घोर निंदा की गई है। हापुड़ के डीएम और एसपी के तत्काल स्थानांतरण की मांग की गई है। लाठी चार्ज में दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की गई है। तहसील अमेठी में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अगुवाई में एसडीएम को ज्ञापन दिया गया।

## सीडीओ ने पोषण रथ को दिखाई हरी झंडी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा विकास भवन से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया जो प्रत्येक तहसील व विकास खण्ड में जायेगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण रंगोली बनाने के साथ ही पोषण रैली भी निकाला गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जायेगा एवं इस वर्ष की मुख्य थीम सुपोषित भारत साक्षर भारत सशक्त भारत है तथा राष्ट्रीय पोषण माह में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य पंचायतीराज शिक्षा खाद्य एवं रसद कृषि व उद्यान आयुष नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति ग्राम्य विकास की अहम भूमिका है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित मुख्य सेविकाएं उपस्थित रही।

# नहीं थम रहा बुद्धनगरीय में जिस्मफरोसी का धंधा

अवधनामा ब्यूरो



- देह व्यापार के विरोध में महिलाओं ने किया उग्र प्रदर्शन, मुकदमा दर्ज
- पुलिस व प्रशासन की छापेमारी के बावजूद अवैध कारोबारियों में नही है खौफ

**कुशीनगर।** बुद्धनगरी में वर्षो से संचालित हो रहे देह व्यापार का अनैतिक कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। वजह यह है कि यहां देहव्यापार के धंधे मे जुडे कारोबारियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि इन्हे न तो समाज की चिंता है और न ही प्रशासन के किसी कार्रवाई का खौफ। यही वजह है कि बीते शनिवार को अनैतिक कारोबार को संचालित कर रहे विटरा गेस्ट हाउस पर महिलाओं ने हल्ला बोलकर उग्र प्रदर्शन किया।

गेस्ट हाउस मे रंगरलियां मनाने पहुंचे युवक-युवतियों को खूब लताडा और संचालक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तकरीबन एक घंटे तक चले इस आन्दोलन की भनक पुलिस को नही लगी। मीडिया ने जब मामले को उठाया तो रविवार को पुलिस ने बुद्धनगरी के तमाम होटल व गेस्ट हाउस में बेखौफ चल रहे देह व्यापार का विरोध कर रही महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली। काबिले गौर है कि कुशीनगर मे वर्षो से अवैध रुप से संचालित देह व्यापार का कारोबार बंद होने का नाम नही ले रहा है। इसके पीछे वजह यह है कि इन अवैध व अनैतिक कारोबारियों के खिलाफ सरकारी तंत्र द्वारा सार्थक कार्रवाई न होना बताया जा रहा है। नतीजतन होटल, रेस्टोरेंट व गेस्ट हाउसो से देह व्यापार को बढ़ावा देने वाले कारोबारी बे अंदाज है और इन्हें अपने इस अवैध कारोबार को लेकर तनिक भी किसी से खौफ नही है। वह अपने इस धंधे को ताल ठोकर संचालित कर रहे है। देहव्यापार के अनैतिक धंधे से आजिज़ आकार शनिवार को कसया नगर के आसपास गांव से जुडी महिलाओं ने बुद्धनगरी मे एक किराये के मकान मे संचालित विटारा गेस्ट हाउस पर पहुंचकरउग्र प्रदर्शन किया। महिलाओं ने होटल संचालक पर नाबालिग लडकियों और महिलाओं से देहव्यापार कराने का आरोप लगाते हुए इस अनैतिक कारोबार को हमेशा-हमेशा के लिए बंद करने के लिए हो-हल्ला मचाने लगी। इस दरम्यान होटल संचालक महिलाओं पर झूठा आरोप लगाने की दुहाई दे रहा था तभी गेस्ट हाउस से तीन लड़कियां बाहर निकलकर भागने लगी जिसे देख विरोध करने वाली महिलाओं ने पकड लिया और जमकर लताड़ लगायी। प्रर्दशनकारी महिलाए गेस्ट हाउस मालिक के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का आक्रोश देख ग्राहक और होटल मालिक भाग खडे हुए। तकरीबन एक घंटे तक महिलाओं का प्रर्दशन चलता लेकिन पुलिस मौके पर नही पहुची। महिलाओं की हल्लाबोल प्रर्दशन देख तथागत की धरती पर देह व्यापार का कारोबार करने वाले कारोबारियों में खलबली मंच गयी। **प्रदर्शनकारी महिलाएं बोली...** बुद्धनगरी मे जिस्मफरोशी के अनैतिक कारोबार का विरोध कर रही महिलाओं का कहना है कि इस अनैतिक कारोबार से समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। यहां रहने वाले परिवारों की बदनामी हो रही है। आने वाले समय में लोग यहां रहने वाले लोगों के घर से रिश्ते बनाने से भी कतराएंगे। उनका कहना है कि इसी रास्ते से पुरुष, महिलाएं, बच्चे आते-जाते हैं। सैकड़ों छात्राएं कुशीनगर पढ़ने आती-जाती हैं। इस तरह के कृत्य से बच्चो पर बुरा असर पडेगा।

**हिरनहापुर से गोपालगढ के बीच फैला है देह व्यापार का कारोबार :** बुद्धनगरी मे इन दिनों जिस्मफरोशी के अनैतिक कारोबार, अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट व होटलों मे बेखौफ चल रहा है।

जगजाहिर है कि कुशीनगर नेशनल हाइवे के किनारे हिरनहापुर से गोपालगढ के बीच संचालित अवैध रेस्टोरेंट और होटल देह व्यापार कारोबार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा कुशीनगर मंदिर एरिया के समीप कुछ होटलो मे भी यह अवैध धंधा बेरोक-टोक इस कदर फल फूल रहा है कि स्थानीय लोग आजिज आ गए है। मजे की बात यह है कि लगातार मीडिया द्वारा इस अनैतिक व अवैध कारोबार का मामला उठाने और पुलिस प्रशासन के छापेमारी के बाद भी यह धंधा बंद होने का नाम नही ले रहा है। यही वजह है कि इस अनैतिक कारोबार के विरोध मे शनिवार को कसया नगर के आसपास के गांवों की महिलाएं लामबंद हुई और बुद्ध मार्ग के किनारे एक मकान मे संचालित विटारा गेस्ट हाउस पर हल्ला बोल दिया।

### प्रदर्शन करने वाली महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

बुद्ध मार्ग तिराहे से सटे विटारा गेस्ट हाउस में देह व्यापार का आरोप लगाकर उग्र प्रदर्शन और हंगामा करने वाली महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज लिया। पुलिस यह कार्रवाई अनिरुद्धवा निवासी रामेश्वर उर्फ भोला कुशवाहा की तहरीर पर की है। पुलिस ने दो पुरुषों और अज्ञात महिलाओं पर तोड़फोड़, गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी में केस दर्ज किया है। जानकारों का कहना है कि प्रर्दशनकारी महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद देह व्यापार से जुडे कारोबारियों का हौसला फिर बुलंद हो गया है।

## संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित श्रीदेवी पाटन संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा नीलम तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथमा के छात्र आदर्श व विजय ने स्वागत गीत गाया। प्रथमा के छात्र आकाश ने संस्कृत गीत पूर्व मध्यमा के छात्र अनिकेत ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। संस्कृत-संभाषण संस्कृत गणना आदि कार्यक्रम के साथ सप्ताह पर्यंत संस्कृत कवि परिचय वेद पुराण की जानकारी संस्कृत विद्वानों का परिचय संस्कृत में दैनिक वस्तुओं की प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम किये गये। छात्र-छात्राओ ने सप्ताह पर्यंत संस्कृत पोस्टर प्रदर्शनी से नये नये वस्तु नाम को जाना। विद्यालय के अध्यापक मिथिलेश कुमार शास्त्री ने संस्कृत का माहात्म्य बताया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य डा नीलम तिवारी ने सभी छात्रों को संस्कृत सप्ताह की जानकारी देते हुए समापन पर आये हुए सभी विद्वानों को धन्यवाद दिया।

## बिना परमिट सागौन का 12 पेड़ काटने के मामले में ठेकेदार पर मुकदमा



अवधनामा संवाददाता

- विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत जगरनाथपुर टोला सोहनपुर का मामला

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत जगरनाथपुर टोला सोहनपुर में ठिकेदार द्वारा बिना परमिट कराए सागौन का लगभग 12 पेड़ अवैध रूप से काटने के मामले में वन विभाग की टीम ने ठिकेदार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम सभा के टोला सोहनपुर में एक ठिकेदार द्वारा बिना परमिट लिए सागौन का पेड़ कटवाया जा रहा था। इसकी जानकारी हाटा वन विभाग की टीम को हुई तो सोमवार को मौके से पहुंची टीम ने सागौन का 12 पेड़ काटे हुए पाया, जिसमें 41 बोटा लकड़ी थी। टीम ने सभी लड़कियों को सीज कर दिया गया। साथ ही संबंधित ठिकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। विभाग के इस कार्यवाई से अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाई में ज्ञानचन्द राम, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, भगवान राम वन दरोगा, मनोज कुमार, शम्भू राजभर, राजेश चौधरी, रामप्रीत वन रक्षक शामिल थे।

# सरकार गांव को खेल के मैदान से जोड़ने की योजना पर तेजी से कार्य कर रही: डॉ. धर्मेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सेवा समिति बनवारी लाल इंटर कॉलेज देवरिया के क्रीडांगन में आयोजित माध्यमिक विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सारस्वत अतिथि एवं जिला विद्यालय शिक्षक देवरिया के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय शिक्षक देवरिया ने किया। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अजय मणि त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि, सारस्वत अतिथि एवं वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया को स्मृति चिन्ह भेटकर उनके प्रति सम्मान ज्ञापित किया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि, उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार खेलों को बढ़ावा देने की नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है। कहा कि, प्रदेश सरकार का लक्ष्य है, कि विगत कुछ समय में तहसील स्तर पर मिनी स्टेडियम की स्थापना हो जाए। कहा कि यह सरकार गांव को खेल के मैदान से जोड़ने की योजना पर तेजी से कार्य कर रही। जनपदीय कुश्ती का उद्घाटन पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय पहलवान माया शंकर शुक्ल ने कुश्ती के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए भारत की खेल संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक श्री वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय व्यक्तित्व विकास के केंद्र हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति शिक्षा और खेल को साथ जोड़कर ही की जा सकती है। उन्होंने कहा, कि हमारी शिक्षा योजना के लक्ष्य में ज्ञान संपन्न और शारीरिक रूप से बलिष्ठ युवाओं का निर्माण करना समाहित है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश मिश्र, प्रवक्ता ने किया। प्रतियोगिता में विजेता बालक एवं बालिकाओं की सूची निम्नवत है- 14 वर्षीय बालक 35 किलो अनिकेत प्रथम 38 किलो गगन प्रथम 48 किलो पंकज यादव भाटपार प्रथम 44 किलो विकास यादव बरहज सेकंड 48 क हर्ष शुक्ला सदर फर्स्ट 52 किलो, शिवम यादव रुद्रपुर फर्स्ट, 57 किलो अनस अंसारी देवरिया ग्रामीण फर्स्ट, 62 किलो शिवाय शुक्ला सदर फर्स्ट, 68 किलोअजीत यादव बरहज फर्स्ट, 17 वर्षीय बालक 45 किलो प्रिंस कुमार भाटपार रानी फर्स्ट, अभिषेक यादव सेकंड, 48 किलो बंधन सैनी सदर फर्स्ट, सूरज कुमार भाटपार रानी सेकंड, श्रवण सलेमपुर थर्ड 51 किलो मुकेश यादव सलेमपुर फर्स्ट, निकेश यादव देवरिया ग्रामीण सेकंड, 55 किलो विशाल यादव सलेमपुर फर्स्ट, अखंड सिंह सदर सेकंड, 53 किलो खुशी चौहान सदर फर्स्ट, 57 किलो दीपाली यादव सदर फर्स्ट, 53 किलो सोनी चौहान सदर फर्स्ट, 62 किलो गुड़िया सदर फर्स्ट है।

## डीएम ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज पथरदेवा स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में दो निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। राजकीय डिग्री कॉलेज में अल्पसंख्यक विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के माध्यम से 5.87 करोड रुपए की लागत से 5 लेक्चर हॉल व एक कॉमन हॉल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही 6.20 करोड़ रुपये की लागत से 100 बेड की क्षमता वाले हॉस्टल एवं बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी किया जा रहा है। मौके पर निर्माण कार्य होते मिला। डीएम ने परियोजना के डीपीआर का गहन अवलोकन किया तथा स्वीकृत डिजाइन एवं निर्धारित मानक के सापेक्ष हो रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। निर्माणाधीन भवन के पिलर में कुछ स्थानों पर हनी कॉम्बिंग दिखाई दी, जिसे ग्राउटिंग कराकर ठीक कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य में प्रयोग किये जा रहे बालू की गुणवत्ता के विषय में पूछा तो बताया गया कि बालू सैंपल की लैब जांच कराई गई है। डीएम ने उक्त रिपोर्ट तलब की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण परियोजना अपने निर्धारित समय अवधि जून 2024 में प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जानी चाहिए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# गीडा में औद्योगिक विकास की रफ्तार हुई और तेज

अवधनामा संवाददाता



- 110 करोड़ रुपये के निवेश से तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री में उत्पादन शुरू

> गीडा के सेक्टर 26 में स्थित तत्वा प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड में बन रही प्लास्टिक पाइप का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन में हो रहा है।

**गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में निवेश के धरातल पर उतरने के साथ औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज होती जा रही है। भूमि आवंटन के दो साल से भी कम समय मे तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री का न केवल निर्माण पूरा हो गया है बल्कि यहां बन रही पाइप के उत्पादन और आपूर्ति का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। उम्मीद जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी माह इस पाइप फैक्ट्री का औपचारिक उद्घाटन कर सकते हैं।

तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड को गीडा की तरफ से सेक्टर 26 में भूमि का आवंटन किया गया है। इसे नवंबर 2021 में भूमि आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। भूमि आवंटन के दो साल से भी कम समय में करीब 22000 वर्गमीटर (236000 वर्गफुट) में यूनिट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। तत्वा प्लास्टिक की तरफ से अब तक यहां 110 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही यूनिट में उत्पादन भी शुरू किया जा चुका है। यूनिट शुरू होने से 200 लोग प्रत्यक्ष तथा 300 लोग परोक्ष (कुल 500) रोजगार से जुड़ चुके हैं। तत्वा प्लास्टिक के गीडा स्थित प्लांट की उत्पादन क्षमता 32000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। तत्वा प्लास्टिक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गगन गोयल के मुताबिक तत्वा प्लास्टिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने को संकल्पित है। कम्पनी की मंशा आने वाले समय में और अधिक निवेश कर यूनिट का विस्तार करने तथा यहां रोजगार से जुड़ने वालों की संख्या दोगुनी करने की है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत करें आवेदन

**अमेठी।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा की गयी है। जिसका शुभारम्भ 17 सितम्बर 2023 को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना की गाइडलाइन्स के अनुसार 18 विधाओं में क्रमशः बढ़ई किश्ती निर्माता लोहार सुनार ताला मरम्मत मूर्तिकार कुम्हार मोची शस्त्र साज औजार डलिया मछली जाल बनाने वाले पारम्परिक शिल्पियों कारीगरों को कौशल उन्नयन हेतु उन्हें 5 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ गारन्टी मुक्त रू 1 लाख का ऋण अपने कार्य को बढ़ाने के लिए बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जायेगा।सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त प्रत्येक लाभार्थी को रू 15000 का ई-बाउचर प्रदान करने के साथ-साथ एक डिजिटल आईडी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को डिजिटल प्रमाण पत्र एवं एक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा

# कुशीनगर पुलिस नहीं मनाती जन्माष्टमी का त्योहार

शकील अहमद

- जन्माष्टमी की रात ही पुलिस व बदमाशों में हुई थी मुठभेंड़, छह जवान हो गये थे शहीद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले के थानों और पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाई जाने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार 29वें वर्ष भी कुशीनगर में नहीं मनाई जाएगी। कारण यह है कि इसी तिथि की काली रात को बहुचर्चित पचरुखिया कांड पुलिस व बदमाशों के मुठभेड़ में जाबांज थानाध्यक्ष अनिल पांडेय सहित पुलिस के छह जवान शहीद हो गए थे। रोंगटे खड़ा कर देने वाली यह घटना अभी भी पुलिसकर्मियों के जेहन में जिंदा है। जश्न के दिन उस मंजर को याद कर उनका कलेजा कांप जाता है।

पडरौना को नवसृजित जनपद का दर्जा मिलने के बाद पहले साल समूचा जनपद अति उत्साह से मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में व्यस्त था। उसी दरम्यान 29 अगस्त 1994 को पडरौना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि जंगल दस्यु बेचू मास्टर व रामप्यारे कुशवाहा उर्फ सिपाही पचरूखिया के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण गुप्त के घर डकैती डाल उनकी हत्या का योजना बना रहे हैं। तत्कालीन कोतवाल योगेंद्र प्रताप ने यह जानकारी एसपी बुद्धचंद को दी। एसपी ने कोतवाल को थाने में मौजूद फोर्स के अलावा मिश्रौली डोल मेला में लगे जवानों को लेकर मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसी बीच पहुंचे एसओ तरयासुजान, अनिल पांडेय को भी एसपी ने इस अभियान में शामिल होने का आदेश दिया। बदमाशों की धर पकड़ के लिए सीओ पडरौना आरपी सिह के नेतृत्व में गठित टीम में सीओ हाटा गंगानाथ त्रिपाठी, दरोगा योगेंद्र सिह, आरक्षी मनिराम चौधरी, राम अचल चौधरी, सुरेंद्र कुशवाहा, विनोद सिह व ब्रह्मदेव पांडेय शामिल किए गए। जबकि दूसरी टीम एसओ तरयासुजान अनिल पांडेय के नेतृत्व में एसओ कुबेरस्थान राजेंद्र यादव, दरोगा अंगद राय, आरक्षी लालजी यादव, खेदन सिंह, विश्वनाथ यादव, परशुराम गुप्त, श्यामा शंकर राय, अनिल सिह व नागेंद्र पांडेय के साथ रात्रि साढे नौ बजे बांसी नदी किनारे पहुंची। वहां पता चला कि बदमाश पचरूखिया गांव में हैं, तो पुलिसकर्मियों ने नाविक भुखल को बुला डेंगी को उस पार ले चलने को कहा। भुखल ने दो बार में डेंगी से पुलिस कर्मियों को बांसी नदी के उस पार पहुंचाया, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। पहली खेप में सीओ समेत अन्य पुलिस कर्मी नदी इस पार वापस हो लिए। जबकि दूसरी टीम के डेंगी पर सवार होकर चलते ही नदी के समीप पहुंचे बदमाशों ने पुलिस टीम पर बम विस्फोट करते हुए ताबड़तोड़ फायर झोंक दिया, जिसमें नाविक भुखल व सिपाही विश्वनाथ यादव को गोली लग गई और डेंगी अनियंत्रित हो गई। इससे सवार सभी पुलिसकर्मी नदी में गिर पड़े। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ 40 राउंड फायर किया। घटना की सूचना सीओ सदर आरपी सिंह ने वायरलेस से एसपी को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची फोर्स ने डेंगी सवार पुलिसकर्मियों की खोजबीन की। जहां एसओ तरयासुजान अनिल पांडेय, एसओ कुबेरस्थान राजेंद्र यादव, तरयासुजान थाने के आरक्षी नागेंद्र पांडेय, पडरौना कोतवाली में तैनात आरक्षी खेदन सिंह, विश्वनाथ यादव व परशुराम गुप्त मृत पाए गए। घटना में नाविक भुखल भी मारा गया था। जबकि दरोगा अंगद राय, आरक्षी लालजी यादव, श्यामा शंकर राय व अनिल सिह सुरक्षित बच निकले। घटना स्थल पर पुलिस के हथियार व कारतूस बरामद तो हो गए लेकिन अनिल पांडेय की पिस्तौल अभी तक बरामद नही हो सकी है।

इस घटना में कोतवाल योगेंद्र सिंह ने कुबेरस्थान थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। घटना बाद तत्कालीन डीजीपी ने भी घटनास्थल का दौरा कर मुठभेड़ की जानकारी ली थी। घटना को लेकर एसपी पर गंभीर आरोप लगे थे। यही कारण है कि हर वर्ष काली रात मानकर कुशीनगर पुलिस जन्माष्टमी का पर्व नही मनाती है।

# सूचना विभाग की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

- प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र
- तुवन मंदिर प्रांगण में लोगों ने प्रदर्शनी देखकर विकास योजनाओं की जानकारी ली
- अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रदर्शनी देखने की जनपदवासियों से अपील



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्रम राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने संयुक्त रुप से उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु एवं सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का तुवन मंदिर प्रांगण में फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु एवं सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी जनपद की हृदयस्थली तुवन प्रांगण में लगायी गई है, ताकि यहां आने-जाने वाले लोग इसका अवलोकन कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कर उनका लाभ ले सकें। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि यह प्रदर्शनी तीन दिवसीय है, इसलिए जनपदवासी इस अवधि में प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठायें। प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार के कार्यकाल में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी आमजनमानस को दी जा रही है, साथ ही उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से सभी जनपदवासी योजनाओं की जानकारी लें तथा पात्र व्यक्तियों को भी इस हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार के द्वारा विभागवार/योजनावार कराये गए विकास कार्यों, महत्वपूर्ण निर्णयों एवं जनमानस के उत्थान हेतु लिये गए महत्वपूर्ण निर्णयों का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। प्रदर्शनी में मुख्य रुप से आमजन के स्वास्थ्य सेवाओं में सर्वाधिक मेडिकल कॉलेज, कोविड टीकाकरण, विद्यालयों का विकास, एक्सप्रेस वे, आईटी एण्ड इलैक्ट्रॉनिक्स, मेट्रो नेटवर्क, डेटा सेन्टर हब, डिफेन्स कॉरिडोर, ओडीओपी, निवेश, स्वरोजगार स्टार्टअप, पर्यटन, धर्म एवं संस्कृति, स्थानीय उत्पादों एवं शिल्पकारों को पहचान, किसान हितैशी योजनाए, शौचालय निर्माण, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर प्रदेश आदि क्षेत्रों में किये गए विकास कार्यों को दर्शाया गया है।

# नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से हटेंगे अवैध कब्जे

- एक सप्ताह में पार्किंग के लिए स्थल चिन्हित करने के आदेश

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोण्डा के नगर क्षेत्र की सड़कों को जाम और अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया है। इस अभियान के तहत एक ओर जहां, सड़कों के किनारे के अतिक्रमण को हटाने का काम किया जाएगा। वहीं, वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को अपने पर्यवेक्षण में नगर सीमा में अतिक्रमण चिन्हित कराते हुए सम्बन्धित व्यक्तियों को इसे खुद ही हटाने के लिए लिखित रूप से सूचित करने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण विद्यमान रहने पर नगर पालिका के संसाधनों से इसको हटवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य में नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा भी विभागीय संसाधनों की उपलब्धता कराते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा।

असल में, गोण्डा नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे जगह-जगह गुमटी रखे होने, कई दुकानदारों द्वारा रोड की पटरी/ नाली पर अतिक्रमण करने तथा सड़क पर मनमाने ढंग से वाहनों को खड़ा करने से जनसामान्य को आवागमन में काफी असुविधा होती है। रोड की पटरियों पर ही नहीं बल्कि राजकीय चिकित्सालयों एवं विद्यालयों की बाउन्ड्रीवाल पर भी अवैध कब्जे की स्थितियां देखी जा रही हैं। इस प्रकार के अतिक्रमण के चलते नगर क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए नगर क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान संचालित करने का फैसला लिया गया है।

डीएम ने नगर क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हित करने की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी नगर को दी गई है। उन्होंने एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पार्किंग स्थल चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नगर मजिस्ट्रेट के साथ क्षेत्राधिकारी नगर पर्याप्त पुलिस बल के साथ उपस्थित होकर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# क्षयरोग को जड़ से समाप्त करने के लिए धर्मगुरुओं के साथ लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** मुख्य चकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी पदभार ग्रहण करते ही पूरे वेग से विभाग के ढीले नट-बोल्ट कसने में लगे हुए है।अपने कार्यालय से लेकर पीएचसी /सीएचसी का औचक नीरिक्षण करना,अनुउस्थित मिलने पर वेतन रोकना,शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में गति लाना डॉ.ओम प्रकाश चौधरी की हॉवी में शामिल है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने जिले के गणमान्य व धर्मगुरुओं के साथ क्षयरोगियों की देखभाल,उन्हें गोद लेने के संबध में एक बैठक का सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी, डॉ. अब्दुल मुजफ्फर नजीब, डॉ.संजय गुप्ता, डॉ. डीएस मिश्रा, क्षयरोग परिक्षण अधिकारी सुरेश जी,संतोष यादव डीपीएम, प्रदीप तिवारी डब्ल्यूएचओ सहित समाजसेवी व धर्मगुरु मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया की भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करना है।

उन्होनें कहाकि टीबी की जांच एवं उपचार जनपद के समस्त सामुदायिक /प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर निशुल्क किया जाता है तथा प्रत्येक माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस मनाया जाता है। जिसमें एचडब्लयूसी पर कार्यरत सीएचओ द्वारा टीबी के लक्षण वाले मरीजों का नमूना प्राप्त कर जांच किया जाता है।

# प्रदेश के पहले सामुदायिक रेडियों स्टेशन ललित लोकवाणी के हुये 13 वर्ष पूर्ण

- जनपद के 120 से अधिक गांवों तक पहुंचा रहा सरकार का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** साई ज्योति संस्था द्वारा संचालित सामुदायिक रेडियो 90.4 एफ.एम.ललित लोकवाणी ने 13 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सामुदायिक बैठक का आयोजन करके केक काटकर किया गया। जिसमे कई गावों के साथियों ने प्रतिभाग किया। आलापुर के पूर्व प्रधान एवं ललित लोक वाणी समिति के संरक्षण महेन्द्र सिंह बुन्देला पप्पू राजा आलापुर ने बताया की आज रेडियो ललित लोकवाणी के 13 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हम आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहते हैं। 3 सितम्बर 2010 को आज ही के दिन प्रारम्भ हुआ रेडियो का सफर आज अपने 13 वर्ष पूर्ण कर चुका है। उन्होने कहा कि जब हमने रेडियो कि शुरुआत कि थी तो काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी के सहयोग से सफलतए मिलती गई। ललित लोक वाणी समुदायिक रेडियों प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ललित लोक वाणी के इस सफर में समुदाय का साथ मिला है, हमारे साथी अन्य सामुदायिक स्टेशनों का सहयोग, सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं का सहयोग, हमारे मीडिया साथियों का सहयोग प्राप्त हुआ है जिससे हम अपने सफर को आसानी से पूरा कर रहे है। उन्होने कहा कि अभी यह यात्रा बहुत लम्बी है। अभी हमे बहुत दूर तक जाना है। इन सब के सहयोग के लिए साई ज्योति एवं रेडियो ललित लोकवाणी की पूरी टीम कि ओर से हम आप सभी को अपना आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं की आगे भी इसी तरह हमें आप सबका सहयोग मिलता रहेगा। सामुदायिक बैठक मे उपस्थित लोगो को रेडियो स्टेशन के प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया की सामुदायिक रेडियो ललित लोक वाणी द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि के साथ साथ लोक कलाकारों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए उन्हे एक मंच प्रदान कर रहा है जिसमे करीब 300 से जादा कलाकारो ने अपने गीत प्रस्तुत कर रहे है और इसके अलावा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ को जन समुदाय तक पाहुचाने का काम भी सामुदायिक रेडियो द्वारा लगातार किया जा रहा है।

कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो ने अपने अपने बिचार रखे और ललित लोकवाणी के 13 वर्ष पूर्ण होंने की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनोज कुमार, साई ज्योति संस्था के अजय श्रीवास्तव, ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के अध्यक्ष सुरेश प्रकाश कोंते, दैनिक जनप्रिय से प्रवेश शर्मा, दैनिक जागरण से संतोष कुमार दुवे, लेखपाल दिनेश निरंजन, शिवम सेनी, साई ज्योति संस्था से रमन शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, ब्रषभान सिंह, ललित लोकवाणी के स्टेशन प्रबंधक पंकज तिवारी, सामुदायिक रिपोर्टर काशीराम, जगदीश झा, रामस्वरूप, रामकुमारी, रचना आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार जल्द लागू करे पीपीआर 2015

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** समूचे प्रदेश में आ रही फार्मासिस्टो की समस्याओं और पीपीआर 2015को लागू कराने पर जोर दिया गया अगर सरकार जल्द से जल्द पीपीआर 2015 को लागू नहीं करती है तो समूचे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ये बाते रविवार को रामनरेश त्रिपाठी सभागार में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की मंडल अयोध्या की तरफ से सुल्तानपुर मे आयोजित महा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कही। महासम्मेलन में मंडलीय टीम का गठन किया गया। जिसमे आलोक पाण्डेय को मण्डल अध्यक्ष, राजन सिंह को मण्डल महा सचिव तथा अमरजीत राम को टीचर विंग का मंडल अध्यक्ष, रोहित शर्मा को टीचर विंग मण्डल उपाध्यक्ष तथा रवीश मौर्य को टीचर विंग जिलाध्यक्ष और जैद खान को सुल्तानपुर जिला का आईटी सेल का अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर विनीत कुमार सिंह राष्ट्रीय महासचिव, ब्रजेश सिंह राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारणी, लोकेश कुमार प्रदेश प्रभारी, रजत कुमार राय प्रदेश संगठन प्रभारी, शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष, नागेन्द्र शुक्ला प्रदेश महासचिव, रविकांत पाल प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रशांत सिंह ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष,राजेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्वजीत पांडेय प्रदेश प्रवक्ता, सुधीर राय प्रदेश प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।मीटिंग का संचालन नागेंद्र शुक्ला ने किया। मीटिंग में जिलाध्यक्ष उदय भान सिंह ने आए हुए सभी फार्मासिस्ट साथियों का स्वागत किया।

# सुरक्षित और स्वस्थ्य रहे जनपदवासी हमारी और शासन की यही है मंशा: मोनिका रानी

अवधनामा संवाददाता



- शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए डीएम ने जनपदवासियों से की अपील

**बहराइच।** जनपद की व्यवहार कुशल जनमानस के दुख दर्द को गंभीरता से लेने वाली कलेक्टर मोनिका रानी ने जनपदवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए सभी नागरिकों से अपील की है कि 11 से 16 सितम्बर तथा 09 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के द्वितीय एवं तृतीय चरण में छूटे हुए 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों (टीबी, पोलियो, डायरिया, निमोनिया, काली खांसी, गलाघोंटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी, खसरा एवं रूबेला आदि) से सुरक्षा कवच प्रदान करें। जनपदवासी स्वस्थ्य और सुरक्षित रहे यही मंशा सरकार और हमारी भी है।डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में 07 से 12 अगस्त, 2023 तक संचालित हुए प्रथम टीकाकरण अभियान की भांति 11 से 16 सितम्बर 2023 तथा 09 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित होने वाले द्वितीय एवं तृतीय चरण में भी रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन जिला अस्पताल सामुदायिक /प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं टीकाकरण हेतु निर्धारित सत्र स्थल पर यह सभी टीके निःशुल्क लगाये जायेंगें। डीएम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर उनका टीकाकरण अवश्य करवायें। यह टीके पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण हेतु आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व एएनएम द्वारा आपको नियत टीकाकरण सत्र स्थल की सूचना भी उपलब्ध करायी जायेगी। डीएम ने यह भी बताया कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सभी गर्भवती महिलाओं की जांच निःशुल्क की जाती है। इसके लिए आप अपने नजदीकी आशा या आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सम्पर्क कर सकते हैं।

## मण्डलायुक्त ने प्रभावी कार्रवाई करने के दिये निर्देश

**गोण्डा।** मण्डलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवसों के दौरान बहुत से बिन्दुओं को उजागर करते हुये सभी अधिकारियों के द्वारा प्रभावु कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि एसडीएम व तहसीलदार द्वारा कई प्रकरणों पर प्रभावी कार्रवाही नहीं की जाती है जैसे धारा 24 के प्रकरणों पर अनावश्यक अतिशय विलम्ब होना, सीमॉकन हो जाने के उपरान्त सीमांकन चिन्हों का उखाड़कर फेंक देना और उस पर कोई कार्यवाही न होना, सार्वजनिक मार्गो, चकमार्गो पर अतिक्रमण तथा बार-बार शिकायत होने के बाद भी कार्यवाही न होना, आरक्षित भूमि नाली, खलिहान, तालाब, खाद गड्डा जैसे स्थलों पर अतिक्रमण होना, नामान्तरण तथा धारा 34 के निर्विवाद नामान्तरण में निर्धारित समय सीमा के बाद भी कोई कार्यवाही न किया जाना, प्रकरण निस्तारण में मात्र धारा-151 / 107 / 116 की कार्यवाही का उल्लेख होना। उन्होंने सभी डीएम को निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था अपने जनपद में सुनिश्चित करें जिससे आमजन का रोजमर्रा की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय मण्डल मुख्यालय व राजधानी की परिक्रमा न करनी पड़े।

# जिलाधिकारी ने पोषण माह अभियान का किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** बच्चों, किशोरियों व महिलाओं को सुपोषित बनाने की मुहिम शुरू हो गई है। सोमवार को गोण्डा के कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण माह की शुरूआत करते हुए डीएम ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पोषण रथ एक महीने तक जिले के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर महिलाओं और बच्चों को पोषण को लेकर जागरूक करने का काम करेगा। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को शपथ दिलाकर राष्ट्रीय पोषण अभियान को गति प्रदान की। यह राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर इस अभियान को सफल बनायें। आमजन के बीच में सुपोषण के बारे व्यापक में जागरूकता फैलाएं जिससे कि भारत सुपोषित हो सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, एसडीएम सदर वीके सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पोषण माह के शुभारंभ के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानव शरीर के लिये जरूरी कई पोषक तत्वों के बारें में बताया। उनके द्वारा आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन 12 आदि के द्वारा होने वाले लाभ व उनके स्त्रोत के बारे में बताया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली निकालकर लोगों को पोषण अभियान के बारे में जागरूक किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 2018 से प्रारम्भ होकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित किया जाएगा। अभी तक पाँच पोषण माह सफलता पूर्वक आयोजित किए जा चुके है।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 सितम्बर को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# जिलाधिकारी द्वारा किया गया मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** गोण्डा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का एलबीएस डिग्री कॉलेज में शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गरीब एवं मेधावी छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारियों के लिए निश्शुल्क कोचिंग की व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने छात्रों का स्वागत करते हुए बताया कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना छात्रों के सपनों को पूरा करने लिये महत्वपूर्ण योजना है। जो गरीब एवं मेधावी छात्र जनपद से बाहर कोचिंग की सुविधा नहीं ले सकते, उन्हें अपने जनपद में ही परीक्षाओं की तैयारी के लिए निश्शुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था मिलेगी। निश्शुल्क कक्षाओं का संचालन विषय विशेषज्ञों द्वारा होगा। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी भी अपना मार्गदर्शन देंगे। छात्रों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें, इससे आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि निश्शुल्क कोचिंग व्यवस्था आपको लक्ष्य प्राप्ति में सही दिशा दिखाएंगी, किंतु मेहनत आपको ही करना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि विषयों का गहराई से अध्ययन करें एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए पर्याप्त समय दें, जिससे आपको मन मुताबिक परिणाम मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जो लोग कड़ी मेहनत करते हुए अपने समय का सदुपयोग करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बदले हुए पैटर्न के हिसाब से पढ़ाई करें। साथ ही पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों का बार-बार अध्ययन करें। कोचिंग व्यवस्था परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के हिसाब से आपका मार्गदर्शन अवश्य करेगी।

## गोपाल दास पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी

**सुल्तानपुर।** पूरे शहर को जाम के झाम में झोककर जिला प्रशासन जैसे चैन की वंशी बजा रहा है। लापरवाही का नतीजा यह है अभी तक केवल मिट्टी ही निकाली जा रही है। दिन में काम होता है, रात में काम नहीं हो रहा है। दूसरी तरफ नगरवासी जाम की समस्या से इस तरह परेशान है, जिसकी कोई सीमा नहीं।जिले की सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री मां मेनका संजय गांधी की ओर जनपद वासी आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं,और मांग की है कि वे संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द उक्त कार्य पूर्ण करवाने के लिए कड़ाई से निर्देशित करेंगी।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुनीता देवी पत्नी गिरधारी निवासी- डांडा, परगना- गोडवा, तहसील- सण्डीला, जनपद- हरदोई। पहले मेरा नाम सुनीता देवी था अब मैंने अपना नाम गिरजा देवी कर लिया है। अभिलेखों में मेरा नाम गिरजा देवी है। अतः मुझे दोनो नामों सुनीता देवी व गिरजा देवी से जाना व पहचाना जाता है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं आलिया बानो पत्नी स्व. मोहम्मद इस्लाम निवासी आंबेडकरनगर, भारतगंज, मांडा, प्रयागराज अपने पुत्र मोहम्मद शाहिद और उसकी पत्नी सन्नो को लगातार ख़राब व्योहार की वजह से अपनी चल अचल सम्पाति से बेदखल करती हूँ।

अब से मो. शाहिद और उसकी पत्नी सन्नो का मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं होगा और उसके लें दें या किसी कृत्य की जिम्मेदारी नहीं होगी।

**आलिया बानो पत्नी स्व. मो. इस्लाम**
**आंबेडकर नगर, भारतगंज,**
**मांडा, प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रीवन विकास खण्ड मौदहा - हमीरपुर।

पत्रांक : मेमो/निविदा प्रकाशन/मनरेगा/ 2023-24 दिनांक : 04/09/2023

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत रीवन में मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/ जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 05/09/2023 से 12/09/2023 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 13/09/2023 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू. में) जी.एस.टी. सहित | सामग्री अंश (रू. में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सी0सी0/नाली निर्माण कार्य बिहारी प्रजापति के दरवाजे से बरदानी के दरवाजे तक | 384196.00 | 357356.00 | | 250+18 (G.S.T.) | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्तें :-**

1. निविदा प्रपत्र/कुटेषन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत रीवन वि0ख0 मौदहा - हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016-176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।
6. प्रथक-प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी /अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग- 3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नहीं होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

**शिवकान्ती**
**ग्राम प्रधान**

**अरविन्द कुमार सोनी**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बल्दीराय के सभागार में भारतीय जनता पार्टी मंडल बल्दीराय की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम सभा से कलश में मिट्टी एकत्रित करना, स्मृति वाटिका का निर्माण कर 75 पौधा रोपित करना, स्वतंत्रता सेनानी के नाम शिलापट लगाना एवं शहीद फौजी परिवारों के घर तक पहुंचकर उनका सम्मान करना और देश के स्वाभिमान से जुड़े लोंगों का सम्मान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक में बूथवार अपने अपने ग्राम सभा की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को दी गई। बैठक में मंडल प्रभारी राम नारायण उपाध्याय, जिला आई टी संयोजक संजय उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि व संचालन मंडल महामंत्री नरेंद्र अग्रहरि ने किया। बैठक में मुख्यरूप से मंडल महामंत्री दिलीप सिंह, अमर बहादुर विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष गुरुदीन यादव, सुनील सिंह, आचार्य सूर्यभान पांडेय, राजधर शुक्ला, रोहित अग्रहरि, घनश्याम तिवारी, विशाल जायसवाल, बलराम मिश्र, सतेंद्र तिवारी, आशुतोष वर्मा, सुषमा द्विवेदी, कंचन, शिवम सिंह, यस प्रताप सिंह, बृजेश अग्रहरि, श्रीराम मौर्या, माखनलाल जायसवाल, राजेश शुक्ला, मधुसूदन दूबे, श्यामप्रीत सहित सेक्टर संयोजक व समस्त मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को बताया राजनैतिक

## किसी भी मंदिर का उद्घाटन सनातन धर्म की आस्था और विश्वास से जुड़ा रहता है: तिवारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को राजनैतिक स्वरूप देने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि किसी भी मंदिर का उद्घाटन सनातन धर्म की आस्था और विश्वास से जुड़ा रहता है। अयोध्या में राम मंदिर से हिन्दू समुदाय की आस्था जुड़ी है। इसलिए वहां भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन सनातन धर्म की परम्परा के अनुसार वैदिक रीति-रिवाज से शुद्ध वातावरण में किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वैदिक परम्पराओं के अनुसार मंदिर उद्घाटन के कार्यक्रम का पूरा दारोमदार पूजा करने वाले पुजारियों, पण्डितों और ब्राह्मणों पर छोड़ा जाना चाहिए। वैदिक परम्परा के तहत होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम में कोई भी शामिल हो यह विषय नहीं है। श्रीराम मंदिर का उद्घाटन किसी राजनैतिक दल के नेता से कराने पर सामाजिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा



कि अगर मंदिर उद्घाटन के कार्यक्रम को राजनैतिक स्वरूप दिया जाता है तो इसका उद्घाटन देश की राष्ट्रपति से कराया जाना चाहिए। सोमनाथ के भव्य मंदिर का उद्घाटन वर्ष 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से कराया गया था। उन्होंने भाजपा के प्रधानमंत्री को श्रीराम मंदिर उद्घाटन के आमंत्रण पर कहा कि भाजपा शुरू से ही धर्म का राजनैतिक लाभ लेने के लिए दुरुपयोग करती आ रही है। केन्द्र सरकार के वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर गठित कमेटी से लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी के अलग होने के निर्णय को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि इस कमेटी का जो स्वरूप सामने आया है वह लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने वाला है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि दरअसल वन नेशन-वन इलेक् शन की सोच चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की तरह वन पार्टी, वन लीडर और वन नेशन की देश पर तानाशाही थोपने का एक और घातक प्रयास है।

## जी.20 सम्मेलन: पार्सल पर 8 से 10 सितम्बर तक प्रतिबंध

**लखनऊ।** जी.20 सम्मेलन के दौरान सुरक्षा इंतजामों के मद्देनजर दिल्ली क्षेत्र अर्थात नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला में सभी प्रकार की पार्सल आवाजाही पर 8 से 10 सितम्बर तक प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान पार्सल, गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेजों से पूरी तरह मुक्त रहेंगे। उक्त सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर, एजीसी, वीपीएस और पीसीईटी सहित सभी इनवार्ड और आउटवार्ड दोनों तरह का पार्सल यातायात प्रतिबंधित रहेगा। निजी सामान को यात्री कोच में ले जाने की अनुमति होगी जबकि पंजीकृत समाचार पत्र और पत्रिकाओं को सभी वाणिज्यिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ले जाने की अनुमति होगी। यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली, यात्रा समाप्त करने वाली रेलगाडियों पर लागू होगा और उन रेलगाडियों पर भी लागू होगा जो अन्य मण्डलों व जोनों से यात्रा प्रारंभ कर रही हैं और दिल्ली क्षेत्र में सामान की लोडिंग व अनलोडिंग के लिए ठहरती हैं।

# मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान हस्ताक्षर अभियान जारी

अवधनामा ब्यूरो

**भाजपा सरकार के संविधान बदलने की कोशिशों के खिलाफ जनजागरुकता फैलाने पर किया विमर्श**

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान अभियान के चौथे दिन प्रदेश की कचहरियों में पर्चा वितरण और हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित हुआ। 1 से 6 सितम्बर तक आयोजित होने वाले अभियान में 5 लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य अल्पसंख्यक कांग्रेस ने रखा है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि अभियान के पहले दिन मस्जिदों के बाहर, दूसरे दिन स्कूल और कॉलेजों के बाहर और तीसरे दिन दलित बहुल बस्तियों और कांशीराम कॉलोनियों में पर्चा विरण और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।



श्री आलम ने कहा कि अभियान के चौथे दिन सोमवार को प्रदेश की कचहरियों में अधिवक्ता समाज के बीच भाजपा सरकार के संविधान बदलने की कोशिशों के खिलाफ व्यापक जनजागरुकता फैलाने पर विचार-विमर्श किया गया। अधिवक्ता समुदाय में संविधान बदलने की कोशिशों के खिलाफ काफी आक्रोश दिखा। अधिवक्ताओं ने संविधान बचाने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस के अभियान को पूरा समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय के अधिवक्ताओं में योगी सरकार के दलितों की जमीन गैर दलितों के खरीदने पर कांग्रेस सरकार के लगाए प्रतिबंध वाले कानून को शहरों के विकास में बाधा बता कर खत्म करने के खिलाफ काफी आक्रोश दिखा।

# ट्रैक मैंन कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** AIRF के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा से ट्रैक मैंन कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर ऐशबाग कर्मचारियों ने वार्तालाप की और ज्ञापन सौंपा जिसमे महामंत्री ने कर्मचारियों की मांगो को लेकर सकारात्मक रुख दिखाते हुए, आशावसन दिया की हमारी यूनियन ट्रैकमैंन हित की लड़ाई के लिए गंभीर है जल्द ही अच्छी खबर मिलेगी।

ट्रैकमैंन कर्मचारियों ने ज्ञापन मे रेलवे कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन लागू करवाने जो आज सभी केंद्रीय कर्मचारियों का मुद्दा है उसे लागू करवाने, रिस्क अलाउन्स को

**महामंत्री ने कहा हमारी यूनियन ट्रैकमैंन हित की लड़ाई के लिए गंभीर**

2700 रूपये से बढ़ा कर बेसिक पे का 30 फीसदी ट्रैक मैंन, और आर्टिजन स्टॉफ दोनों विभागों को देने की मांग की, वर्दी भत्ता को 5000 रूपये से बढ़ा कर 10,000 रूपये करने की बात कही क्युकी भारी काम और तपती गर्मी मे काम करने के कारण पसीने और ग्रीस तेल कपड़ो मे लग जाने से वर्दी जल्दी खराब हो जाती है, सेफ्टी जूते साल मे दो बार मिलने चाहिए। ट्रैकमैंन कर्मचारियों लंच करने या लंच के समय विश्राम



करने की कोई व्यस्था नहीं है उनके लिए हर 4 किलोमीटर पर गैंग हट बनाया जाये, ,कर्मचारियों के रन ओवर होने की घटनाओ मे वृद्धि होती जा रही है इससे बचाओ के लिए पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारियों को रक्षक यंत्र बाटने का कार्य जल्द से जल्द किया जाये, जिसे कर्मचारीयों के रनओवर की घटनाओ को रोका जा सके। ट्रैकमैंन आर्टिजन स्टॉफ को ओवर टाइम ड्यूटी के बदले ओवर टाइम भत्ता दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर, मोहम्मद नसीम, मिडिया प्रभारी एन ई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ ने बताया महामंत्री शिव गोपाल मिश्र और कर्मचारीयों के बीच वार्ता सफल रही। हमारी सभी मांगो को कर महामंत्री रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर मंडल मंत्री आर एन,गर्ग, नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के सहायक महामंत्री आर के पांडे,अरविन्द वर्मा, त्रयमबक मौर्या, अनिल कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह, सर्वेश कुमार, अन्य उपस्थित रहे।

# अजय राय ने दुष्कर्म की शिकार महिला पुलिसकर्मी का जाना हाल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को ट्रामा सेंटर पहुंच कर ट्रेन में बर्बर दुष्कर्म की शिकार महिला पुलिसकर्मी का स्वास्थ्य जाना। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को लखनऊ पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि अयोध्या जा रही ट्रेन में बर्बर दुष्कर्म का शिकार महिला पुलिसकर्मी ट्रामा सेंटर में भर्ती है। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़िता के स्वास्थ्य का हाल-जान लेने के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, जहां पुलिस ने कार्यालय के बाहर घेराबंदी कर उन्हें जाने से रोकने का भरसक प्रयास किया। बावजूद इसके श्री राय अड़े रहे तो सिर्फ 5 सदस्यों के साथ निजी सुरक्षा की शर्त पर केजीएमयू ट्रामा सेंटर जाने की अनुमति प्रदान की। पार्टी प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि ट्रामा सेंटर पहुंचने पर पहले से मौजूद भारी संख्या में पुलिस बल ने इंफेक्शन का हवाला देते हुए पीड़िता से मिलने नहीं दिया। अजय राय ने पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी मौके पर तैनात चिकित्सकों की टीम और सीएमएस से मिल कर जाना और पीड़िता के बेहतर इलाज का अनुरोध किया। श्री राय ने कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और जरूरत पडने पर सडक से सदन तक पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगा।

# पांच दिवसीय मजलिसों का सिलसिला जारी

**कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की कुर्बानी ने इस्लाम व इंसानियत को बचाया: मौलाना मिर्जा शफीक**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वक्फ कर्बला अजमतउद्दौला बहादुर मेंहदीगंज में पांच दिवसीय मजलिसों का सिलसिला जारी है। सोमवार को मौलाना मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की कुर्बानी ने इस्लाम व इंसानियत को बचाया है। 6 सितम्बर की मजलिस के बाद आग पर मातम होगा और शाबिहो की जियारत कराई जाएगी। इसके बाद मातमी अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन कर्बला कमेटी ने किया है। इमामबाड़ा इकराम उल्लाह खा नखास में मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। इमामबाड़ा हुसैन अली काजमी गोलागंज में मौलाना अरशद हुसैन मूसवी ने मजलिस को खिताब किया।



**शहीदाने कर्बला की याद में मजलिस आज**

**लखनऊ।** इमामबाड़ा सैयद दबीर आगा छावनी हसनुद्दीन खां नूरबाड़ी में मंगलवार को रात 8 बजे मौलाना कल्बे जव्वाद मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमने नौहाख्वानी व मातम करेंगी।

## रसूलपुर सादात हाउस जाफरिया कालोनी में सालाना



**लखनऊ।** मुफ्तीगंज के रसूलपुर सादात हाउस जाफरिया कालोनी में कर्बला के शहीदों की याद में सालाना मजलिस का आयोजन किया गया।मजलिस को मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने खिताब किया। रात नौ बजे तिलावते कुरआन ए पाक से शुरू हुए इस आयोजन में मजलिस से पहले मुकामी शायरों ने अहलेबेतअ.की शान में अशआर पेश किए।मौलाना ने मजलिस में हज़रत अली अलैहिस्सलाम के जीवन पर प्रकाश डाला।मौलाना ने कर्बला से शाम का सफर का मंज़र और शाम के दरबार में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की चार साला बेटी का बाप से मोहब्बत का लिया जाने वाला इम्तेहान व सकीना पर हुए मसायब और कैद ए शाम में सकीना की शहादत का मार्मिक रूप से वर्णन किया जिसे सुन कर अजादार बिलख पड़े।

### कर्बला के शहीदों का चेहलुम 7 को, तैयारियां जोरों पर

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों का चेहलुम 7 सितम्बर को मनाया जायेगा। इस मौके पर शहर के विभिन्न इलाकों में मजलिस, जुलूस व नज़्रों का आयोजन होगा। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस सिलसिले में इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट में जोहर की नमाज के बाद मजलिस होगी। इसके बाद शहर की करीब दो सौ अंजुमनें अपने अलम उठायेगी। अंजुमने नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हुई अकबरी गेट, नक्खास, टूरियागंज, हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला ताल कटोरा अपने अलम ले जायेगी। अंजुमन के लोगों ने अलम सजाने के लिए कपड़े के आकर्षक व विभिन्न डिजाइनों के पटके, छड़ और अलम की खरीदारी शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त अलम को सजाने के लिए फूलों के तरह-तरह के पटकों के आर्डर दे रहे हैं। कुछ अंजुमनें ड्राई फरूट के पटके भी बनवा रही हैं।

# कौशल विकास पर भाषा वि.वि. में शुरू हुई पांच दिवसीय वर्कशॉप

अवधनामा ब्यूरो

**लगभग 250 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया**

**लखनऊ।** आज भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन तथा शक्ति अवध प्रान्त के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिवसीय कौशल विकास की वर्कशॉप शुरू हुई। जिसका विषय क्वालिटी एनहांसमेंट वर्कशॉप ऑन स्किल डेवलपमेंट है।

इसके समन्वयक डॉ ममता शुक्ला और निधि सोनकर हैं। अतिथि का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी ने किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अपटू स्किल कंपनी के साथ हुए एम ओ यू के तहत निःशुल्क आयोजित किया जा रहा। इसमे लगभग 250 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया। इसी कार्यक्रम के अंतिम दिन एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन भी होना है। कंपनी की तरफ से ट्रेनर के रूप में साजिद खान जी ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल के कई गुर सिखाए। साजिद खान जी इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्षो से काम कर रहे हैं और लगभग 3000 विद्यार्थियों को अब तक ट्रेनिंग दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कैसे अपने आपको स्टेज पर प्रस्तुत करना है। उन्होंने सामने ही ग्रुप डिस्कशन भी करवाया। आगे के दिनों में भी वे विभिन्न आयामो पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर शान ए फातिमा, डॉ आर के त्रिपाठी, डॉ मानवेन्द्र सिंह, अप्रतिम चैटर्जी, विवेक बाजपेई इत्यादि

## भाषा विश्वविद्यालय ने चलाया जनजागरण अभियान

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देनें के लिए भाषा विश्वविद्यालय ने समीप के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य से सम्बंधित जनजागरण का अभियान चलाया है, इसी श्रंखला में, कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में भाषा विश्वविद्यालय की एन. एस .एस यूनिट-1 एवं शक्ति अवध प्रान्त संस्था के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इसमे रायबरेली से आये डॉ अमर शुक्ल ने लगभग 60 ग्रामवासियों का परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। शिविर का आयोजन एन. एस .एस यूनिट-1की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ ममता शुक्ला ने अपने एन. एस .एस के स्वयंसेवकों के साथ किया। इसमे लगभग 15 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। इस स्वास्थ्य सम्बंधित जनजागरण कैंप में एन. एस .एस यूनिट-1 स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारियाँ उपलब्ध कराई।



# यूपीएमआरसी मनायेगा सेफ ट्रैवल फॉर चिल्ड्रन सप्ताह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपीएमआरसी के 5 सितम्बर को परिचालन सेवा के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सेफ ट्रैवल फॉर चिल्ड्रन सप्ताह मनाया जायेगा। सेफ ट्रैवल फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम में यूपीएमआरसी की तरफ से बाल यात्रियों को लेकर जागरूकता की एक अनूठी पहल है। इस सप्ताह में यूपीएमअरसी बतायेगा कि कैसे मेट्रो हर बच्चे के लिए यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। यूपीएमअरसी हर वर्ष 5 सितम्बर को मेट्रो दिवस मनाता है। लखनऊ मेट्रो परिचालन सेवा के 6 वर्ष पूर्ण होने पर छठा मेट्रो दिवस मनाया जायेगा। लखनऊ मेट्रो इन 6 वर्षों में 7.5 करोड़ यात्रियों को सफलतापूर्वक यात्रा करवा चुकी है। इस अवसर पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डॉ. कैलाश सत्यार्थी हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उपस्थित रहेंगे और मेहमानों के साथ बच्चों की बेहतरी और उत्थान के लिए अथक प्रयास करने के अपने अनुभवों को साझा करेंगे। डॉ.कैलाश सत्यार्थी ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में आयोजित होने वाले मेट्रो दिवस समारोह में सम्मानित अतिथि के तौर पर भी उपस्थिति रहेंगे। यूपीएमआरसी के सहयोग से रेडियो मिर्ची हजरतगंज मेट्रो स्टेशनों पर सभी यात्रियों के लिए इस दिन को यादगार बनायेगा। जिसमें सभी मेट्रो यात्रियों के लिए मनोरंजक गतिविधियां, प्रश्नोत्तरी और खेल आयोजित किये जायेंगे और विजेताओं को पुरस्कार और डिस्काउंट कूपन संग बहुत से अन्य उपहार मिलेंगे। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने इस अवसर पर कहा कि स साल लखनऊ मेट्रो का वार्षिकोत्सव बाल यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा की थीम पर आधारित होगा।



# 41 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 अगस्त को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 41 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सोमवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इन कर्मचारियों को कुल 150178206 रुपये का भुगतान किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल ने स्वयं इस समारोह में उपस्थित रहते हुए प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया एवं सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय और अपर मंडल रेल प्रबंधक शिवेंद्र शुक्ला सहित कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण की तिथि में संशोधन



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैंट लखनऊ मण्डल कुसुम्ही वाराणसी मण्डल रेल खंड पर तृतीय लाइन का नॉन इंटरलॉकिंग कार्य एवं मुख्य संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण की तिथि में संशोधन किया गया है। अब नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 6 से 11 सितम्बर तक किया जाएगा तथा 11 सितम्बर को मुख्य संरक्षा आयुक्त नई लाइन का निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल करेंगे। जिसके बाद से गोरखपुर कैंट.कुसुम्ही रेल खंड में तृतीय लाइन पर ट्रेनों का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा।

# पोषण हमारे दैनिक जीवन का सबसे अहम हिस्सा

## हर साल सितंबर के पहले सप्ताह 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है

प्रभात कुमार सिन्हा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2023 पोषण के महत्व के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में हर साल सितंबर के पहले सप्ताह 1 सितंबर से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। आज भी लोगों में पोषण और सेहत की जानकारी का अभाव है जिस कारण हमारा देश कई बीमारियों से ग्रस्त है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के माध्यम से देश भर के लोगों को स्वस्थ जीवन शैली जीने, स्वस्थ खाने की आदतें और बीमारियों से बचने के लिए उचित पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। ग्रेटर नोएडा से क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. दीपाली श्रीवास्तव ने यह बातें कही।

अमेरिकन डाटाटिक्स एसोसिएशन जिसे अभी न्यूट्रिशन और डाइट अकादमी के नाम से जानते हैं ने 1975 में इसकी नींव रखी थी इसे



मनाने का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक खाने और स्वस्थ रहने के लिए जागरूक करना था। लोगों ने इसे बहुत पसंद किया और 1980 में इस पूरे 1 माह के लिए मनाया गया। भारत में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पहली बार 1982 में मनाया गया। इसी समय से भारत सरकार ने सितंबर महीने के पहले सप्ताह को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के रूप में मनाने और लोगों को एक लंबा तथा स्वस्थ जीवन जीने हेतु प्रेरित करने के लिए एक अभियान शुरू किया था। कहा जाता है कि 'एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है'। पोषण हमारे दैनिक जीवन का सबसे अहम हिस्सा

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह**

- **आज भी लोगों में पोषण और सेहत की जानकारी का अभाव है: डॉ. दीपाली**
- **एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है**

होता है। पोषणयुक्त आहार प्राप्त करना न केवल वर्तमान पीढ़ी का अधिकार है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के अस्तित्व, स्वास्थ्य और विकास का भी मुद्दा है। पोषणयुक्त आहार न मिल पाने के कारण न केवल कम उम्र के बच्चों में मधुमेह एवं हृदय रोग जैसी बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं बल्कि उनमें रोगों से प्रतिरक्षा करने की क्षमता का भी ह्रास होता है। परिणामतः कुपोषित बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है, जिसका प्रभाव इनके साथ-साथ देश के भविष्य पर भी पड़ता है। परिणामतः कुपोषित बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है, जिसका प्रभाव इनके साथ-साथ देश के भविष्य पर भी पड़ता है। लोगों को इस बारे में शिक्षित करने के लिए, भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय एक सप्ताह तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन करता है। यह मानव शरीर में उचित पोषण के महत्व और कार्य पर ज़ोर देता है। उचित कामकाज और विकास के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार महत्वपूर्ण है। भारत सरकार ने पोषण, सभ्य भोजन, स्वस्थ शरीर, मन और जीवन शैली पर केंद्रित पहल शुरू की है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के माध्यम से भारत सरकार का उद्देश्य संयुक्त आहार की जानकारी प्रदान करवा कर नागरिकों को मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और कई बीमारियों से बचाया जा सकता है।

### राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का महत्व

भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अन्न और पोषण मंडल द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में बिना भेदभाव के संतुलित आहार के महत्व के लिए जागरूकता पैदा करना है जिससे उन्हें सभी पोषक तत्व प्राप्त हो। संतुलित आहार की बात करे तो संतुलित आहार वह भोजन होता है इसमें सभी पौष्टिक तत्व किसी व्यक्ति की शारीरिक मांग, उसकी आयु, उसका वजन और उसके काम एवं अवस्था के अनुसार उचित मात्रा एवं अनुपात में मौजूद हो। संतुलित आहार शरीर और दिमाग को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण विटामिन, खनिज पदार्थ और पोषक तत्व प्रदान करता है।